सूर्योदय 7:08 सूर्यास्त 5:19

आज का तापमान

शिमला	8 न्यू	18 अधि
धर्मशाला	12 न्यू	22 अधि

बाजार

सेंसेक्स	85,103
निफ्टी	25,961
सोना 1,28,257	चांदी 1,79,088

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 9 दिसंबर 2025 | 24 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 342, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

जापान में 7.6 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

एजेंसी, टोक्यो। जापान में आओमोरी प्रांत के पास 7.6 तीव्रता का भूकंप आया है। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने आओमोरी, इवाते और होक्काइडो प्रांतों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है। यहां 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। भूकंप का केंद्र जापान के तट से 70 किमी दूर समुद्र में 50 किमी की गहराई में था। फिलहाल किसी के तरह के जान-माल के नुकसान की जानकारी नहीं है। जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में से एक है। यह चार बड़े टेक्टोनिक प्लेटों पर बसा है और प्रशांत महासागर के 'रिंग ऑफ फायर' का हिस्सा है। हर साल यहां करीब 1500 भूकंप आते हैं, जिनमें से ज्यादातर हल्के होते हैं।जापान के नोटो द्वीप में 2024 में आए भूकंप में करीब 600 लोग मारे गए थे। 2011 में 9.0 तीव्रता के भूकंप और सुनामी ने 18 हजार से ज्यादा लोगों की जान ले ली थी। (अनंत ज्ञान)

गोवा क्लब अग्निकांड अब तक 5 गिरफ्तार

एजेंसी, पणजी। गोवा के नाइट क्लब में रविवार रात आग लगने से हुई 25 लोगों की मौत के बाद पुलिस ने क्लब चेन पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। गोवा पुलिस ने क्लब के मालिकों गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। आरोप है कि बिना जरूरी दस्तावेजों और लाइसेंस के क्लब चलाया जा रहा था। उधर, सोमवार को मामले में पांचवी गिरफ्तारी की गई। दिल्ली से क्लब के ऑपरेशन मैनेजर भरत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने क्लब के चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोडक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया और गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर को गिरफ्तार किया था। सभी गिरफ्तार आरोपियों को 6 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

अल-फलाह विवि के 10 प्रोफेसरों ने छोड़ी नौकरी

एजेंसी, फरीदाबाद। दिल्ली ब्लास्ट के आतंकी मॉड्यूल का सेंटर पॉइंट बनी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी इन दिनों फैकल्टी की कमी का सामना कर रही है। यूनिवर्सिटी के अंदर आतंकी नेटवर्क खड़ा कर रहे लेडी आतंकी डॉ. शाहीन सईद और डॉ. मुजम्मिल शकील के गिरफ्तार होने के बाद से लगातार स्टाफ यहां से जॉब छोड़कर जा रहा है। वहीं, यूनिवर्सिटी में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। विवि के करीब 10 मेडिकल प्रोफेसर अपनी जॉब छोड़कर जा चुके हैं। प्रोफेसरों के अलावा दूसरे विभागों में काम करने वाला स्टाफ भी धीरे-धीरे यहां से निकल रहा है, जिसके चलते मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों की प्रॉपर क्लास नहीं लग पा रही है। (अनंत ज्ञान)

अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- चिट्टे पर चोट, हर घर से करनी होगी नशा उन्मूलन की शुरुआत -पेज 2
- कुनाल पत्थरी मंदिर कमेटी के चुनाव की कवायद शुरू -पेज 4
- फिन्ना सिंह नहर की पहली किस्त लैप्स होने की कगार पर -पेज 5
- जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र में तेज हुई चुनावी हलचल -पेज 9
- 7 माह बाद सैंज बाजार की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू -पेज 11

राष्ट्रीय गीत के 150 साल पूरे होने पर लोकसभा में सत्तापक्ष और विपक्ष में तीखी बहस

वंदे मातरम्: पीएम ने लिया जिन्ना-नेहरू का नाम, प्रियंका बोलीं-ध्यान भटका रहे

एजेंसी, नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को वंदे मातरम् के 150 साल पूरे होने पर चर्चा हुई। शुरुआत पीएम मोदी ने की। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने वंदे मातरम् के टुकड़े किए। जवाहरलाल नेहरू जिन्ना के सामने झुके थे। वंदे मातरम् आजादी के समय से प्रेरणा का स्रोत था तो फिर उसके साथ पिछले दशक में अन्याय क्यों हुआ।' मोदी ने कहा कि मोहम्मद अली जिन्ना ने लखनऊ से 15 अक्तूबर 1936 को वंदे मातरम् के खिलाफ नारा बुलंद किया। कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू को अपना सिंहासन डोलता दिखा। नेहरू ने मुस्लिम लीग के आधारहीन बयानों को करारा जवाब देने की बजाय उल्टा किया। उन्होंने वंदे मातरम् की ही पड़ताल शुरू कर दी।

चर्चा में शामिल हुई कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि

हमारे राष्ट्रीय गीत ने पर चर्चा हो रही है, जो एक भावना के ऊपर है। जब हम वंदे मातरम् का नाम लेते हैं, तो वही भावना उजागर होती है। स्वतंत्रता संग्राम की याद दिलाता है। प्रियंका गांधी ने सवाल पूछा कि यह गीत 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा है। 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर आज इस पर बहस क्यों हो रही है? क्योंकि अब बंगाल का चुनाव आ रहा, इसलिए मोदी जी ध्यान भटकाने के लिए इस पर चर्चा कर रहे हैं। जिन्होंने स्वतंत्रता की आजादी लड़ी, सरकार उन पर नए आरोप लादना चाहती है। प्रियंका गांधी ने कहा जहां तक नेहरू जी की बात है। जितने साल मोदी पीएम रहे, उतने साल तो नेहरू जेल में रहे थे। (अनंत ज्ञान)

'वंदे मातरम्' राष्ट्रभक्तों के लिए एनर्जी राष्ट्र विरोधियों के लिए एलर्जी : अनुराग

चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्रभक्तों के लिए एनर्जी है और राष्ट्र विरोधियों के लिए एलर्जी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और नेहरू ने जिन्ना को खुश करने के लिए वंदे मातरम् के हिस्से हटाए और इसे छोटा कर दिया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् किसी धर्म या दल का नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा और शक्ति का प्रतीक है, जिसे भगत सिंह, आजाद, बिस्मिल, अशफाकउल्लाह खान और अनेक क्रांतिकारियों ने अपना प्रेरणास्रोत माना। टैगोर, लता मंगेशकर, एआर रहमान जैसे कलाकारों ने भी इसे सम्मान दिया। वोटबैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस आज भी इस राष्ट्रीय गीत का विरोध कर रही है, जबकि यह भारत की एकता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है।

वंदे मातरम् ने सोए भारत को जगाया : राजनाथ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- वंदे मातरम् ने ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ने के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को काफी ताकत दी। वंदे मातरम् गीत से सदियों से सोया हमारा भारत जाग गया था। अप्रैल 1906 में ब्रिटिश सरकार ने सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम् का नारा लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का एक महीने में होगा भुगतान : मुख्यमंत्री

शिमला में सीएम सुक्खू से मुलाकात करते हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट के प्रतिनिधि।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश सरकार पेंशनर्स के हितों को सर्वोपरि रखती है और इसी प्रतिबद्धता के तहत राज्य के सभी लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान अगले एक माह के भीतर पूरी तरह कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह आश्वासन यहां हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के दौरान दिया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पेंशनर्स को किसी भी आर्थिक या प्रक्रियागत परेशानी से मुक्त रखना है, ताकि वे अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन सहजता से कर सकें।

सीएम ने पेंशनर्स संयुक्त फ्रंट के प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कर्मचारी सरकार की रीढ़ हैं और उनके हितों की सुरक्षा राज्य सरकार की प्रथम जिम्मेदारी है। उन्होंने याद दिलाया कि सत्ता संभालते ही सरकार ने पुरानी पेंशन प्रणाली को बहाल किया, जिससे एक लाख छत्तीस हजार से अधिक कर्मचारियों को राहत मिली। उन्होंने कहा कि सरकार पेंशनरों की मांगों का समाधान चरणबद्ध तरीके से कर रही है और उनकी देनदारियों का भुगतान भी समय-समय पर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के समय वित्तीय अव्यवस्था के कारण पेंशनर्स और कर्मचारियों के बिलों का भुगतान समय पर नहीं हो पाया था। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मौजूदा सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ सभी देनदारियों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कुल्लू के डढेई में भीषण अग्निकांड

देवता के अठारह पेड़े का भंडार; दो मकान जलकर खाक, 1 करोड़ का नुकसान

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू। पार्वती घाटी की पुंथल पंचायत के डढेई गांव में भीषण अग्निकांड हुआ है। घटना में 12 और 18 कमरों के ढाई मंजिला दो मकान सहित देवता अठारह पेड़े का चार मंजिला भंडार जलकर राख हो गया है। स्टेशन फायर ऑफिसर कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति प्रेम सिंह भारद्वाज ने बताया कि रविवार रात करीब 2:11 बजे अग्निशमन चौकी जारी में ढडेई गांव में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के आधा दर्जन कर्मचारी फायर टेंडर के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुए। सड़क न होने के कारण टीम को काफी दिक्कतें पेश आईं। दमकल के कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग

पर काबू पाया गया। आग की घटना में एक करोड़ 20 लाख रुपए की संपत्ति राख हुई है। आग इतनी भयानक थी कि प्रभावित परिवारों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उनके मकान तथा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। इस हादसे के बाद प्रभावित परिवार गहरे सदमे और गम में हैं। फिलहाल, आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

धार्मिक-सांस्कृतिक क्षति

अग्निकांड में जलकर राख हुए भंडार में गांव के देवता अठारह पेड़े से संबंधित महत्वपूर्ण और धार्मिक वस्तुएं रखी हुई थीं। देवता का यह भंडार सदियों से आस्था का केंद्र रहा है। अग्निकांड से न केवल मकान मालिकों का बड़ा नुकसान हुआ है, बल्कि देव समाज में भी गहरी आहत और गम की भावना है। इस घटना को धार्मिक और सांस्कृतिक क्षति के तौर पर देखा जा रहा है।

भारत-साउथ अफ्रीका मैच

11 से मिलेंगी ऑफलाइन टिकटें

एचपीसीए स्टेडियम के बाहर खुलेगा काउंटर

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो

धर्मशाला। क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को खेले जाने वाले भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के लिए ऑफलाइन टिकटों का इंतजार जल्द खत्म होने वाला है। सूत्रों के अनुसार, एचपीसीए स्टेडियम के बाहर 11 दिसंबर से ऑफलाइन टिकट मिलना शुरू हो जाएंगी। ऑनलाइन सस्ते टिकट न मिलने के चलते युवा क्रिकेट प्रेमियों में मायूसी छाई थी, लेकिन अब उन्हें मायूस होने की जरूरत नहीं, क्योंकि 11 दिसंबर को युवा क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला में ही ऑफलाइन माध्यम से टिकट खरीद सकेंगे। ऑफलाइन टिकट कब से मिलना शुरू होंगे, इसके लिए लगातार क्रिकेट प्रेमियों के फोन घनघना रहे हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले क्रिकेट प्रेमी लगातार इस बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं, लेकिन अब उनका इंतजार 11 दिसंबर को खत्म होने

वाला है और आफलाइन टिकट मिलना शुरू हो जाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले धर्मशाला में आयोजित क्रिकेट मैचों के दौरान सप्ताह भर पहले ऑफलाइन टिकट बिक्री का क्रम शुरू हो जाता था, लेकिन इस मर्तबा टी-20 मैच से तीन दिन पहले ही ऑफलाइन टिकट मिलना शुरू होंगे। धर्मशाला स्टेडियम में मैच के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की खासी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी एचपीसीए पूरी तरह से आशावान है कि काफी संख्या में लोगों के मैच देखने आने की संभावना है।

टी-20 सीरीज का शेड्यूल

इस सीरीज का पहला टी-20 मैच 9 दिसंबर को कटक के मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में, तीसरा मुकाबला 14 दिसंबर को धर्मशाला में, चौथा 17 दिसंबर को लखनऊ में और आखिरी मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे से शुरू होंगे, जबकि टॉस मैच से आधे घंटे पहले होगा। उधर, एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार के अनुसार भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के लिए ऑफलाइन टिकट 11 दिसंबर से मिलना शुरू हो जाएंगे। इसके लिए टिकट बिक्री एजेंसी से बात हो चुकी है, ऐसे में 11 दिसंबर से क्रिकेट प्रेमी ऑफलाइन माध्यम से टिकट खरीद सकेंगे। सीरीज के लिए दोनों टीमों के स्क्वाड पहले ही घोषित किए जा चुके हैं। भारतीय टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में है, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी एडन मार्कराम कर रहे हैं। दोनों टीमों में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं।

एसआईआर प्रक्रिया

तमिलनाडु में 84 लाख वोटर्स के फॉर्म जमा नहीं

एजेंसी, चेन्नई। देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के फॉर्म 11 दिसंबर तक जमा होंगे। इसी बीच तमिलनाडु में अब तक मिले डेटा से पता चलता है कि मसौदा मतदाता सूची से 84 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट सकते हैं। राज्य में अब तक 84.91 लाख एन्यूमरेशन फॉर्म अनकलेक्टेबल श्रेणी में हैं। यानी इन फॉर्म को अलग-अलग कारणों से इकट्ठा नहीं किया सकता है। इसमें अधूरी जानकारी होना, 2003 की लिस्ट में नाम न मिलना, वोटर की मौत या शिफ्ट हो जाना प्रमुख कारण हैं। वहीं, बंगाल में शुक्रवार तक अनकलेक्टेबल एन्यूमरेशन फॉर्म की संख्या 54.59 लाख थी। (अनंत ज्ञान)

संजौली मस्जिद विवाद: मुस्लिम सोसायटी नगर निगम से दोबारा पास कराएगी नक्शा

अध्यक्ष ने रेवेन्यू रिकॉर्ड का दिया हवाला, 1915 से यहां मस्जिद होने का दावा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राजधानी शिमला के संजौली में मस्जिद विवाद एक बार फिर चर्चा में है। ऑल हिमाचल मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष नजाकत अली हाशमी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मस्जिद का नक्शा नगर निगम से दोबारा पास करवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने रेवेन्यू रिकॉर्ड का हवाला देते हुए कहा कि 1915 से यहां मस्जिद दर्ज है और 1997-98 के अभिलेखों में भी खसरा नंबर 107 पर मस्जिद का उल्लेख मिलता है। हाशमी ने माना कि बिना नक्शा पास हुए पांच मंजिला निर्माण किया गया था, लेकिन ऊपरी दो मंजिलें अब तोड़ी जा चुकी हैं और बचा स्ट्रक्चर नियमों के अनुसार मॉडिफाई करने को समुदाय तैयार है।

मामले में मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने मस्जिद पर मालिकाना हक का दावा किया, लेकिन यह नगर निगम आयुक्त कोर्ट और जिला अदालत में साबित नहीं हो सका। पहले निगम आयुक्त ने तीन मंजिल हटाने के आदेश दिए, फिर इस वर्ष 3 मई को पूरी मस्जिद को अवैध करार देकर ढांचा गिराने के निर्देश जारी हुए। जिला अदालत ने भी इन आदेशों को सही मानते हुए 30 दिसंबर तक अवैध हिस्से को हटाने का निर्देश दिया।

झगड़ों और प्रदर्शनों से शुरू हुआ था यह विवाद

यह विवाद पिछले वर्ष 31 अगस्त को मैहली में दो गुटों की झड़प के बाद सुर्खियों में आया, जब झगड़े में शामिल कुछ लोग संजौली मस्जिद में छिप गए। इसके बाद 1 सितंबर को मस्जिद के बाहर प्रदर्शन हुआ और प्रदेशभर में विभिन्न संगठनों ने विरोध जताया। 11 सितंबर को हुए उग्र प्रदर्शन के बाद तनाव बढ़ा और मस्जिद तोड़ने की मांग तेज हुई। इसी दौरान मस्जिद कमेटी ने अवैध हिस्से को हटाने की पेशकश की। बाद में निगम कार्रवाई और अदालतों के फैसलों के क्रम से विवाद और आगे बढ़ता गया, जो अब हाईकोर्ट में विचाराधीन है।

इंडिगो बोली-100 प्रतिशत नेटवर्क रीस्टोर

एजेंसी, नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से 500 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हुईं। गत दिवस 650 उड़ाने रद्द हुई थीं। वहीं एयरलाइन ने दावा किया कि उनका 100% नेटवर्क रीस्टोर हो गया है। फ्लाइट ऑपरेशंस 91% ऑन टाइम चल रहा है, जो कि रविवार से 75% ज्यादा है। उधर, राज्यसभा में सिविल एविएशन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि इंडिगो संकट उसके क्रू रोस्टरिंग और इंटरनल प्लानिंग सिस्टम में समस्याओं के कारण हुआ। इससे यात्रियों को काफी दिक्कतें हुईं। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे। जांच जारी है। हम ऐसा एक्शन लेंगे जो दूसरों के लिए मिसाल बने। (अनंत ज्ञान)

7वें दिन 500+ फ्लाइट कैंसिल, एयरलाइन ने नोटिस का दिया जवाब

अपनत्व | संवेदनशीलता ने बदला हिमाचल प्रदेश का सियासी रंग, यहां सत्ता करुणा के साथ चलती है

सीएम की करुणा, सरलता और बच्चों के प्रति स्नेह ने जीते दिल

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक ऐसा नाम तेजी से उभर रहा है, जो सिर्फ फैसलों से नहीं, बल्कि अपनी संवेदनशीलता और मानवीय व्यवहार से लोगों के दिल जीत रहा है और वह है मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू। वह केवल एक प्रशासक की भूमिका तक सीमित नहीं हैं, बल्कि बच्चों के बीच एक संरक्षक और पिता जैसी छवि के साथ मौजूद दिखाई देते हैं।

सत्ता संभालते ही उन्होंने अनाथ, गरीब और बेसहारा बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना शुरू की। यह योजना उन बच्चों के लिए ढाल बनकर खड़ी हुई है, जिनका इस दुनिया में कोई अपना नहीं। यह

कार्यक्रम आज हिमाचल में संवेदनशील शासन का प्रतीक बन चुका है, जहां नीतियां कागज से नहीं, दिल की धड़कनों से जन्म लेती हैं। हाल ही में धर्मशाला के तपोवन में शीतकालीन सत्र के दौरान इसका एक खूबसूरत दृश्य देखने को मिला।

सुबह की धूप में टहलते हुए सीएम सड़कों पर स्कूल जाते बच्चों से मिलने रुक गए। कुछ बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर थे, दलित परिवारों से थे, जीवन की कठिनाइयों से जूझ रहे थे, लेकिन जब वे मुख्यमंत्री की गोद में आए, तो उनके चेहरों पर खिली मुस्कान किसी भी बड़े राजनीतिक विजन से कहीं अधिक मायने रखती थी। सीएम ने उनसे पढ़ाई, घर-परिवार और सपनों के बारे में बेहद अपनत्व से बातें की, उनकी आंखों में बच्चों के लिए एक पिता का स्नेह और एक नेता का दृढ़ संकल्प साफ झलक रहा था।

भाषणों से नहीं, बच्चों की मुस्कान से बना रहे पहचान

उनकी यह शैली हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की उस परंपरा की याद दिलाती है, जिसमें सादगी और संवेदनशीलता सबसे पहली पहचान थी। उसी मानवीय सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए सुक्खू ने बीते तीन वर्षों में दलित, पिछड़े और वंचित परिवारों के बच्चों के लिए कई योजनाएं शुरू कीं, जो प्रदेश के सामाजिक ढांचे को और मजबूत कर रही हैं। आज उनकी राजनीति भाषणों से नहीं, बल्कि बच्चों की मासूम मुस्कुराहटों से अपनी पहचान बना रही है।

न्यूज ब्रीफ

5 तक बंद रहेगी भरेड़ी-भौर-सुलगवान सड़क

अनंत ज्ञान, भोरंज। भरेड़ी-भौर-सुलगवान सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 5 जनवरी तक बंद कर दी गई है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए एसडीएम शशिपाल शर्मा ने बताया कि भरेड़ी-भौर-सुलगवान सड़क की मरम्मत एवं अपग्रेडेशन के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने और इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर यातायात 5 जनवरी तक बंद किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बडैहर या बाहनवीं होकर आवाजाही कर सकते हैं।

धनेटा के गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, नादौन। विद्युत उपमंडल धनेटा में 9 दिसंबर को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव राजनौण, भदरूं, धनोआ, मनसाई, मंडियानी, तूणी और अन्य गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार शर्मा ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

जलाड़ी-भूंपल में कल लगेगा पावर कट

अनंत ज्ञान, नादौन। विद्युत उपमंडल नादौन के अंतर्गत आने वाले 132/11 केवी सब स्टेशन नादौन के अंर्तगत भूंपल फीडर के उचित रख रखाव व मुरम्मत हेतु 10 दिसंबर को सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके चलते जलाड़ी, पट्टा, पंचवटी,भूंपल,लाहड़ कोटलू एवं इसके आस-पास के क्षेत्रों की बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमण्डल नादौन के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि भूंपल फीडर के रखरखाव के चलते बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने की अपील की है।

नादौन बस स्टैंड में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, नादौन। विद्युत उपमंडल नादौन के अंतर्गत आने वाले 132/11 केवी सब स्टेशन नादौन के अंर्तगत नादौन फीडर की सफेदे के वृक्ष काटने के लिए 10 दिसंबर को सुबह 9 बजे से सांय 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जिसके चलते नादौन बस स्टैंड एवं इसके आस-पास के क्षेत्र बंद रहेंगे। यह जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल नादौन के सहायक अभियंता अक्षय कुमार ने यहां जारी प्रेस ब्यान में बताया कि सफेदे के पेड़ों के कटान के चलते बिजली बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग दिए जाने की अपील की है।

पंजाब रेजिमेंट के वेटरन ने मनाया राइजिंग-डे

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। 13 पंजाब रेजिमेंट (जिंद) के पूर्व सैनिकों ने राइजिंग-डे धूमधाम से हमीरपुर में मनाया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कर्नल रंजीव प्रधान, वरिष्ठ विशेष अतिथि मेजर पीसी वर्मा, कैप्टन सौरभ रैना मौजूद रहे। कार्यक्रम की अगुवाई कैप्टन विजय मलकानिया, कैप्टन जीत, विजय चौहान, रंजीत, सूबेदार प्रकाश चंद, देशराज, जीवन, विनोद, राजेंद्र सड़ियाल ने की। इस दौरान सैन्य अधिकारियों और पूर्व सैनिकों ने अपने सेवाकाल के दौरान यादों को ताजा किया।

नादौन में नेतृत्व प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन में समग्र शिक्षा एवं एससीईआरटी सोलन के संयुक्त तत्वावधान में स्कूल प्रधानाचार्यों और प्रमुखों के लिए पांच दिवसीय नेतृत्व प्रबंधन प्रशिक्षण के दूसरे चरण का शुभारंभ सोमवार को डाइट परिसर में हुआ। इस अवसर पर उपनिदेशक गुणवत्ता शिक्षा एवं जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार ने कार्यशाला का उद्घाटन किया और नेतृत्व प्रशिक्षण के उद्देश्यों व आवश्यकता पर प्रकाश डाला। जिला नोडल अधिकारी पुनीत कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में आईआईएम सिरमौर से प्रशिक्षित रिसोर्स पर्सन मंजरी महाजन, प्रधानाचार्य प्रताप चंद और केवल ठाकुर प्रतिभागियों को नवीन शैक्षणिक नेतृत्व, प्रबंधन कौशल और स्कूल प्रभावशीलता पर मार्गदर्शन देंगे। कार्यक्रम में बिड़ड़ी और भोरंज ब्लॉक के 45 प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक और केंद्रीय मुख्य शिक्षक भाग ले रहे हैं।

महिलाओं की सशक्त भूमिका पर दिया जोर

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर। सरस्वती विद्या मंदिर बाहिना गारली में मातृशक्ति को समर्पित 'सप्तशक्ति संगम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र और परिवार के निर्माण में महिलाओं की सशक्त और बहुआयामी भूमिका को उजागर करना था। कार्यक्रम में पारिवारिक प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र की प्रगति में मातृशक्ति की भागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। विशेष रूप से परिवार जीवन और सामाजिक प्रणालियों से जुड़ी चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। मधुबाला मुख्य अतिथि रहीं, जबकि मीना कुमारी और अर्चना कुमारी ने प्रेरक विचार साझा किए। अध्यक्षा रेणु डोगरा ने भी अपने संदेश दिए। स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की गई, जिसे दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम में 250 से अधिक महिलाएं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्नो प्रतियोगिता में मोहित ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में पुरस्कार वितरण एवं वैलेडिक्ट्री समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर ने की, जबकि मुख्य प्रवक्ता एवं रोड सेफ्टी कोऑर्डिनेटर प्रो. राजेश खड़वाल रहे। समारोह की शुरुआत प्राचार्या के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने सड़क सुरक्षा, नियमों और नागरिक उत्तरदायित्व पर जोर दिया। पुलिस विभाग की नीलम कुमारी ने रोड सेफ्टी पर विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्नो प्रतियोगिता में प्रथम मोहित, द्वितीय संजना, तृतीय नितीशा भारद्वाज रहे। रोड सेफ्टी क्विज, पोस्टर मेकिंग, डिक्लेमेशन और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पूरे समारोह का आयोजन शिक्षकों और स्टाफ की सक्रिय सहभागिता से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कराटे में नादौन के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान, नादौन। हिमालयन स्टेट लेवल ओपन कराटे प्रतियोगिता में हिमाचल के लगभग 35 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें नादौन के करीब एक दर्जन बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बच्चों की सब जूनियर वर्ग कराटे प्रतियोगिता में सृष्टि सैनी,शनि सेठी, विरंनय राणा ने कुमिते में गोल्ड,जूनियर वर्ग में बैंजेमन सेठी अथर्व शर्मा व प्रज्ञा ने काता व कुमिता में स्वर्ण तथा रजत पदक जीता। इसी तरह केडिट वर्ग के काता, कुमिता के वर्ग में तन्मय ने गोल्ड,तन्वी शर्मा ने काता में गोल्ड मेडल जीता, जबकि शगुन डोगरा ने काता में गोल्ड तथा कुमिते में रजत पदक अपने नाम किया। यह जानकारी देते हुए एसकेएसआई के चीफ इंस्ट्रेक्टर आरपी डोगरा व सहायक को सरोज शर्मा ने बच्चें की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी। तथा अप्रैल 2026 में धर्मशाला में होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी के लिए प्रोत्साहित किया।

सुभाष हाउस को बेस्ट हाउस ऑफ द इयर खिताब

शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन। डीएवी भड़ोली स्कूल में प्रधानाचार्य सुरजीत कुमार राणा के मार्गदर्शन में वार्षिक पारितोषिक समारोह 'प्रवाह' बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रविंद्र तलवार, सेक्रेटरी डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी (न्यू दिल्ली) ने अपनी धर्मपत्नी के साथ समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विद्यालय के न्यूज लेटर के अनावरण से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने स्वागतम गीत, क्लासिकल डांस, भांगड़ा, एक्ट, देशभक्ति गीत और आर्य समाज नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति और वेदों की भूमिका को प्रदर्शित किया। शिव तांडव नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि और अतिथिगण बच्चों के नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों पर झूम उठे। समारोह के अंत में सुभाष हाउस को 'बेस्ट हाउस ऑफ द इयर' का खिताब दिया गया। वर्ष भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। राष्ट्रीय गान और शांति पाठ के साथ भव्य वार्षिकोत्सव का समापन हुआ।

कोहली-पक्का भरो बाईपास रोड होगा चकाचक

एनएचएआई ने लोक निर्माण विभाग को 8.50 करोड़ का बजट करवाया उपलब्ध, टेंडर प्रक्रिया शुरू

विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। कोहली-पक्का भरो बाईपास रोड के दिन फिरने वाले हैं। यह तकरीबन 9 किलोमीटर लंबा रोड अब चकाचक हो जाएगा। एनएचएआई ने इस रोड को अब राज्य सरकार यानी पीडब्ल्यूडी के हवाले कर दिया है। इसके लिए विभाग ने जो एस्टीमेट तैयार करके दिया था, उसके हिसाब से 8.50 करोड़ का बजट भी उपलब्ध करवा दिया है।

पिछले कई महीनों से इस रोड़ की बहुत बुरी हालत है। कोहली से लेकर मट्टन सिद्ध तक तो हालात बेकाबू हैं। पूरा रोड जर्जर हो चुका है। उसे पहले दुरुस्त किया जाएगा। अहम बात यह है कि अब इस रोड़ पर 40 एमएम का मोटा बीम डलेगा। सड़क के दोनों ओर नालियां भी तैयार होगी। इसके साथ में कुछ हिस्से में फुटपाथ भी बनेगा, ताकि पैदल चलने वालों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

कोहली-पक्का भरो बाईपास सड़क की खस्ताहालत का दृश्य।

करीब 9 किलोमीटर लंबे इस रोड की सबसे बुरी हालत कोहली से मटनसिद्ध तक है, लेकिन इसके आगे भी बाईपास रोड इतना अच्छा नहीं है। वह लगातार सिकुड़ रहा है। नालियां नहीं होने की वजह से इसकी दुर्दशा जारी है। नाजायज कब्जे करने वालों की भी यहां देखा-देखी में खूब 'मौज' लगी हुई है।

पक्का भरो से नालटी रोड तक सड़क के एक तरफ अब फुटपाथ का भी निर्माण होगा। टेंडर में इसका प्रावधान किया गया है।

फुटपाथ और नालियां भी बनाई जाएंगी

इसके आगे मट्टन सिद्ध तक इस सड़क को और बेहतर बनाने के लिए भी अब प्रावधान किया गया है। क्योंकि कई जगह पर इसकी हालत खराब हो चुकी है।

फरवरी माह के पहले हफ्ते शुरू होगा काम : एक्सईएन

पीडब्ल्यूडी के हमीरपुर स्थित एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि एनएचएआई को जो अस्टीमेट दिया गया था, उसके मुताबिक 8.50 करोड़ विभाग को मिल गया है। एनएचएआई ने इस रोड को अब राज्य सरकार के हवाले कर दिया है। टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और संभवतः फरवरी के पहले हफ्ते में इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। कपिल ने बताया कि सड़क का जो हिस्सा सबसे खराब है उसकी पहले मुरम्मत होगी और उसके बाद 40 एमएम का मोटा तारकोल बीम डाला जाएगा। उनका कहना है कि जहां-जहां इस रोड पर नाजायज कब्जे हुए होंगे, उन्हें भी हटाया जाएगा। ताकि इस रोड़ की गुणवत्ता को तो बढाया ही जाएगा साथ में एक्जिस्टिंग जितना रोड है, उसे बेहतर बनाकर यातायात व्यवस्था के लिए कर दिया जाएगा।

हमीरपुर खंड के 80 पेंशनर्स 15 को होंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, जिला इकाई की बैठक जिला प्रधान के.सी. गौतम की अध्यक्षता में पेंशनर भवन, हमीरपुर में आयोजित की गई। बैठक में दिवंगत पेंशनरों के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उपस्थित पेंशनरों को एजेंडा से अवगत कराया गया। डॉ. लेफ्टीनेंट कर्नल राहुल संधू ने कैंसर जागरूकता एवं उपचार पर जानकारी दी। जिला प्रधान के.सी. गौतम ने बताया कि इस वर्ष पेंशनर दिवस समारोह घुमारवीं, जिला बिलासपुर में मनाया जाएगा, जिसमें खंड इकाईयों के सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने लंबित जीवित प्रमाण पत्र जमा न कराने वाले पेंशनरों को शीघ्र कार्यवाही करने का निर्देश दिया। हमीरपुर खंड के 80 पेंशनरों को 15 दिसंबर को शिव मंदिर परिसर में सम्मानित किया जाएगा। बैठक में संघ के पदाधिकारी और पेंशनरों ने भाग लिया और पेंशनरों के मुद्दों के निराकरण पर चर्चा की।

कम लागत में महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचा रहे सामुदायिक रेडियो: कुलदीप ढटवालिया

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हरियाणा के पंचकूला में हाल में 11वां इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल 2025 'विज्ञान से समृद्धि : आत्मनिर्भर भारत के लिए' का आयोजन हुआ। इस दौरान कई वक्ताओं, बुद्धिजीवियों और विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। इस दौरान हिमाचल प्रदेश का जिक्र भी हुआ। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय के सेवानिवृत्त प्रधान महानिदेशक कुलदीप सिंह ढटवालिया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश की 90 प्रतिशत से अधिक आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, जहां लोग स्थानीय बोलियों में संवाद करते हैं और पारंपरिक रीति-रिवाजों, मेलों और त्योहारों से गहरा संबंध रखते हैं।

पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों और डिजिटल तथा मुख्यधारा मीडिया की सीमित पहुंच के कारण दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों तक जानकारी पहुंचाना एक बड़ी चुनौती बनी रहती है। ऐसे में सामुदायिक रेडियो वर्षों से हिमाचल प्रदेश की ग्रामीण और दूरस्थ बस्तियों के लिए एक अत्यंत प्रभावी और प्रासंगिक संचार माध्यम के रूप में उभर कर सामने आए हैं। स्थानीय बोलियों में प्रसारण कर ये रेडियो स्टेशन स्थानीय आवाजों को मंच प्रदान करते हैं तथा पर्यटन, कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी उपयोगी सूचनाएं उपलब्ध कराकर सामाजिक परिवर्तन और सामुदायिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

सामुदायिक रेडियो संचार की खाई को पाटते हुए कम लागत में महत्वपूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाते हैं। ये रेडियो लोक संगीत, कहानियों, परंपराओं और दंत कथाओं का प्रसारण कर स्थानीय संस्कृति को संरक्षित भी करते हैं। युवाओं, महिलाओं और हाशिए पर रह रहे समुदायों को अपनी बात रखने और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने का अवसर भी मिलता है। स्थानीय नेतृत्व और जनता के बीच संवाद स्थापित करके ये रेडियो सहभागी शासन को भी बढ़ावा देते हैं और सरकारी योजनाओं तथा नागरिक अधिकारों पर जागरूकता बढ़ाते हैं।

आपदा के लिए संवेदनशील हिमाचल में सामुदायिक रेडियो आपात स्थितियों में जीवन रक्षक साबित होते हैं। कोविड-19 महामारी से लेकर बाढ़ और भूस्खलन जैसी स्थितियों में इन्होंने समय पर चेतावनी और राहत कार्यों से संबंधित सूचनाएं पहुंचाई हैं। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था वाले राज्य में ये रेडियो किसानों को बागवानी, खेती-किसानी तकनीक, मौसम पूर्वानुमान और बाजारभाव से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

हालांकि, प्रदेश में संचालित छह सामुदायिक रेडियो कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं-आर्थिक संसाधनों की कमी, सामुदायिक सहभागिता में कमी, सरकारी विभागों की मीडिया कैंपेन में शामिल न किया जाना, तथा मीडिया मान्यता एवं सुविधाओं से वंचित रहना प्रमुख समस्याएं हैं। वहीं, विशेषज्ञों का मत है कि यदि इन रेडियो को सरकारी समर्थन मिले, तो वे राज्य में सूचना प्रसार का और भी अधिक प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

सर्व कल्याणकारी संस्था पर लगे आरोपों का राणा ने किया पलटवार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सुजानपुर के पूर्व विधायक और प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र राणा ने वर्तमान विधायक रणजीत सिंह द्वारा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में सर्व कल्याणकारी संस्था पर लगाए गए आरोपों को अनुचित बताया। राणा ने कहा कि जो आज आलोचना कर रहे हैं, वही 2009 से 2012 तक संस्था के स्पोर्ट्स विंग के अध्यक्ष रह चुके थे और हर मंच से संस्था की सराहना करते थे।

राणा ने बताया कि संस्था ने आपदा प्रभावित परिवारों को मुफ्त राशन, तिरपाल और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई, साथ ही प्रशासन के सहयोग से जमीन आवंटन व आवास निर्माण की प्रक्रिया को भी आगे बढ़ाया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित आठ लाख रुपये की सहायता में पीड़ितों को केवल पच्चीस हजार ही मिले। राणा ने जनता से भरोसा बनाए रखने का संकल्प जताते हुए प्रभावित परिवारों तक व्यक्तिगत रूप से सहायता पहुँचाने का आश्वासन दिया।

राधा-कृष्ण मंदिर नवलाख में चोरी, दानपात्र व गहने गायब

पुलिस सीसीटीवी फुटेज और आसपास के क्षेत्रों से सुराग जुटा रही है।

अनंत ज्ञान, भोरंज

उपमंडल भोंरज के तहत ग्राम पंचायत अमरोह स्थित राधा-कृष्ण मंदिर नवलाख में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। सुबह पूजा करने पहुंचे पुजारी और मंदिर कमेटी के प्रधान कमलेश कुमार ने चोरी का पता लगाया।

जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के लगभग 4 बजे जब पुजारी रोजाना की तरह मंदिर में पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि शनि मंदिर का दानपात्र, राधा-कृष्ण मंदिर का दानपात्र और मंदिर के स्टोर का ताला टूटा हुआ था। स्टोर में रखे ट्रंक को भी चोरों ने तोड़ डाला। मंदिर कमेटी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि ट्रंक में रखे चांदी के गहने और लगभग 10 से 15 हजार रुपए की नकदी चोरी हो चुकी है। ग्राम पंचायत अमरोह के उपप्रधान योग राज ने बताया कि जन्माष्टमी के बाद से मंदिर के दानपात्र व ट्रंक नहीं खोले गए थे, जिसके कारण उसमें हजारों रुपए जमा थे, जिन्हें चोर अपने साथ ले गए। इस घटना से स्थानीय लोगों में चिंता और रोष का माहौल है। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दे दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल का निरीक्षण कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और आसपास के क्षेत्रों से सुराग जुटा रही है।

मंडी में होने वाली रैली को लेकर बड़सर कांग्रेस की तैयारियां की तेज : कालिया

कांग्रेस नेता रैली में शामिल होने वाले लोगों के आवागमन को लेकर चर्चा करते हुए।

एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान

बड़सर। जिला महासचिव पवन कालिया ने जारी बयान में कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मंडी के पडल मैदान में 11 तारीख को होने वाली विशाल रैली को सफल बनाने के लिए क्षेत्र में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बिझड़ी विश्राम गृह में कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक कर बड़सर विधानसभा क्षेत्र से रैली में शामिल होने वाले लोगों के आवागमन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद बड़सर स्थित अपने कार्यालय में वरिष्ठ नेताओं के साथ दूसरी बैठक कर गाड़ियों की व्यवस्था व लोगों को सुरक्षित ले जाने तथा वापस लाने की जिम्मेदारियां तय की गईं। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडी तक वाहनों में लोगों को पहुंचाने व वापस लाने की अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

इस अवसर पर पवन कुमार कालिया, संजय शर्मा, सुरजित सिंह, धनी राम, अशोक कुमार, राजेन्द्र वर्मा, कमर खान, कुलदीप सिंह, दीपक शर्मा, केबल कृष्ण, राजेश कुमार काकू, बलवंत, रामदास, नरेश लखनपाल, पवन शर्मा, मनजीत सिंह, सतीश वन्याल, सुशील, मनोज कुमार, सतीश भाटिया आदि शामिल रहे।

सीपीयू के 4 छात्रों का प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ चयन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में फ्यूचर फाइंडर्स कंपनी द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों का चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार और एचआर इंटरव्यू शामिल थे। चयनित छात्र हैं: सुनैना (अंतिम वर्ष), अपूर्वा (अंतिम वर्ष), अंशित (बीसीए) और चेतन शर्मा (बी.टेक)। कंपनी ने छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किए और जॉइनिंग संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव और डीन ऑपरेटिव स्टडीज गुलशन सधूं ने कहा कि करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी अपने छात्रों के सौ प्रतिशत प्लेसमेंट के लक्ष्य की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने इस प्रयास की सराहना करते हुए चयनित छात्रों को बधाई दी। फ्यूचर फाइंडर्स ने भविष्य में भी ऐसी प्लेसमेंट गतिविधियां जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

देशभर के 520 एएनओ में हिमाचल के डॉ. देविंद्र सिंह बन्याल ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

हिमाचल प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने वाली एक उल्लेखनीय उपलब्धि सामने आई है। राज्य के 4 हिमाचल प्रदेश बटालियन एनसीसी, हमीरपुर के एनसीसी अकादमिक नॉन-टीचिंग अधिकारी (एएनओ) डॉ. देविंद्र सिंह बन्याल ने देशव्यापी रिफ्रेशर कोर्स में शानदार सफलता अर्जित की है।

डॉ. बन्याल, जो वर्तमान में जीएसएसएस नाल्टी में तैनात हैं, ने नागपुर स्थित प्रतिष्ठित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), कामटी में 6 नवंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित रिफ्रेशर कोर्स में समग्र रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस कोर्स में एनसीसी के 17 डायरेक्टरेट एनसीसी अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया था और डॉ देवेंदर सिंह बन्याल ने इसमें पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश व चंड़ीगढ़ डायरेक्टोरेट को यह उपलब्धि दिलवाई।

इस महत्वपूर्ण कोर्स में जम्मू-कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक और उत्तर-पूर्वी राज्यों से लेकर गुजरात के कच्छ तक के कुल 520 एनसीसी

अधिकारियों (एएनओ) ने भाग लिया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन कई कठिन और व्यावहारिक विषयों में किया गया, जिनमें परेड ड्रिल, शारीरिक स्वास्थ्य एवं सहनशक्ति, फायरिंग, फील्डक्राफ्ट व बैटलक्राफ्ट, मानचित्र पठन तथा पाठ्यक्रम के सैद्धांतिक ज्ञान के लिए आयोजित परीक्षण शामिल थे। इन सभी क्षेत्रों में डॉ. बन्याल ने अपनी उत्कृष्ट दक्षता और मेहनत का परिचय देते हुए यह उल्लेखनीय स्थान हासिल किया। हिमाचल प्रदेश एनसीसी बटालियन के कमांडेंट कर्नल जे.पी सिंह इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. बन्याल ने अपने कौशल से पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है और युवा कैडेटों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बने हैं।

छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 12 दिसंबर कर दी गई है। उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. मोही राम चौहान ने जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तथा उच्च पाठशालाओं के प्रधानाचार्यों और मुख्य अध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर सभी आवेदनों की वेरिफिकेशन और त्रुटिपूर्ण आवेदनों की पुनः वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 16 दिसंबर तक पूरी की जानी है, लेकिन सभी स्कूल प्रमुख इसे 14 दिसंबर तक पूर्ण कर लें। उपनिदेशक ने चेतावनी दी कि यदि कोई मामला लंबित रहता है या त्रुटिपूर्ण पाया जाता है तो स्कूल प्रमुख और छात्रवृत्ति प्रभारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बैठक पेंशनरों के वित्तीय लाभों में अनियमितताओं पर कुलदीप खरवाड़ा ने जताई चिंता

अधिकारियों की शक्तियों के दुरुपयोग पर उठी आवाज

अनिल कुमार, अनंत ज्ञान

हमीरपुर। बिजली बोर्ड पेंशनर्ज फोरम इकाई भांवला बल्द्वाडा की मीटिंग इकाई अध्यक्ष प्रिथी पाल चंदेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें इकाई सचिव जगदीश गुप्ता, उपाध्यक्ष रूप लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष राम नाथ, सलाहकार ई0 बीआर ठाकुर सहित काफी पेंशनर्ज उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न मांगों को लेकर वित्तीय लाभों की आदायगी को लेकर की जा रही अनावश्यक देरी पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित विद्युत बोर्ड पेंशनर्ज फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि पेंशनर के वित्तीय लाभों की आदायगी के लिए अपनाया जा रहा पिक एंड चूज वाला भेद भाव पूर्ण रवैया गंभीर चिंता का विषय है। विद्युत बोर्ड लिमिटेड में वित्तीय अनियमितताओं के चलते पनप रही वित्तीय

बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए।

अवयवस्था के लिए जिमेदार अधिकारियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है व वित्तीय अनियमितताओं की किसी निष्पक्ष एजेंसी से जांच कराने की जरूरत है। विद्युत बोर्ड लिमिटेड में दादागिरी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठाने पर अधिकारी अपने पद व शक्तियों का दुरूपयोग करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। पहले भी संयुक्त संघर्ष समिति के नेताओं को प्रताड़ित कर के कर्मचारियों व पेंशनर्स की आवाज को दबाने का प्रयास किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला है बोर्ड के एक अधिकारी की गाड़ी के ड्राइवर को बर्खास्त व एक एसडीओ को निलंबित किया गया है।

ड्राइवर द्वारा अधिकारी के ऊपर गंभीर आरोप लगाये गए हैं। खरवाड़ा ने कहा ड्राइवर द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता से जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर अधिकारी पर नियमों के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। खरवाड़ा ने कहा पूर्व में भी बोर्ड के एक अधिकारी पर बिजली बोर्ड के रेस्ट हाउस को निजी आशियाने के रूप में यूज करने और वेतन के साथ हाउस रेंट लेने के आरोप लगे थे और उक्त अधिकारी द्वारा अन्य लोगों की सबसिडी बंद करने और खुद बिजली सबसिडी का लाभ उठाने का आरोप लगा था, लेकिन इस अधिकारी पर कोई कार्यवाही नहीं होने से यह अधिकारी तानाशाह बनता जा रहा है। खरवाड़ा ने बोर्ड के चेयरमैन प्रबोध सैक्सेना से हस्तक्षेप करने व पेंशनर्ज के वित्तीय लाभों की अदायगी सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने बोर्ड के चेयरमैन प्रबोध सैक्सेना से विद्युत बोर्ड पेंशनर्ज फोरम के प्रतिनिधियों की बैठक अतिशीघ्र बुलाने का आग्रह किया है ताकि पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान आपसी बात चीत के माध्यम से संभव हो सके।

चिट्टे पर चोट, हर घर से करनी होगी नशा उन्मूलन की शुरुआत : राज्यपाल

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

संजीवनी ए ग्रुप ऑफ एनजीओ के तत्वाधान में शिमला विलो बैंक होटल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने किया। उन्होंने 'चिट्टा पर चोट' नामकरण को अत्यंत सार्थक बताते हुए कहा कि यह अभियान हिमाचल में बढ़ रही नशे की समस्या को जड़ से मिटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि चिट्टा न केवल समाज को खोखला कर रहा है, बल्कि यह राष्ट्र के लिए एक भयंकर आपदा के रूप में उभर रहा है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों की सराहना की, जिन्होंने विधानसभा सत्र के दौरान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चिट्टा उन्मूलन का संकल्प लिया। राज्यपाल ने कहा कि यदि समाज, परिवार और संस्थाएं मिलकर सुधार व जागरूकता का प्रयास करें, तो यह अभियान निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगा। उन्होंने संजीवनी संस्था और अर्की क्षेत्र की उन महिलाओं की विशेष प्रशंसा की, जिन्होंने 'खेल खिलाओ और नशा

**17 संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने ली नशामुक्ति की शप

सरकारी भूमि पर अतिक्रमण का 'अनंत खेल'

सरकार सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में, मगर अचानक नोटिसों की बरसात से मचा हड़कंप

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल में सरकारी और वन भूमि पर अवैध कब्जों का मुद्दा लगातार उफनता जा रहा है। हालात ऐसे कि यह कहानी अब सिर्फ कानून और प्रशासन की दुविधा नहीं, बल्कि जनता की बेचैनी, राजनीति की पेचीदगियां और पर्यावरणीय संकट का सम्मिलित चित्र बन चुकी है।

एक ओर सरकार दावा कर रही है कि वह सुप्रीम कोर्ट में जाकर राहत के रास्ते तलाशेगी, खासकर उन भूमिहीन परिवारों के लिए जिन्हें सचमुच सहारे की आवश्यकता है। सरकार संकेत दे रही है कि वे ऐसी व्यवस्था पर विचार कर रही है जिसमें जरूरतमंदों को कुछ राहत मिल सके, लेकिन दूसरी तरफ, इस घोषणा के चंद दिनों के भीतर ही राजस्व विभाग ने प्रदेशभर में अवैध कब्जाधारियों को नोटिसों की बौछार कर दी। कई लोगों को 10 दिसंबर तक जमीन खाली करने को कहा गया है। वरना बलपूर्वक बेदखली की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। यह वही लोग हैं जिनमें अधिकांश वर्षों से अपनी छोटी-छाती ज़मीन को सहारे के रूप में देख रहे थे। नोटिस मिलते ही प्रदेशभर में खलबली मची हुई है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में अनुमानित डेढ़ लाख से अधिक ऐसे कब्जाधारी हैं, जिनमें बड़ी संख्या उन लोगों की है जो अपनी जरूरत या मजबूरी के कारण भूमि पर टिके रहे। लेकिन विडंबना यह है कि बड़ी-बड़ी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण करने वाले प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कार्रवाई अब भी प्रतीकात्मक दिखती है। आम जनता पूछ रही है कि ये चूहा-बिल्ली का खेल आखिर कब खत्म होगा?

हालांकि, भुंतर में एक महिला पर सरकारी भूमि पर भवन निर्माण के लिए 1.73 करोड़ का जुर्माना लगाया गया। राजस्व विभाग की यह कार्रवाई चर्चा में रही, लेकिन लोग यह भी पूछ रहे हैं कि क्या सभी मामलों में इतनी ही कठोरता दिखाई जा रही है? प्रदेशभर में कई बड़े अतिक्रमण अब भी जस के तस खड़े हैं। पेड़ कट रहे हैं, नदियों के किनारे घिरते जा रहे हैं, और पहाड़ों की सांसें फूलने लगी हैं।

हाई कोर्ट बार-बार आदेश दे रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट अक्सर स्टे दे देता है, जिससे पूरा तंत्र उलझ कर रह गया है। केंद्र के पर्यावरणीय कानूनों के तहत वन भूमि पर किसी भी तरह की रियायत देना लगभग असंभव है और यही असल गांठ है। वैसे भी राज्य का मौसम चक्र बिखर रहा है, बर्फबारी की लाइन नीचे खिसक चुकी है, और जंगलों की हालत नाजुक है। लेकिन इसके बावजूद राजनीतिक गलियारों में इस मुद्दे को वोट बैंक के तराजू में तौला जा रहा है। जनता कह रही है। क्या कागज़ी नोटिसों और मंचों पर दिए जाने वाले भरोसों से आगे कब बढ़ेगी सरकार? क्या कार्रवाई होगी? क्या राहत मिलेगी? या फिर यह भी एक और ढोल-नगाड़े वाला मुद्दा ही रह जाएगा?

सच्चाई यह है कि प्रदेश की अवैध कब्जाधारी समस्या इतनी विशाल हो चुकी है कि इसे हटाना अब सामान्य प्रशासनिक कदम से परे है। वन भूमि हो, सड़क किनारे हों, नालों की पट्टियां हों। हर जगह एंक्रोचमेंट ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है।सरकार किसे हटाए? किसे छोड़े? और कैसे तय करे कि कौन मजबूरी में बैठा है और कौन सत्ता-संरक्षण में फल-फूल रहा है?

बड़े अतिक्रमणकारी अभी भी पहुंच से दूर

इस बीच, छोटे कब्जाधारियों को नोटिस देकर बेदखली की कार्रवाई भी हुई है, लेकिन बड़े अतिक्रमण मानो किसी ढाल से सुरक्षित हों। यही वजह है कि आम जनता में नाराज़गी और भ्रम दोनों ही बढ़ रहे हैं। अंततः सवाल वही 'क्या यह सिर्फ कागजी कार्रवाई है? क्या सरकार दिखावा कर रही है? क्या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने से हल निकलेगा? या फिर यह सिलसिला यूं ही चलता रहेगा?

राज्य सरकार के कदम उलझे

फिलहाल तस्वीर धुंधली है। सरकार के कदम उलझे हुए हैं, कोर्ट के आदेशों में टकराव, और जनता की उम्मीदें टूट-टूटकर बिखर रही हैं। यह मुद्दा अब सिर्फ कब्जों का नहीं, यह प्रदेश के भविष्य, पर्यावरण, राजनीति और जनता के विश्वास का सवाल बन गया है।

जुन्गा क्षेत्र में मुफ्त राशन योजना का दुरुपयोग, सक्षम परिवार उठा रहे लाभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों के लिए चलाई जा रही मुफ्त और सस्ते राशन की योजना का सबसे अधिक लाभ साधन संपन्न परिवार उठा रहे हैं। जुन्गा तहसील की विभिन्न पंचायतों में लोगों से बातचीत में यह खुलासा हुआ कि कई सक्षम परिवार संयुक्त रूप से रहते हुए भी अपने बेटों के नाम अलग-अलग राशन कार्ड बनवाकर बीपीएल और पीएच श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

पंचायत प्रधानों द्वारा नियमों को दरकिनार कर इन परिवारों को सूची में शामिल किया गया है। डिपो संचालकों के अनुसार छह सदस्यीय बीपीएल कार्ड पर 12 किलो मुफ्त चावल और 17 किलो आटा केवल 20 रुपये 40 पैसे में मिल रहा है, जबकि पीएच कार्ड पर चार सदस्यीय परिवार को 20 किलो राशन सिर्फ 13 रुपये 40 पैसे में उपलब्ध हो रहा है। अंत्योदय श्रेणी के परिवारों को भी 15 किलो चावल मुफ्त और 19 किलो आटा 1.20 रुपये प्रति किलो की दर से मिल रहा है।

खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक रंजना सूद ने बताया कि बीपीएल, पीएच और अंत्योदय श्रेणियों की सूची पंचायत स्तर पर बनाई जाती है और उसी के आधार पर राशन जारी होता है। जुन्गा क्षेत्र के कई पंचायत सचिवों ने भी स्वीकार किया कि वर्तमान में अनेक साधन संपन्न परिवार इन योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। उनका कहना है कि हाल ही में हुए बीपीएल सर्वे में अधिकांश ऐसे परिवार सूची से बाहर कर दिए जाएंगे। सचिवों ने यह भी स्वीकार किया कि पीएच श्रेणी में डेढ़ लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों को जोड़ा जाता है, लेकिन अधिकांश मामलों में आय प्रमाण पत्र नहीं लिया गया है।

राशन वितरण के दौरान स्थानीय लोगों के साथ बातचीत का दृश्य। -फाइल फोटो

नियमों को दरकिनार कर बांटे गए बीपीएल कार्ड

फेसबुक पर ट्रेडिंग का झांसा देकर 42 लाख की साइबर ठगी, एफआईआर

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला

प्रदेश में ऑनलाइन ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। इसमें सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर दिखाए गए एक भ्रामक विज्ञापन और फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के जरिए एक व्यक्ति से लगभग 42 लाख रुपए की ठगी कर ली गई। इस संदर्भ में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने साइबर थाना शिमला में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि फेसबुक पर उन्हें एक वीडियो विज्ञापन दिखाई दिया, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री के नाम और फोटो का दुरुपयोग करते हुए यह दावा किया गया था कि 22,000 रुपये निवेश करने पर प्रतिदिन भारी मुनाफा कमाया जा सकता है। इसे वास्तविक मानते हुए शिकायतकर्ता ने 21,246 रुपये जमा कर दिए।

इसके बाद उन्हें एक कॉल आया जिसमें बताया गया कि उनका रजिस्ट्रेशन हो गया है और उनके नाम से एक वेबसाइट पर ट्रेडिंग अकाउंट बना दिया गया है। शिकायतकर्ता को नियमित तौर पर ज़ूम मीटिंग के माध्यम से अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित और प्रलोभित किया जाता रहा। शुरू में उन्हें 50,000 रुपये तक की छोटी रकम निकालने की अनुमति दी गई, जिससे उनका विश्वास और बढ़ गया।

शिकायतकर्ता के ट्रेडिंग डैशबोर्ड पर बड़े मुनाफे दिखते रहे, जिससे उन्हें लगा कि उनके खाते में भारी लाभ जमा हो चुका है। जब उन्होंने पैसा निकालने का प्रयास किया तो उनसे कहा गया कि धनराशि रिलीज़ करने से पहले 'कैपिटल गेन टैक्स' जमा करना होगा। शिकायतकर्ता ने टैक्स के नाम पर और पैसे जमा किए, लेकिन बाद में उन्हें बताया गया कि 'एक्सचेंज रेट लैप्स' होने के कारण रकम फंस गई है और उन्हें फिर से कैपिटल गेन टैक्स भरना पड़ेगा। अगले दिन एक ईमेल में उनसे स्ठ को ढ्ढ, में बदलने के लिए 15 फीसदी अतिरिक्त शुल्क जमा करने को कहा गया। इसके बाद उनके पास कई अज्ञात नंबरों से व्हाट्सऐप कॉल और संदेश आते रहे जिनमें कहा गया कि उनका पैसा रिलीज़ होने ही वाला है, लेकिन उन्हें 'वेंडर फीस' भी जमा करनी होगी।

इन आश्वासनों पर विश्वास करते हुए शिकायतकर्ता लगातार पैसे जमा करते रहे। काफी राशि जमा करने के बाद भी जब एक भी रुपया वापस नहीं मिला, तो शिकायतकर्ता को एहसास हुआ कि उनके साथ बड़ी धोखाधड़ी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कुल मिलाकर लगभग 42 लाख रुपए की ठगी हुई है।

पीड़ित की शिकायत पर साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर दिखाए जाने वाले निवेश संबंधी विज्ञापनों, भारी रिटर्न के दावों और अज्ञात वेबसाइटों या कॉल्स पर भरोसा न करें।

फर्जी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म और कैपिटल गेन टैक्स के नाम पर बनाया शिकार

हिमाचल में डिलीवरी ठगी पर पुलिस अलर्ट

पार्सल रोकने का बहाना बनाकर बढ़ाई जा रही ऑनलाइन ठगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश पुलिस ने नागरिकों को पार्सल भेजने और प्राप्त करने से जुड़ी ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। हाल के दिनों में अपराधी नकली संदेश भेजकर यह बहाना बनाते हैं कि पार्सल पहुंचने में बाधा आ गई है और पता सुधारने या शुल्क जमा करने के लिए लिंक खोलने या कोड स्कैन करने का आग्रह करते हैं। ऐसा करते ही नागरिकों की बैंक जानकारी चुरा ली जाती है और खाते खाली हो जाते हैं। इसीलिए पुलिस ने जोर दिया है कि किसी भी संदिग्ध संदेश पर विश्वास न करें।

अपराधी प्राय: लोगों को संदेश भेजते हैं कि उनका पार्सल रोका गया है, पता गलत है या शुल्क तुरंत जमा करना आवश्यक है। इसके बाद वे एक कड़ी (लिंक) या त्वरित प्रतिक्रिया कोड (क्यू आर कोड) भेजते हैं और उसे खोलने या स्कैन करने के लिए दबाव डालते हैं। पुलिस का कहना है कि यह पूरा तरीका नागरिकों की गोपनीय जानकारी हासिल कर धोखाधड़ी करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

पुलिस ने सलाह दी है कि किसी भी प्रकार का त्वरित प्रतिक्रिया कोड स्कैन न करें और अज्ञात स्रोत से आई कड़ियों पर क्लिक न करें। अपनी बैंक संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। पार्सल से जुड़ी वास्तविक स्थिति जानने के लिए केवल कूरियर कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही विवरण जांचें। किसी भी संदिग्ध संदेश या गतिविधि के सामने आते ही कोई कदम न उठाएं और स्वयं को सुरक्षित रखें।

साइबर अपराध में पहले 3 घंटे महत्वपूर्ण

पुलिस के अनुसार साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में प्रारम्भिक तीन घंटे अत्यंत निर्णायक होते हैं। जैसे ही किसी प्रकार की वित्तीय धोखाधड़ी का संकेत मिले, तुरंत 1930 साइबर अपराध सहायता हेल्पलाइन पर संपर्क करें या भारत सरकार की आधिकारिक शिकायत पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करें। समय पर दी गई सूचना से धन वापस मिलने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

धोखाधड़ी होते ही तुरंत दर्ज कराएं शिकायत

ठगी का नया जाल तैयार पार्सल अटका होने का लगाया जा रहा बहाना

बिजली लाइन काटकर ट्रांसफार्मर किया चोरी, एक महीने में पांचवीं वारदात दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला शिमला के ठियोग उपमंडल के ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं ने आम लोगों के साथ-साथ प्रशासन को भी चिंता में डाल दिया है। बीती रात फागू क्षेत्र के नरछट खड्ड में सक्रिय बिजली लाइन को काटकर चोरों ने 250 केवी क्षमता वाला ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया।

इस घटना के बाद क्षेत्र में बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई और स्थानीय लोग परेशान हैं। इस संबंध में पुलिस थाना ठियोग में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसे लेकर शिकायत कविंदर, जूनियर इंजीनियर, बिजली बोर्ड फागु ने दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग के पम्प ऑपरेटर निखिल ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि नरछट खड्ड, आईपीएच डाडास चियोग ठियोग स्टेज-1 में स्थापित ट्रांसफार्मर को किसी ने नीचे उतारकर चोरी कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।

गौरतलब है कि यह घटना पिछले एक महीने में सामने आए ट्रांसफार्मर चोरी के मामलों में पांचवीं वारदात है। इससे पहले भी चोर बलग के कोटशई, पराला सेब मंडी के पास हाट, बलग के रेलकोटी और एचपीएमसी पराला के समीप स्थापित 250 केवी क्षमता वाले ट्रांसफार्मर चोरी कर चुके हैं। बार-बार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में अंधेरे की समस्या गहराती जा रही है और बागवानी क्षेत्र में कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

बिजली बोर्ड के एसडीओ शशि कांत ने बताया कि ठियोग उपमंडल का क्षेत्रफल काफी बड़ा है और 700 से अधिक ट्रांसफार्मर कार्यरत हैं, ऐसे में सीमित स्टाफ और संसाधनों के साथ सभी स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विभाग पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री विद्या स्टोक्स को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दीं

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला में विद्या स्टोक्स को जन्मदिन की बधाई देते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री विद्या स्टोक्स के 99वें जन्मदिवस पर शिमला स्थित उनके आवास जाकर भेंट की और उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उनके दीर्घ सार्वजनिक जीवन में दिए गए असाधारण योगदान को याद करते हुए कहा कि स्टोक्स प्रदेश की राजनीतिक और सामाजिक विरासत की अहम कड़ी रही हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने परमपिता परमात्मा से उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की।

दिल्ली महारैली में प्रदेश से जाएंगे हजारों कार्यकर्ता : विनय

सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से की मुलाकात, आवश्यक तैयारियों को लेकर किया मंथन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से 14 दिसम्बर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली के लिए राज्य से तैयारी तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि तीन हजार के करीब कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता और संगठन पदाधिकारी दिल्ली पहुंचेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के साथ ओक ओवर में इस अभियान की तैयारियों तथा 11 दिसम्बर को मंडी में होने वाले जन संकल्प सम्मेलन पर विस्तृत चर्चा की।

विनय कुमार ने कहा कि आपदा की कठिन परिस्थितियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार लाए हैं। उन्होंने बताया कि मंडी में होने वाले जन संकल्प सम्मेलन में तीन वर्ष की उपलब्धियों और सरकार के अगले विजन को रखा जाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि दिल्ली में आयोजित महारैली को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा को सभी समितियों का समन्वयक नियुक्त किया गया है। मोबिलाइजेशन कमेटी में विधायक संजय अवस्थी, भवानी सिंह पठानिया, राम कुमार चौधरी, हरदीप सिंह बाबा, हरीश जनारथा, नीरज नैयर और अजय सोलंकी शामिल किए गए हैं। दिल्ली रिसेप्शन कमेटी का संयोजन विधायक आशीष बुटेल करेंगे, जबकि अमित भरमौरी, विनोद जिंटा और विकास कालटा सदस्य बनाये गये हैं। भोजन व्यवस्था के लिए विधायक केवल सिंह पठानिया संयोजक होंगे तथा विवेक शर्मा के साथ अमित नंदा और दिलदार अली भट्ट सदस्य होंगे।

ट्रांसपोर्टेशन कमेटी की जिम्मेदारी परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा के पास रहेगी। रणजीत सिंह राणा, मनमोहन कटोच, धर्मेंद्र धामी और प्रदीप सूर्या इस समिति के सदस्य होंगे। विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को कार्यकर्ताओं के आवागमन सहित सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी भी दी।

संगठन विस्तार के तहत तीन माह में नई कार्यकारिणी संभव

अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि जिला व ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जल्द कर दी जाएगी और आगामी तीन माह के भीतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी भी गठित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन में वरिष्ठ नेताओं के अनुभव के साथ युवाओं का उत्साह भी शामिल किया जाएगा, ताकि आने वाले समय में पार्टी का ढांचा और मजबूत होकर उभरे।

घोषणाओं से नहीं, भुगतान से संतुष्ट होंगे पेंशनर्स: संदीपनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिमला में भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हालिया बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार पिछले तीन वर्षों से पेंशनरों को केवल खोखले वादों के सहारे बहला रही है, जबकि वास्तविक भुगतान आज तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बार-बार 'एक माह में सभी लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान' की घोषणाएं करने से हकीकत नहीं बदलती, क्योंकि हजारों पेंशनर्स आज भी अपने ही पैसों के लिए भटक रहे हैं। भारद्वाज ने कहा कि यदि सरकार सचमुच संवेदनशील होती तो पेंशनर्स को धर्मशाला में विधानसभा सत्र के दौरान आक्रोश रैली निकालने की नौबत न आती, जो कांग्रेस की विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ओल्ड पेंशन स्कीम के नाम पर कांग्रेस सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों को गुमराह किया, जबकि वास्तविकता यह है कि सरकार अपने ही बनाए वित्तीय संकट में बुनियादी देनदारियां तक समय पर नहीं चुका पा रही। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार पर झूठे आरोप मढ़ रही है, जबकि भाजपा शासनकाल में कर्मचारियों को न वेतन और न ही चिकित्सा बिलों के लिए सड़क पर उतरना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश सरकार ने शीघ्र सभी लंबित भुगतान जारी नहीं किए, तो भाजपा पेंशनर्स के साथ मिलकर प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने से पीछे नहीं हटेगी।

बोले, ओपीएस पर भ्रम और कांग्रेस का वित्तीय प्रबंधन सवालों में

केंद्र सरकार ने हिमाचल को दी सुदृढ़ सड़क व पुल नेटवर्क की बड़ी सौगात : कंगना रनौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राज्य के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की सड़कें यहां की जीवन रेखा हैं और केंद्र सरकार द्वारा सड़क व पुल निर्माण में किए जा रहे निवेश से भविष्य में विकास की मजबूत नींव रखी जा रही है।

कंगना रनौत ने शिमला से जारी बयान में कहा कि मनाली-लेह सामरिक मार्ग पर सीमा सड़क संगठन के प्रोजेक्ट दीपक द्वारा निर्मित चार महत्वपूर्ण पुलों के वर्चुअल उद्घाटन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्र सरकार का आभार जताया। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से बने इन पुलों में 70 मीटर लंबा शोगटोंग ब्रिज, जिंगजिंगबर में दो मल्टी-सेल बॉक्स ब्रिज और कीलिंग सराय में 60 मीटर लंबा यूनम ब्रिज शामिल हैं। ये सभी पुल अत्याधुनिक तकनीक से तैयार किए गए हैं, जिससे हर मौसम में सेना के भारी वाहनों और पर्यटकों की आवाजाही पहले से कहीं अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगी। इन निर्माणों से एवलांच जोन, उफनते नालों और कच्चे रास्तों की पुरानी दिक्कतों से भी बड़ी राहत मिलेगी।

सांसद कंगना रनौत ने कहा कि इन पुलों के बन जाने से जहां सामरिक दृष्टि से सेना की आवाजाही को मजबूती मिलेगी, वहीं मनाली-लेह हाईवे पर पर्यटन को भी नए आयाम प्राप्त होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का हिमाचल के प्रति निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के मजबूत नेतृत्व में हिमाचल निरंतर विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मनाली-लेह मार्ग पर चार नए पुलों से सेना व पर्यटन को नई गति

रक्षा मंत्री ने किया देशभर की 125 परियोजनाओं का लोकार्पण

सौगात शिक्षा मंत्री ने कोटखाई में 1 करोड़ 40 लाख से निर्मित बघाल स्कूल के नए भवन का किया लोकार्पण

अपर शिमला में शिक्षा व विकास ने रचा इतिहास: रोहित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

जिला शिमला के कोटखाई उपमंडल के ऊपरी क्षेत्र में सोमवार को विकास की एक और मजबूत ईंट जुड़ी जब शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से निर्मित राजकीय उच्च विद्यालय बघाल के नए भवन का लोकार्पण किया। स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का वातावरण दिखाई दिया। मंत्री ने कहा कि यह भवन क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मील का पत्थर सिद्ध होगा और उन्हें घरद्वार पर ही बेहतर सुविधाएँ मिलेंगी। उन्होंने उबादेश क्षेत्र को अपना पारिवारिक और भावनात्मक केंद्र बताते हुए कहा कि इस इलाके का उन्हें सदैव आशीर्वाद व सहयोग मिलता रहा है।

ऊपरी क्षेत्रों में में पिछले तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए शिक्षा मंत्री ने बताया कि सड़कों के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज हुई है। 19 नई सड़कें पास की गई हैं, जिनमें चार सड़के क्यारवी पंचायत की हैं, जबकि दो और इसी सप्ताह पास की जाएंगी। उन्होंने कहा कि 2 करोड़ 57 लाख की लागत से मातलू-सराह-बघाल सड़क को स्तरोन्नत किया जा रहा है। साथ ही 4 करोड़ 76 लाख की मेलठ-कुइनल-कलबोग सड़क और 6 करोड़ 73 लाख की बनाड़ीगाड़-सुंदरनगर सड़क का प्राकलन नाबार्ड को भेजा गया है। लोअर चौगन से लोअर गिलाह सड़क को एक माह में स्वीकृत करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचनाओं की बात करते हुए उन्होंने कहा कि जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र शिक्षा और मूलभूत सुविधाओं में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण चल रहा है, जिसमें रामनगर का केंद्र शामिल है। बाघी में पशु औषधालय भवन और कलबोग में 2 करोड़ 55 लाख से बन रहे विद्यालय भवन का 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। चमेन में अग्निशमन केंद्र का निर्माण भी जारी है। इससे पूर्व शिक्षा मंत्री ने चौगन कुल्टी में भूस्खलन से क्षतिग्रस्त क्यारवी-रियोघाटी मार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सड़क को जल्द बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की भारी बरसात से क्षेत्र को करोड़ों का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई के लिए सरकार हरसंभव कदम उठा रही है।

इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मोती लाल डेरटा, निदेशक देविंदर नेगी, यूनियन अध्यक्ष गुमान सिंह चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश ठाकुर, युवा कांग्रेस नेता दीपक कालट/अतुल चौहान, पंचायत प्रतिनिधि, विद्यालय प्रबंधन सहित उपमंडलाधिकारी कोटखाई और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बघाल स्कूल के भवन का लोकार्पण करते हुए।

48 लाख की लागत से बनी पेयजल योजना समर्पित

इसके बाद शिक्षा मंत्री ने 48 लाख रुपए की लागत से तैयार पेयजल आपूर्ति योजना का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को नियमित और स्थायी जल सुविधा मिलेगी।

भूस्खलन प्रभावित मार्गों का निरीक्षण कर शीघ्र बहाली के दिए निर्देश

नाबार्ड को भेजे गए करोड़ों के सड़क प्रोजेक्ट

कुनाल पत्थरी मंदिर कमेटी के चुनाव की कवायद शुरू

नए सदस्य बनाने के लिए 30 दिसंबर तक खुली मेंबरशिप, जनवरी तक हो सकते हैं चुनाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जिला मुख्यालय धर्मशाला के साथ लगते कुनाल पत्थरी मंदिर कमेटी के चुनाव की कवायद शुरू हो गई है। कमेटी में नए सदस्य बनाने के लिए 30 दिसंबर तक मेंबरशिप खोली गई, ऐसे में संभावना व्यक्त की जा रही है कि अगले वर्ष जनवरी माह तक मंदिर कमेटी के चुनाव संपन्न होने के साथ नई कार्यकारिणी का गठन हो जाएगा।

कुनाल पत्थरी मंदिर समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को मंदिर के सभागार में आयोजित की गई। इसमें आगामी पंद्रह दिनों के लिए मंदिर समिति की सदस्यता खोलने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत सकोह, नरघोटा व सराह के बाशिंदे मंदिर समिति के सदस्य बन सकेंगे। गौरतलब है कि लंबे समय से मंदिर कमेटी के चुनावों के प्रयास किए जा रहे थे। सोमवार को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के तहत अब जनवरी तक मंदिर कमेटी को नए पदाधिकारी मिल जाएंगे। मंदिर कमेटी सदस्य भूपिंद्र सिंह ने बताया कि बैठक में 75 फीसदी लोग उपस्थित थे। युवाओं ने भी बैठक में भाग लिया और सभी का कहना था कि जो सदस्यता बंद हो गई थी, उसे खोला जाए व उसके उपरांत पारदर्शिता से चुनाव करवाए जाएं। पुरानी कमेटी को विरासत में साढ़े तीन लाख रुपए मिले थे। पिछले छह-सात वर्षों में कमेटी सदस्यों ने बेहतर कार्य करते हुए राशि को 80 लाख तक पहुंचा दिया है। 30 दिसंबर तक के लिए मेंबरशिप खोली गई है, जिसमें सकोह, सराह व नरघोटा के लोग मंदिर कमेटी के आजीवी सदस्य बनना चाहते हैं, तो 1100 रुपए का शुल्क देकर सदस्य बन सकते हैं। नई सदस्यता का कार्य पूरा होने उपरांत मंदिर कार्यालय क्लर्क मतदाताओं की लिस्ट तैयार करेगा, जिसे एसडीएम धर्मशाला से स्वीकृति मिलने के उपरांत चुनाव की तिथि घोषित की जाएगी। जो प्रक्रिया शुरू की गई है, उससे जनवरी में मंदिर की नई कमेटी का गठन होगा।

मंदिर के सभागार में हुई कुनाल पत्थरी मंदिर समिति के सदस्यों की बैठक।

मेंबरशिप के बाद होंगे चुनाव: सुषमा

मंदिर कमेटी सदस्य सुषमा रंधावा ने बताया कि बैठक में चिन्हित एरिया के लिए मेंबरशिप खोलने की बात कही गई है, उसके बाद चुनाव होगा। जो सदस्य बनेंगे, उन्हीं में से चुनाव होगा, कार्यकारिणी में सात सदस्य बनाए जाते हैं। जो भी नई कार्यकारिणी बने, उसके द्वारा सभी को साथ लेकर कार्य किया जाए, क्योंकि मंदिर आस्था का केंद्र है, इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए, आपसी भाईचारे, प्रेम व सौहार्द के साथ चुनाव होने चाहिए। मंदिर की जो नई कार्यकारिणी बनेगी, वो सभी के सुझावों पर कार्य करे, जिससे कि जो श्रद्धालु यहां आते हैं, उन्हें भी सुविधाएं मिल सकें।

ओबीसी संघर्ष समिति रझूं का गठन अजय प्रधान व मनिंद्र बने उपप्रधान

शिव मंदिर टीका तपेहड़ में ओबीसी संघर्ष समिति रझूं की बैठक आयोजित।

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

डरोह। ओबीसी संघर्ष समिति रझूं का गठन करने के लिए सोमवार को शिव मंदिर टीका तपेहड़ में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता स्थानीय निवासी सरवन चौधरी ने की।

बैठक में अजय कुमार को प्रधान, मुनिंद्र पाल को उपप्रधान, संजीव कुमार सचिव, अशोक कुमार सहसचिव, पूर्ण चंद को कोषाध्यक्ष, नरेश को सोशल मीडिया प्रभारी, जबकि तिलकराज, चंद्र सिंह, रवि कुमार, अनिल कुमार आदि को कार्यकारी अधिकारी चुना गया।

प्राकृतिक खेती की गेहूं का आटा व दलिया कृषि विभाग से खरीदें: कुलदीप

अनंत ज्ञान, पालमपुर। उप कृषि निदेशक डॉ. कुलदीप धीमान ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने के लिए गेहूं, मक्की, हल्दी के लिए समर्थन मूल्य निर्धारित किया गया है और हिमाचल के किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती की विधि से उगाई गई गेहूं का आटा व दलिया की बिक्री कृषि विभाग के विकास खंड स्तर के कार्यालयों के माध्यम से की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती की विधि से उगाई गई गेहूं के आटे का मूल्य 100 रुपए प्रति किलो और दलिया का मूल्य 115 रुपए प्रति किलो है। गेहूं का आटा और दलिया कोई भी व्यक्ति किसी भी मात्रा में कृषि विभाग के कार्यालय से खरीद सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग के नजदीकी कार्यालय से संपर्क करें।

इंडिगो के तीन विमानों ने दी कांगड़ा एयरपोर्ट पर सेवाएं

अनंत ज्ञान, गगल। कांगड़ा एयरपोर्ट पर इंडिगो के तीन विमानों ने अपनी सेवाएं दी, जबकि स्पाइसजेट विमान कंपनी सोमवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर अपनी सेवाएं नहीं देते। इंडिगो का विमान सुबह 9:20 पर कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंडिंग की और 9:50 पर दिल्ली के लिए टेक ऑफ हुआ। दूसरा इंडिगो का विमान एक 1:10 मिनट पर कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ और 1:35 मिनट पर चंडीगढ़ के लिए टेक ऑफ हुआ।

तीसरा इंडिगो का विमान 3:20 पर चंडीगढ़ से आया और कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुआ और 3:55 पर दिल्ली के लिए टेक ऑफ हुआ। इंडिगो के विमान का किराया आज 8 हजार 900 रुपए तक रहा और कांगड़ा एयरपोर्ट से चंडीगढ़ का किराया 6528 रुपए रहा। अब पहले की स्थिति से किराया इंडिगो का सामान्य किराये पर आ गया है, इससे पहले इसका किराया 27000 से भी ऊपर चला गया था इस कारण यात्रियों को काफी अपनी जेबें ढीली करनी पड़ रही थी।

धीरा और कुहाना में आज बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, डरोह। विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने बताया कि 9 दिसंबर को धीरा में नवनिर्मित मिनी सचिवालय भवन की हाई वोल्टेज लाइनों के विद्युतिकरण कार्य एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। इसके चलते विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों धीरा, कुहाना, नौरा, डईं और गांव रक्कड़ में सुबह 9:30 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति में कार्य को स्थगित किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित जनता से सहयोग की अपील की है।

पदोन्नति की राह ताकते सेवानिवृत्ति की दहलीज पर पहुंचे प्रवक्ता: सिकंदर

अनंत ज्ञान, डरोह

प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सिकंदर मिन्हास, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, उपमंडल पालमपुर के अध्यक्ष जतिंदर कंवर, महिला अध्यक्ष संदीपा शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी प्रवक्ताओं की मांगों को लेकर विधायक आशीष बुटेल से मिले। सिकंदर मिन्हास ने कहा कि प्रदेश में प्रधानाचार्यों के लगभग 900 से अधिक पद रिक्त हैं, बावजूद इसके प्रवक्ताओं की पदोन्नति पिछले तीन सालों से लंबित है। पदोन्नति की आस लगाए कुछ प्रवक्ता सेवानिवृत्त हो गए हैं और कुछ सेवानिवृत्ति की दहलीज पर खड़े हैं। बार-बार अनुरोध करने पर भी आश्वासन के अलावा कुछ हासिल नहीं हुआ है, जिससे प्रवक्ताओं में रोष व्याप्त है। समस्त पदाधिकारियों ने पुरजोर मांग की कि वर्ष 2024-25 का बोर्ड परीक्षा परिणाम कुछ प्रवक्ताओं का बोर्ड मानकों से कम आया है तथा विभाग द्वारा उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी है, जो न्यायोचित नहीं है। एक वर्ष का परिणाम खराब आने पर इतनी बड़ी दंडात्मक कार्रवाई उचित नहीं है। बोर्ड मानकों के अनुरूप कम परिणाम देने वाले प्रवक्ताओं को कम से कम एक मौका तो सुधार के लिए मिलना चाहिए। जिन प्रवक्ताओं की वार्षिक वेतन वृद्धि रोकी गई है, उनमें से कुछ प्रवक्ता सेवानिवृत्त होने वाले हैं और कुछ पदोन्नति की दहलीज पर खड़े हैं। परीक्षा परिणाम कम आने के बहुत से अन्य कारण भी होते हैं, पूर्ण दोष प्रवक्ताओं पर मढ़का भी तर्कसंगत नहीं है। प्रवक्ताओं पर इस तरह की दंडात्मक कार्रवाई अमानवीय है।

उनकी वार्षिक वेतन वृद्धि तुरंत प्रभाव से एरियर के साथ बहाल की जाए। विधायक आशीष बुटेल ने समस्त मांगों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आश्वासन दिया कि इन मांगों को वह शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव के समक्ष रखेंगे तथा उचित समाधान करवाने का भी प्रयत्न करेंगे।

कृषि विवि में सेना कर्मियों के लिए चौथा प्रशिक्षण पाठ्यक्रम शुरू

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर ने 'संरक्षित खेती एवं सब्जियों तथा बागवानी फसलों के मूल्य संवर्द्धन' विषय पर भारतीय सेना एवं नौसेना के जेसीओ तथा समकक्ष रैंकों के लिए अपने चौथे दीर्घावधि प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को निदेशालय प्रसार शिक्षा में किया। यह कार्यक्रम रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ रिसेटलमेंट द्वारा प्रायोजित है, जो सेवानिवृत्ति-उपरांत कौशल विकास एवं पुनर्वास के लिए कार्यरत है।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने किया। इस बैच में भारतीय सेना के 14 तथा भारतीय नौसेना के 6 प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण 27 मार्च, 2026 तक चलेगा। डॉ. पांडा ने रक्षा कर्मियों की भागीदारी की सराहना करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, संरक्षित खेती सुविधाओं और व्यावहारिक प्रशिक्षण संसाधनों का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि संरक्षित खेती एवं मूल्य संवर्द्धन तकनीकें रक्षा कर्मियों के लिए सेवानिवृत्ति के पश्चात टिकाऊ आय सृजन और उद्यमिता के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध कराती हैं। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. विनोद शर्मा ने स्वागत भाषण में सभी विशिष्ट अतिथियों, वैज्ञानिकों तथा प्रशिक्षणार्थियों का अभिवादन किया। उन्होंने बताया कि यह रक्षा कर्मियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चौथा दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम है। डॉ. शर्मा ने संरक्षित खेती, वैज्ञानिक फसल प्रबंधन एवं मूल्य संवर्द्धन की बढ़ती प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय लगातार आवश्यकता-आधारित उच्च गुणवत्ता वाले कौशल विकास कार्यक्रम संचालित कर राष्ट्रीय सेवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाठ्यक्रम प्रभारी डॉ. लव भूषण ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि पाठ्यक्रम में ग्रीनहाउस तकनीक, नर्सरी प्रबंधन, जलवायु-लचीली कृषि पद्धतियां, उपज-उपरांत प्रबंधन तथा मूल्य संवर्द्धन तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कार्यक्रम का समापन रक्षा प्रशिक्षणार्थियों को वैज्ञानिक, व्यावहारिक एवं उद्योग उन्मुख कृषि कौशलों से सशक्त बनाने के विश्वविद्यालय के संकल्प के साथ हुआ, जिससे वे सेवानिवृत्ति उपरांत आत्मनिर्भर एवं सफल उद्यमी बन सकें।

संरक्षित खेती एवं सब्जियों तथा बागवानी फसलों के मूल्य संवर्द्धन विषय पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ किया।

न्यूज ब्रीफ

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक स्थगित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार सोनी ने जानकारी दी है कि क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, कांगड़ा स्थित धर्मशाला की बैठक जोकि 15 दिसंबर को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, धर्मशाला में प्रस्तावित थी, प्रशासनिक कारणों की वजह से स्थगित कर दी गई है। प्रस्तावित बैठक की आगामी तिथि के बारे में अलग से सूचित किया जाएगा।

आईटीआई शाहपुर में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में सोमवार को हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग शाहपुर की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने बताया कि शिविर में सभी छात्रों का स्वास्थ्य जांच किया गया। हेल्थ चेकअप, टीवी, स्क्रीनिंग, शुगर,बीपी शिविर में बच्चों का जांचा गया। स्वास्थ्य विभाग शाहपुर के बीएमओ डॉक्टर कविता ठाकुर ने छात्रों के स्वास्थ्य जांच की। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति छात्रों को जागरुक किया। टॉम लेन संस्था की तरफ से अभिषेक ने बताया कि जिले में टीबी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग अपनी कवायद में जुटा है। विभाग को पोर्टेबल हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन मिली है। इस मशीन की सहायता से विभाग जिले में टीबी रोगियों की पहचान करेगा। इस मशीन के आने से जहां समय की बचत होगी। वहीं, मरीजों को भी आसानी से इलाज उपलब्ध होगा।

18 पंजाब रेजिमेंट ने मनाया विजय दिवस

अनंत ज्ञान, पठानकोट। 18 पंजाब रेजिमेंट (हर मैदान फतेह) के सेवानिवृत्त अफसरों, जेसीओ और जवानों ने ब्राचील पास व वाली मलिक बैटल ऑनर की स्मृति में 1971 युद्ध का विजय दिवस पठानकोट के एक स्थानीय होटल में मनाया। मुख्य अतिथि कर्नल जसवीर सिंह, कर्नल रघु राम और सूबेदार किशन चंद्र गोस्वामी समारोह में उपस्थित थे। युद्ध में भाग लेने वाले सभी वेटरन्स ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। सूबेदार मेजर ऑनरेरी कैप्टन सालिग राम ने वेटरन्स का स्वागत करते हुए 1971 के युद्ध में यूनिट की वीरता का वर्णन किया, जिसके लिए यूनिट को महावीर चक्र, वीर चक्र और दो सेना मेडल प्राप्त हुए। कार्यक्रम के अंत में सभी वेटरन्स को सम्मानित किया गया।

संसारपुर टैरेस स्कूल के होनहार किए सम्मानित

पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसारपुर टैरेस में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरिंद्र सिंह ने मनकोटिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति, नशे, प्रदूषण व लोक कला को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। वहीं, नशे व प्रदूषण पर लोगों को जागरूक किया। पढ़ाई, खेलकूद व स्कूल में होने वाले अलग अलग कार्यक्रमों में अव्वल रहे बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर पुस्कृत किया। मनकोटिया ने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद व सांस्कृतिक क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा अवस्था में नशे से दूर रहना चाहिए। इस दौरान सांस्कृतिक पेश करने वाले बच्चों व अव्वल रहे बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक कमेटी प्रधान रविंद्र सिंह, थाना इंचार्ज एसआई संजय शर्मा, राजन शर्मा, तरसेम शर्मा, साहिल, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

महिला उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

अनंत ज्ञान, पालमपुर। उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश व एचपीकेवीएन के सहयोग से महिला उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गौतम स्किल्स इंस्टीट्यूट भवारना में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बाल विकास परियोजना अधिकारी कल्याण सोसायटी रीना रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल व उद्यमिता की दिशा में प्रोत्साहित करना रहा।

शाहपुर एनएच निर्माण में आ रही समस्याओं पर केंद्रीय राज्य मंत्री से मिले श्रेय अवस्थी

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात करते सह संयोजक श्रेय अवस्थी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

प्रदेश भाजपा के सोशल मीडिया विभाग के सह संयोजक श्रेय अवस्थी ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से शिष्टाचार भेंट की। श्रेय अवस्थी ने केंद्रीय राज्य मंत्री को शाहपुर में निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग की धीमी गति से हो रही प्रगति तथा उससे उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि कार्य की अत्यधिक धीमी गति के कारण स्थानीय व्यापार-कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आम जनता व व्यापारी लगातार परेशानी झेल रहे हैं और उनकी समस्याओं का समाधान कहीं दिखाई नहीं दे रहा। मंत्री अजय टम्टा ने आश्वस्त किया कि इस विषय पर वह शीघ्र ही विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे और राजमार्ग निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश देंगे। श्रेय अवस्थी ने उन्हें शाहपुर आने का निमंत्रण भी दिया, जिसे मंत्री ने सहर्ष स्वीकार किया।

अंब की बेटी प्राची का मर्चेंट नेवी में चयन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र से सटे अंब कस्बे की बेटी प्राची ठाकुर ने मर्चेंट नेवी में स्थान बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राची का चयन जीपी रेटिंग कोर्स के लिए हुआ है, जिसके बाद वह समुद्री जहाज पर सेवाएं देने के लिए प्रशिक्षित की जाएगी। इस उपलब्धि के पीछे कैप्टन संजय पराशर का मार्गदर्शन और भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है, जिनकी पहल पर ग्रामीण क्षेत्र की युवतियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है।

मर्चेंट नेवी जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में ग्रामीण युवतियों की भागीदारी को लेकर पराशर द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। संजय द्वारा धरातल पर किए जा रहे इन प्रयासों का ही परिणाम है कि कांगड़ा व ऊना जिले सहित प्रदेशभर से युवतियां समुद्री सेवाओं की दिशा में आगे बढ़ने लगी हैं। प्राची को जीपी रेटिंग कोर्स में प्रवेश मिला है और उसे प्रतिष्ठित संस्थान से नौकरी की स्पान्सरशिप भी प्राप्त हुई है, जिससे उसका भविष्य और अधिक सुरक्षित हो गया है। प्राची ने बताया कि उसके लिए चयन की प्रक्रिया आसान नहीं थी, लेकिन संजय पराशर द्वारा समय-समय पर मिले मार्गदर्शन, सही दिशा और मानसिक संबल ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया।

कैप्टन संजय पराशर ने निभाई मार्गदर्शक की भूमिका

प्राची के पिता राजीव सिंह ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी के सपनों को उड़ान देने का श्रेय कैप्टन संजय पराशर को जाता है। उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार होने के कारण वह इस क्षेत्र की बारीकियों से अनजान थे, लेकिन संजय पराशर ने हर स्तर पर मार्गदर्शन देकर उनकी बेटी के करियर की नींव मजबूत की। उनका परिवार इस सहयोग के लिए सदैव आभारी रहेगा।

वहीं, चिंतपूर्णी से सामाजिक कार्यकर्ता भोला सिंह ठाकुर ने कहा कि संजय पराशर पिछले कई वर्षों से इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं कि ग्रामीण पृष्ठभूमि की प्रतिभाशाली बेटियों को वे अवसर मिल सकें और इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। पराशर ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल एक विद्यार्थी को सफलता दिलाना नहीं, अपितु प्रदेशभर में ऐसे अवसरों का ऐसा वातावरण तैयार करना है, जिससे अधिक से अधिक बेटियां आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि भविष्य में वह युवाओं के लिए विशेष जागरूकता शिविर और मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित करेंगे, ताकि मर्चेंट नेवी, तकनीकी क्षेत्रों और अन्य प्रोफेशनल सेक्टर्स के बारे में सही और व्यावहारिक जानकारी दी जा सके।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य आज करेंगी जनसुनवाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी की अध्यक्षता में 9 दिसंबर को उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके उपरांत वह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा के लिए बैठक करेंगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं बाल विकास) अशोक शर्मा ने बताया कि यह जनसुनवाई विशेष रूप से महिलाओं की शिकायतों, समस्याओं और अधिकारों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए आयोजित की जा रही है। इस दौरान महिलाओं को सुरक्षा, उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल से जुड़े विवाद, तथा अन्य सामाजिक-व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित अपनी शिकायत सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा, जिसमें पहले से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई भी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे शुरू होगा और सभी इच्छुक महिलाएं एवं संबंधित पक्ष अपनी शिकायतों को कार्यक्रम में महिला आयोग की सदस्य के समक्ष प्रस्तुत कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि वे इस जनसुनवाई कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए अपनी समस्या आयोग के समक्ष रखें, ताकि उनके मुद्दों का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

केंद्र सरकार के पास कई हजार करोड़ लावारिस धन : शांता

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि सरकार ने मेरी उस बात को स्वीकार कर लिया है कि केंद्र सरकार के पास कई हजार करोड़ रुपए लावारिस धन पड़ा है। जिसे कई वर्षों से किसी ने अपना हक नहीं जताया। देश की वित्त मंत्री ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है और प्रधानमंत्री ने भी इस बात का जिक्र किया है। शांता ने कहा कि इस प्रकार का धन बैंकों में ही नहीं, कुछ और संस्थाओं में तथा भारतीय जीवन बीमा निगम में भी पड़ा है। सभी संस्थाओं का कुल दो लाख करोड़ रुपए लावारिस सरकार के पास पड़ा है। यह धन उन लोगों का है जिन्होंने धन जमा करवाया फिर वे मर गए और उस धन पर कई वर्षों से किसी ने कोई अधिकार नहीं जताया। इस धन को लेने के लिए कानूनी वारिस नहीं बचा। उन्होंने कहा कि यह दो लाख करोड़ रुपए देश का धन है, इसका उचित उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि उपरोक्त राशि में से सरकार 50 हजार करोड़ रुपए रख लें। अगर कभी कोई कानूनी वारिस सामने आए तो उसे धन दें, परंतु एक करोड़ 50 लाख करोड़ रुपए धन को कानून बनाकर विपदाग्रस्त लोगों को सहायता के लिए दें। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भयंकर बरसात से उजड़े हुए लोगों को फिर से बसाने के लिए सरकार के पास पूरे साधन नहीं है। पूरे देश में ऐसे आपदाग्रस्त गरीबों की मदद के लिए इस धन का उपयोग किया जाना चाहिए।

सूर्या डिफेंस अकादमी थपकोर के सेना में चयनित हुए 19 छात्रों को किया सम्मानित

सूर्या डिफेंस अकादमी थपकोर के छात्रों का सेना में चयन होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। सूर्या डिफेंस अकादमी थपकोर में चयनित सैनिक सम्मान समारोह मनाया गया। इसमें अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद हिमाचल प्रदेश व सभी पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

कर्नल एमएस पठानिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। सूर्या अकादमी के निदेशक सूबेदार नरेंद्र सिंह पठानिया ने अकादमी से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को संबोधित किया। वहीं, कर्नल एमएस पठानिया ने इस वर्ष सेना में चयनित हुए 19 छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि 2019 सूर्या डिफेंस अकादमी की शुरुआत हुई थी, तब से लेकर अभी तक 500 से अधिक अभ्यर्थियों ने अपना सेना में जाने का सपना साकार किया है, जिसका पूरा श्रेय अकादमी के प्रबंधक निदेशक सूबेदार नरेंद्र सिंह पठानिया को जाता है। समारोह में अकादमी के विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। इस मौके पर कैप्टन पीएस चौहान, कैप्टन रमेश मेहरा, कैप्टन रेशम सिंह, कैप्टन दलेर सिंह पठानिया क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

परागपुर के राधा-कृष्ण मंदिर में लगाया सात दिवसीय एक्यूप्रेशर कैंप

शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान

परागपुर। स्वास्थ्य सेवाओं की कमी झेल रहे ग्रामीण इलाकों के लिए परागपुर में सात दिवसीय एक्यूप्रेशर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप राधा-कृष्ण मंदिर में 14 दिसंबर तक चलेगा। इस स्वास्थ्य महाअभियान में बिना किसी दवाई के विविध रोगों का उपचार किया जाएगा। गांव-गांव में फैली जानकारी के बाद ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। पहले दिन कैंप में भारी भीड़ उमड़ी।

सात दिन तक चलेगा महाअभियान

कैंप में शुगर, हाई-लो बीपी, थायरॉइड, स्लिप डिस्क, घुटने-कमर दर्द, सर्वाइकल, माइग्रेन, पीलिया, एसिडिटी, किडनी संबंधी तकलीफों, युवाओं की गुप्त समस्याओं से लेकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भी विशेष उपचार उपलब्ध होगा। परागपुर के वरिष्ठ समाजसेवी लाला बृज मोहन सूद ने कहा कि नियमित रूप से आने वाले मरीजों को यहां अधिक लाभ मिलेगा और लंबे समय से परेशान लोग राहत महसूस कर सकते हैं। ग्रामीणों की सुविधा के लिए रोजाना सुबह 10 से शाम 4:30 बजे तक विशेषज्ञ टीम उपचार देगी। कैंप से जुड़े स्वयंसेवकों मनोज कुमार, बलदेव अत्री, मनोज शर्मा, विभु सूद व अन्य ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाने की अपील की है।

फिन्ना सिंह नहर की पहली किस्त लैप्स होने की कगार पर

परियोजना में देरी होने से बढ़ रही लागत, किसानों का होगा नुकसान : निक्का

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

नूरपुर क्षेत्र की फिन्ना सिंह नहर निर्माण में हो रही देरी से इसकी पहली किस्त लैप्स होने की कगार पर पहुंच गई है। परियोजना में हो रही देरी से जहां लागत बढ़ती जा रही है। इससे किसानों को नुकसान होगा। नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि मेरे द्वारा कई बार विधानसभा में फिन्ना सिंह नहर का प्रश्न विधानसभा में लगाया जा चुका है। क्षेत्र की 16-17 पंचायतों के किसानों को योजना का लाभ मिलेगा। लगभग 300 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्र से हिमाचल सरकार को मिली है। सरकार ने उसका टेंडर तो लगाया है, लेकिन यह प्रक्रिया बीच में फंस कर रह गई है, क्योंकि आरोप लगा है कि जिसे टेंडर मिला है, वह उसे क्वालीफाई नहीं करता और उसकी टर्नओवर पूरी नहीं है। विधायक ने कहा कि मेरे ध्यान में आया है कि उस टेंडर में पांच लोगों को टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया है। यदि केंद्र से स्वीकृत राशि की ही पहली किस्त लैप्स हो जाएगी, उसमें नाकामी किसकी गिनी जाएगी।

नूरपुर क्षेत्र की 16-17 पंचायतों के किसानों को मिलना है लाभ

ठेकेदार क्वालीफाई नहीं करता तो नए सिरे से हो टेंडर

रणवीर सिंह निक्का ने कहा कि यदि किस्त लैप्स होती है, तो किसानों का नुकसान होगा। यदि ठेकेदार क्वालीफाई नहीं करता है तो उसके लिए नए सिरे से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए, जिससे क्वालीफाई करने वाले को टेंडर मिले। नूरपुर क्षेत्र में बहुत पुरानी फिन्ना सिंह में हो रही देरी से उसकी लागत भी बढ़ रही है, जिसके चलते लोगों व सरकारों का नुकसान हो रहा है।

परियोजना स्वीकृत करवाने में लगता है काफी समय

विधायक ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग है कि यदि जिस ठेकेदार को टेंडर दिया गया है, यदि वे क्वालीफाई नहीं करता है तो उसे डिसक्वालीफाई करके नया टेंडर लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कोई परियोजना स्वीकृत करवाने में बहुत समय लगता है, क्योंकि इसमें डीपीआर बनने के साथ केंद्र से धन की स्वीकृति और पैसा आने तक की प्रक्रिया रहती है, तब जाकर टेंडर लगता है और योजना का लाभ लोगों को मिलता है। उन्होंने कहा कि किसान लंबे समय से फिन्ना सिंह नहर का इंतजार कर रहे हैं।

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी तकनीकों को जीवन में अपनाएं : प्रो. बंसल

केंद्रीय विवि में तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण शृंखला शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल के संरक्षण में तीन दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण शृंखला का शुभारंभ किया गया। प्रो. बंसल ने विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी तकनीकों को जीवन में अपनाने तथा शरीर और मन दोनों को उपयुक्त समय देने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में मानसिक स्वास्थ्य का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है और प्रत्येक व्यक्ति को इसे अपनी प्राथमिकता बनाना चाहिए। तीन दिवसीय शृंखला के पहले दिन मुख्यातिथि के रूप में धर्मशाला स्थित जोनल अस्पताल की मनोचिकित्सक डॉ. ज्योति शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने मनोवैज्ञानिक जागरूकता और दृढ़ता पर बल देते हुए कहा कि मानसिक एवं सामाजिक कल्याण आज की जीवनशैली में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को खुलकर सामने लाने और उनसे निपटने के लिए निरंतर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय के मेडिकल ऑफिसर डॉ. अनुराग शर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य का अर्थ केवल शारीरिक नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन से भी है। मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी प्रो. अमित गंगोटिया ने कार्यक्रम के संचालन और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। वहीं, प्रो. इंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारी दृष्टि ही हमारा विश्वदृष्टिकोण बनाती है। सामाजिक और व्यक्तिगत इन दो जीवनों के संतुलन की समझ आवश्यक है। नोडल अधिकारी प्रो अमित गंगोटिया ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े ये सत्र 8 से 10 दिसंबर तक विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों धर्मशाला, शाहपुर और देहरा में आयोजित किए जाएंगे।

कुलपति बंसल ने मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण शृंखला का शुभारंभ किया।

नई जोड़ी

भरवाना के सार्थक व घुग्गर पालमपुर की रुचिका को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

भूमि कानून संशोधन के संदर्भ में कर्मा फाउंडेशन ने प्रदेश सरकार को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफॉर्म एक्ट 1972 की धारा 118 में प्रस्तावित संशोधनों और 2024 के धार्मिक संस्थाओं संबंधी संशोधन को लेकर गंभीर जन चिंताओं के बीच प्रदेश सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। कर्मा फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष पंकज भारतीय के नेतृत्व में एडीएम शिल्पी बेक्टा के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को यह ज्ञापन भेजा गया।

पंकज भारतीय ने कहा कि भूमि कानूनों में मामूली ढील भी बड़े पैमाने पर दुरुपयोग, फर्जीवाड़े और बाहरी पूंजी द्वारा भूमि कब्जे का मार्ग खोल देती है, इसलिए जनता की चिंता तर्कसंगत और अनुभव आधारित है। उन्होंने उत्तराखंड का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां कमजोर भूमि कानून गंभीर जनसांख्यिकीय असंतुलन का कारण बने। पंकज भारतीय ने स्पष्ट किया कि कृषि सहकारी समितियों को भूमि खरीद की अनुमति देने के लिए धारा 118 में संशोधन आवश्यक नहीं, क्योंकि विशेष अनुमति का प्रावधान पहले से मौजूद है।

फाउंडेशन ने राज्यपाल, सरकार और विपक्ष से हिमाचल की भूमि नीति और प्रस्तावित संशोधनों पर विस्तृत, तथ्याधारित और सार्वजनिक व्हाइट पेपर जारी करने की मांग की है।

दगोह स्कूल में बाल मेले में शिक्षण सहायक सामग्री पर लगाई प्रदर्शनी

अजय पाल, अनंत ज्ञान

पालमपुर। राजकीय प्राथमिक केंद्र पाठशाला दगोह में बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त एसडीएम किशोरी लाल मुख्य अतिथि रहे। इसके अलावा अध्यक्ष व सीएचटी मझेड़ा, हंसराज भूतपूर्व पीटीएफ अध्यक्ष, राजकुमार हेड टीचर व जनरल सेक्रेटरी, सरवन कुमार रिटायर्ड बैंक मैनेजर, रमेश चंद्र, जयराम तथा राजकुमार हेड टीचर लुगट विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बाल मेले में मदर ग्रुप्स द्वारा लोगों के लिए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। स्वादिष्ट स्टॉलों के साथ-साथ गेम जोन भी बच्चों के आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में शिक्षण-सहायक सामग्री पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसका अवलोकन पीटीएफ अध्यक्ष देशराज और जनरल सेक्रेटरी राजकुमार ने किया। प्रदर्शनी में विज्ञान, गणित, पर्यावरण, कला एवं भाषाई कौशल से जुड़े मॉडल बच्चों ने स्वयं तैयार किए। वहीं, विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि किशोरी लाल और हंसराज पीटीएफ ने कहा कि आज सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समर्पित स्टाफ और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाकर शिक्षा को मजबूत और सबके लिए समान अवसर वाली व्यवस्था बनाएं। मुख्य अतिथि किशोरी लाल ने 3100, स्पेशल गेस्ट रमेश कुमार एवं जयराम ने 2100, पीटीएफ अध्यक्ष देसराज, राजकुमार सेक्रेटरी, हंसराज ने 2100, सरवन कुमार ने 500 रुपए स्कूल को प्रदान किए। इस अवसर पर राकेश कुमार सीएचटी दगोह, जेबीटी मधुबाला और अध्यापक राकेश कुमार विशेष तौर पर मौजूद रहे।

स्वादिष्ट स्टॉलों सहित गेम जोन रहा बच्चों के आकर्षण का केंद्र।

ढलियारा स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बच्चों ने मचाई धमाल

शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढलियारा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह प्रधनाचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। रिटायर्ड प्रिंसिपल व शिक्षाविद् रणवीर सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्य अतिथि राणा ने कहा कि जिस बच्चे में सपने देखने का साहस है, उसकी उड़ान रोकने की ताकत किसी में नहीं। लक्ष्य तय करो, मेहनत करो, मंजिल जरूर मिलेगी। यह संदेश छात्रों और अभिभावकों के बीच खूब सराहा गया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने सालभर की शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि ढलियारा स्कूल न सिर्फ शिक्षा, बल्कि बच्चों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान जरनेल सिंह उर्फ पम्मा, एसएमसी प्रधान मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे। मंच पर मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह व पारितोषिक प्रदान किए गए, जिस दौरान सभागार तालियों से गूंज उठा। वहीं, विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब धमाल मचाई।

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता ने धर्मशाला में किया संस्थाओं का निरीक्षण

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता ने वृद्धाश्रम दाड़ी का भी निरीक्षण किया और वृद्धजनों से बातचीत की।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने सोमवार को धर्मशाला में विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, लाल लाजपत राय जिला एवं मुक्त सुधार गृह, धर्मशाला तथा जोनल अस्पताल का दौरा किया।

उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, सहायता सेवाओं, उपलब्ध सुविधाओं एवं कार्यप्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके उपरांत उन्होंने वृद्धाश्रम दाड़ी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वृद्धजनों से बातचीत की, उनकी समस्याओं को सुना और उनके लिए उपलब्ध सेवाओं एवं देखभाल व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उन्होंने आश्रम प्रबंधन को वृद्धजनों की सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए। ममता ने कहा कि राष्ट्रीय महिला आयोग का उद्देश्य महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों को सुरक्षित, सम्मानजनक और समुचित सेवाएं उपलब्ध करवाना है।

उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

गरली व गरली खास पंचायतों को किया तंबाकू मुक्त घोषित

स्वास्थ्य विभाग ने दिया प्रमाणपत्र, ब्लॉक में नंबर-1 मॉडल पंचायतें बनीं।

सालविया शर्मा, अनंत ज्ञान

गरली। गरली और गरली खास पंचायत को तंबाकू मुक्त घोषित किया है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. सतीश ने दोनों पंचायतों को तंबाकू मुक्त पंचायत सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, जिससे गरली क्षेत्र एक बार फिर स्वास्थ्य सुधार की मिसाल बन गया।

नेशनल तंबाकू मुक्त अभियान के तहत घर-घर जागरूकता, निगरानी, समुदाय की सक्रिय भागीदारी और स्कूलों का सहयोग इस जीत की रीढ़ बना। पंचायत प्रधान शशि लता ने क्षेत्र की जनता को सबसे बड़ा सहयोगी बताते हुए कहा कि यह सिर्फ प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि नशा-मुक्त, स्वच्छ और स्वस्थ पंचायत की ओर उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग का आभार जताते हुए कहा कि यह अभियान अब और तेजी से आगे बढ़ेगा। गरली और गरली खास अब पूरे ब्लॉक के लिए रोल मॉडल बन गई हैं एक ऐसी पंचायत के रूप में, जिसने नशे से लड़ाई को जन-अभियान में बदल दिया। इस अभियान में पंचायत सचिव संजय कुमार, डॉक्टर पंकज, सुपरवाइजर नरेश कुमार, बीपीएम सुरेंद्र कुमार, सीएचओ कुमारी सोनिया और सरकारी-निजी स्कूलों के अध्यापक चेतन कुमार सहित पूरी स्वास्थ्य टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

संजय कपाही और प्रशांत बंसल को चुना निदेशक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। द धर्मशाला अर्बन को-ऑपरेटिव (टीएंडसी) सोसायटी लिमिटेड के दो निदेशक पदों के लिए हुए चुनाव में वार्ड छह से प्रशांत बंसल, जबकि वार्ड एक से संजय कपाही विजेता घोषित किए गए हैं। सोमवार को दो पदों के लिए हुए चुनाव को लेकर सुबह नौ से सायं तीन बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। इसके तुरंत बाद मतगणना के साथ परिणाम घोषित किए गए। वार्ड छह में निदेशक पद के हुए चुनाव में प्रशांत बंसल ने अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार विजय धीमान को 31 मतों से शिकस्त दी। कुल 99 मतों में से 65 मत पोल हुए। जिसमें 48 मत प्रशांत बंसल ने हासिल किया, जबकि विजय धीमान को 17 मतों से ही संतोष करना पड़ा। वहीं, वार्ड एक के निदेशक के लिए हुए चुनाव में संजय कपाही ने अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अतुल कपूर को 15 मतों से हराया। कुल 77 मतों में से 40 पोल हुए। इसमें एक निरस्त शामिल है। संजय कपाही ने 27 मत हासिल किए, जबकि अतुल कपूर को 12 ही मत प्राप्त हुए। इससे पहले पांच निदेशक निर्विरोध चुने जा चुके हैं। इनमें प्रो. विजय शर्मा, गर्वित शर्मा, प्रणव सचदेवा, अंशुल शर्मा व एडवोकेट जगदेव राणा शामिल हैं। चुनाव को लेकर 21, 22 और 24 नवंबर को नामांकन दाखिल करने की तिथियां थीं। इनमें उपरोक्त पांच उम्मीदवारों के खिलाफ कोई भी प्रतिद्वंद्वी खड़ा नहीं हुआ था। 28 को नामांकन वापसी के साथ दो ही निदेशक पदों के लिए दो-दो उम्मीदवार आमने-सामने रहे थे।

द धर्मशाला अर्बन को ऑपरेटिव सोसायटी के दो निदेशक पदों पर हुए चुनाव

धर्मशाला में मैराथन 25 को, देश-विदेश के धावक लेंगे भाग

बिगफुट एडवेंचर इंडिया के सहयोग से नगर निगम व जिला प्रशासन करेगा आयोजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

नगर निगम धर्मशाला एवं जिला प्रशासन धर्मशाला की ओर से बिगफुट एडवेंचर इंडिया के सहयोग से धर्मशाला मैराथन-2025 का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें देश-विदेश से हजारों धावकों के शामिल होने की उम्मीद है। यह जानकारी आयुक्त नगर निगम जफर इकबाल ने मैराथन के आयोजन के संबंध में जिला अधिकारियों के साथ नगर निगम के समृद्धि भवन में आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने कहा कि यह मैराथन केवल एक खेल कार्यक्रम नहीं बल्कि धर्मशाला को खेल पर्यटन का प्रमुख गंतव्य बनाने की दिशा में यह आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने बताया कि इवेंट की शुरुआत साई एथलेटिक मैदान से होगी। इसमें 3 किलोमीटर, 5 किलोमीटर, 10 किलोमीटर, हाफ मैराथन और फुल मैराथन की श्रेणियां होंगी। उन्होंने कहा कि धावकों को इवेंट टी-शर्ट, फिनिशर मेडल, हाइड्रेशन सपोर्ट इत्यादि सुविधायें उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि 3 से 5 किलोमीटर के स्कूली और कॉलेज धावकों को पंजीकरण शुल्क में 100 प्रतिशत छूट, जबकि 10 और इससे अधिक किलोमीटर के स्कूली और कॉलेज धावकों को पंजीकरण शुल्क में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने आम जनता से आग्रह किया कि इस आयोजन में सक्रिय सहयोग कर इसे धर्मशाला की पहचान बनाने में योगदान दें। जफर इकबाल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि धावकों को विश्वस्तरीय अनुभव मिले। उन्होंने बताया कि मैराथन साई स्टेडियम से शुरू होकर चरान-दाड़ी-रक्कड़-खनियारा-कोतवाली बाजार-चीलगाड़ी होते हुऐ यह मैराथन साई स्टेडियम में ही समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि मैराथन में स्कूली और कॉलेज तथा विभिन्न संस्थानों के बच्चों सहित पुलिस, भारतीय सेना के जवान सहित आमजन भी भाग लेंगे। बैठक में मार्ग प्रबंधन, मेडिकल सपोर्ट, पुलिस प्रबंधन, होटल एसोसिएशन सहित विभिन्न एनजीओ के सहयोग इत्यादि सहित अन्य तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर, डिप्टी कमांडेंट पुलिस लाइन सकोह बद्री सिंह, एसडीएम मोहित रत्न, सीएमओ विवेक करोल, सहायक आयुक्त फूड सेफ्टी मनजीत सिंह, उप निदेशक प्रारंभिक शिक्षा अजय सिंह, डिप्टी डीईओ अश्वनी कुमार, नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा सुधीर भाटिया, आरएम एचआरटीसी साहिल कपूर, कमांडेंट होमगार्ड राजेश कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान, साई अथॉरिटी से अंकुर कुमार, प्रधानाचार्य डिग्री कॉलेज राकेश पठानिया, डीसीएफए डीएमसी राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मार्ग प्रबंधन, मेडिकल सपोर्ट, पुलिस प्रबंधन, होटल एसोसिएशन सहित तैयारियों पर चर्चा की गई।

जानकारी मुख्यमंत्री सुक्खू 19 को समापन समारोह में करेंगे बतौर मुख्य अतिथि शिरकत

मंत्री धर्माणी 18 को करेंगे इंदौरा उत्सव का शुभारंभ

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। विधायक मलेंद्र राजन ने वन विश्राम गृह इंदौरा में पत्रकार वार्ता में बताया कि क्षेत्र का बहुप्रतीक्षित इंदौरा उत्सव 18 और 19 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्सव के पहले दिन 18 दिसंबर को प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर प्रस्तुति देंगे, जबकि 19 दिसंबर को लोकप्रिय कलाकार लखविंदर वडाली तथा हारमनी ऑफ पाइंस पुलिस बैंड अपनी प्रस्तुतियों से समापन समारोह को यादगार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि 18 दिसंबर को तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी बतौर मुख्य अतिथि उत्सव का शुभारंभ करेंगे। 19 दिसंबर को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

विधायक मलेंद्र ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

वन विश्राम गृह इंदौरा में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते विधायक मलेंद्र राजन।

स्थानीय कलाकारों को मिलेगा मंच

मलेंद्र राजन ने बताया कि इंदौरा उत्सव में स्थानीय कलाकारों को बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया जाएगा, ताकि उनकी छुपी हुई प्रतिभा को पहचान मिल सके। उन्होंने कहा कि यह मंच न केवल कलाकारों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को भी और अधिक मजबूत करेगा।

12 से शुरू होंगी खेल स्पर्धाएं

विधायक ने बताया कि 12 दिसंबर से बैडमिंटन, वॉलीबाल, कबड्डी, क्रिकेट तथा महिलाओं के लिए रस्साकशी, स्पून रेस व शॉट पुट जैसी खेल प्रतियोगिताएं आरंभ हो जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इंदौरा उत्सव के दौरान मंच पर सम्मानित किया जाएगा।

विधायक बोले- उत्सव का प्रमुख उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना

विधायक ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना इस उत्सव का एक प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने चिट्टा जैसे खतरनाक नशे को जड़ से खत्म करने के लिए राज्यव्यापी और कड़े स्तर पर अभियान शुरू किया है, जिसके स्पष्ट परिणाम भी सामने आ रहे हैं। यह अभियान सिर्फ कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज, प्रशासन, स्कूल-कॉलेजों, पंचायतों और युवाओं को जोड़कर इसे एक जनआंदोलन का रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का नारा 'चिट्टे को भगाना है, युवाओं को बचाना है' केवल एक नारा नहीं, बल्कि हिमाचल के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। इंदौरा उत्सव में हजारों युवाओं की मौजूदगी के बीच यह संदेश और अधिक प्रभावी रूप में पहुंचेगा।

कांगड़ा वैली कार्निवल: डीआरडीए के सभागार में होंगे कलाकारों के ऑडिशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए डीआरडीए कार्यालय धर्मशाला में 15 से 18 दिसंबर तक ऑडिशन लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऑडिशन के लिए कोई भी कलाकार/गायक/प्रतिभागी उपरोक्त तिथियों में सुबह 11 से दोपहर 4 बजे के बीच डीआरडीए कार्यालय में ऑडिशन के लिए आ सकता है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों को अवसर देने के लिए यह ऑडिशन रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कांगड़ा वैली कार्निवल में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए एक स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें डीआरडीए के परियोजना अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष के रूप में नामित किए गए हैं। वहीं, जिला भाषा अधिकारी सदस्य सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन मेल के माध्यम से भी भेज सकते हैं। बता दें, इस वर्ष 21 दिसंबर से 25 दिसंबर तक धर्मशाला के पुलिस मैदान में कांगड़ा वैली कार्निवल-2025 आयोजित किया जा रहा है। कार्निवल के दौरान कार्निवल को सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा जोरों शोरों से तैयारियां की जा रही हैं।

15 से लेकर 18 दिसंबर तक दे सकते हैं ऑडिशन

धर्मशाला कॉलेज के बीबीए विभाग के स्टूडेंट्स ने किया शैक्षणिक भ्रमण

छात्रों ने कुल्लू शॉल फैक्टरी का दौरा कर उत्पादन प्रणाली, उद्योग संचालन की बारीकियों की जानकारी प्राप्त की।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के बीबीए विभाग के स्टूडेंट्स ने कुल्लू, मनाली एवं केलांग का औद्योगिक सह-शैक्षणिक भ्रमण किया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली, उत्पादन तकनीक, मार्केटिंग रणनीतियों और प्रबंधन प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने कुल्लू शॉल फैक्टरी का दौरा कर आधुनिक उत्पादन प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण एवं उद्योग संचालन की बारीकियों के बारे में उन्होंने विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

विशेषज्ञों के साथ संवाद ने छात्रों को वास्तविक व्यावसायिक माहौल और प्रबंधन की व्यवहारिक चुनौतियों को समझने में मदद की। भ्रमण का नेतृत्व प्रो. धीरज कटोच एवं प्रो. श्वेता ने किया। दोनों अध्यापकों ने पूरी यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उनके सीखने की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाया। राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने विभाग की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि व्यावहारिक अनुभव विद्यार्थियों के ज्ञान को निखारने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उद्योगों का प्रत्यक्ष अवलोकन छात्रों के आत्मविश्वास और पेशेवर कौशल को और सुदृढ़ बनाता है। ट्रिप को-ऑर्डिनेटर्स ने भी इस यात्रा को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि ऐसे औद्योगिक-शैक्षणिक भ्रमण वास्तविक व्यापारिक परिस्थितियों को समझने और सिद्धांतों को व्यवहार में लागू करने का अमूल्य अवसर प्रदान करते हैं।

न्यूज ब्रीफ

भल्लू-बलघाड़ सड़क पर यातायात 15 तक बंद

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। उपायुक्त एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत आदेश जारी करते हुए बताया कि भल्लू से बलघाड सड़क पर निर्माण कार्य के सुचारु निष्पादन के लिए आगामी 15 दिसंबर तक यातायात बंद रहेगा। इस अवधि में यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगी। जारी आदेश के तहत उन्होंने बताया कि इस दौरान यातायात को वाया सेर-सुन्हाणी मार्ग से डायवर्ट किया गया है। इस अवधि में केवल आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस, वीआईपी वाहन, स्कूल बसें तथा अन्य आवश्यक सेवा वाहनों को इस अवधि में इस मार्ग पर आवागमन की अनुमति होगी।

नेशनल में ब्रांज मेडल विजेता वंश का भव्य स्वागत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। अभी हाल ही में यूपी के गोरखपुर में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की रेस्लिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता पहलवान वंश ठाकुर का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंदरौर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। वंश की उपलब्धि हिमाचल और बिलासपुर के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार ने इस बच्चे की उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही सभी बच्चों द्वारा सामूहिक रूप से इस बच्चे का स्वागत एवं अभिनंदन विद्यालय में किया गया। प्रधानाचार्या निर्मला चौहान ने वंश को स्मृति चिन्ह दिया तथा टोपी और बच्चों द्वारा फूलमालाओं से सम्मान किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि वंश की उपलब्धि पर न सिर्फ स्कूल बल्कि पूरे जिला व प्रदेशवासियों को गर्व है। उन्होंने कहा कि अन्य बच्चों को भी वंश से सीख लेनी चाहिए।

बिलासपुर में होने वाला राष्ट्रीय नाट्य उत्सव स्थगित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बीती शाम रौड़ा सेक्टर के दुर्गा मंदिर परिसर में व्यास रंगमच समिति बिलासपुर की बैठक समिति के संरक्षक अश्वनी शर्मा व सुशील पुंडीर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 12 से 14 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय नाट्य उत्सव को किन्ही अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान विनोद शर्मा ने बताया कि आगामी कार्यक्रम की तिथि की बहुत जल्द घोषणा की जाएगी। इस बैठक में सचिव चमन गुप्ता, अनिल मेहता, बृजेश कौशल, गोविंद घोष, शालीनी शर्मा, शालू ठाकुर, ईशान गौतम, विक्रांत कौंडल, राजन, शौर्य किशन, तथा अन्य सदस्य मौजूद रहे।

महिलाओं की तुलना में पुरुष नसबंदी ज्यादा सेफ

अनंत ज्ञान, नम्होल। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सदर ब्लॉक मारकंड द्वारा 8 दिसंबर को पुरुष नसबंदी पखवाड़ा जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ मारकंड ने की। हेल्थ एजुकेटर मस्तराम ने बताया कि इस पखवाड़े का उद्देश्य खुशहाल परिवार हेतु पुरुष नसबंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि पुरुष नसबंदी महिलाओं की तुलना में अधिक सुरक्षित, सरल व बिना दर्द की प्रक्रिया है, जो लगभग 10-15 मिनट में पूरी हो जाती है और इसमें न टांके लगते हैं, न ज्यादा खून बहता है। प्रक्रिया के बाद कुछ घंटे में सामान्य जीवन संभव है तथा यौन क्षमता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पुरुष को 1100 रुपए और महिला को 700 रुपए प्रोत्साहन राशि मिलती है। बीएमओ ने सलाह दी कि सर्जरी के बाद 24 घंटे आराम, एक सप्ताह तक भारी सामान न उठाने तथा दिए गए चिकित्सीय निर्देशों का पालन करना चाहिए। प्रक्रिया के बाद तीन महीने तक गर्भनिरोधक उपयोग जारी रखना और वीर्य जांच कराना आवश्यक है। कार्यक्रम में छोटी प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें तीन प्रतिभागियों को वॉटर बॉटल देकर सम्मानित किया गया तथा सभी को फल वितरित किए गए।

राजेंद्र वर्मा प्रधान, राजपाल कपूर चुने महासचिव

अनंत ज्ञान, बरठीं। हिमाचल प्रदेश मुख्याध्यापक संवर्ग अधिकारी संघ जिला बिलासपुर का द्विवार्षिक चुनाव बरठी में सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष मुख्याध्यापक राजेंद्र वर्मा और वित्त सचिव प्रधानाचार्य सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर राज्य प्रधान रतन सिंह वर्मा और जिला शिमला के कोषाध्यक्ष कुलदीप ठाकुर पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव में प्रधान पद पर मुख्याध्यापक राजेंद्र वर्मा, महासचिव पद पर मुख्याध्यापक राजपाल कपूर, तथा कोषाध्यक्ष पद पर मुख्याध्यापक राजेश ठाकुर को सर्वसम्मति से चुना गया। नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान प्रधानाचार्य जगदीप ठाकुर, प्रधानाचार्य डीआरभाटिया, मुख्याध्यापक पंकज दुर्वासा, मुख्याध्यापक मदन शर्मा, मुख्याध्यापक मनोज ठाकुर, प्रधानाचार्य सुकुमार राणा, मुख्याध्यापक गजेंद्र धीमान, मुख्याध्यापक अनिल शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

विस्थापितों के पुनर्वास के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध : नेगी

कोलडैम विस्थापितों के पुनर्वास को लेकर राज्य स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

राज्य स्तरीय कोलडैम विस्थापित पुनर्वास एवं परामर्श समिति की महत्वपूर्ण बैठक आज उपायुक्त कार्यालय बिलासपुर के बचत भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में विभिन्न विकास परियोजनाओं के कारण जो भी परिवार विस्थापित हुए हैं, उनके पुनर्वास और अधिकारों की सुरक्षा के प्रति प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि, 'विस्थापितों का आखिरी व्यक्ति भी पुनर्वास और सभी सुविधाओं का हकदार है और यह हक उसे हर हाल में मिलेगा।' मंत्री ने बताया कि लगभग 15 वर्षों के अंतराल के बाद कोल बांध विस्थापितों के पुनर्वास के लिए बैठक आयोजित की गई है, जिसका उद्देश्य लंबित समस्याओं का व्यापक समाधान करना है। राजस्व मंत्री ने बैठक में कोल बांध विस्थापितों के पुनर्वास संबंधी समस्याओं को लेकर बिलासपुर और मंडी जिलों के उपायुक्तों को एसडीम बिलासपुर सदर और एसडीम सुन्दर नगर की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि यह कमेटी एक माह के भीतर जमीनी तथ्य, वीडियोग्राफी और सबूतों सहित सरकार के समक्ष विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। उन्होंने यह भी कहा कि यह जांच औपचारिकता नहीं होगी बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जाएगी। बैठक में तातापानी से सुन्नी तक कोलडैम में बढ़ रही सिल्ट और बरसातों में जलस्तर बढ़ने से आसपास क्षेत्रों में संभावित जलभराव की गंभीर समस्या पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मुद्दे पर मंत्री ने एनटीपीसी के अधिकारियों को कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने तत्काल सभी संबंधित उपायुक्तों को डैम सेफ्टी एक्ट और डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट के तहत एनटीपीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

एनटीपीसी को दिए ये निर्देश

मंत्री ने एनटीपीसी को ये निर्देश दिए कि लोकल एरिया डेवलपमेंट फंड और सीएसआर फंड का उपयोग प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप किया जाना चाहिए। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि अब कोई भी योजना इन प्रभावित क्षेत्रों में बिना स्थानीय लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन की संयुक्त बैठक के बिना स्वीकृत नहीं होगी। उन्होंने युवाओं के लिए खेल मैदान, कौशल विकास, स्टार्टअप प्रोत्साहन और स्थानीय आजीविका मॉडल विकसित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने उपायुक्तों को प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय क्षेत्र विकास समिति की बैठक समय-समय पर आयोजित करने के निर्देश दिए।

सरकार की जन संकल्प रैली से भाजपा में घबराहट होना स्वाभाविक: संदीप

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। विपरीत परिस्थितियों और कठिन हालातों में ईमानदारी के साथ जनसेवा की राह में संघर्ष की आग में तपकर कुंदन हुई प्रदेश की कांग्रेस सरकार का तीन साल का जश्न वास्तव में विरोधियों के लिए परेशानी का सबब तो होगा ही, क्योंकि प्रदेश की जनता द्वारा सता से बाहर की गई भाजपा ने कांग्रेस की मजबूत सरकार को गिराने की हर कोशिश की, लेकिन हर मोर्चे पर औंधे मुंह गिरी भाजपा की कुत्सित चालें और राजनीति का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मजबूत सरकार ने मुंह तोड़ जबाव दिया है। प्रेस को जारी बयान में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया को-ऑर्डिनेटर संदीप सांख्यान ने कहा कि सरकार का जन संकल्प रैली से भाजपा को घबराहट स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के तीन उपलब्धियों भरे महत्वपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर राज्यस्तरीय जन संकल्प आयोजन मंडी में मनाया जा रहा है लेकिन विधानसभा सत्र से लेकर इस आयोजन को लेकर भाजपा बैक फुट पर ही नजर आ रही है। गत वर्ष ऑपरेशन लोटस में मुंह की खाने के बाद और केंद्र में बैठी भाजपा की ही सरकार प्रदेश की जनता का पैसा रोक कर ऑपरेशन लोटस की भड़ास कांग्रेस सरकार पर निकाल रही है। सांख्यान ने कहा कि आज प्रदेश के कर्मचारियों का 12 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार के पास है, तीन वर्ष की आपदा में मिलने वाला पैसा आंकलन के बाद भी नहीं मिल पाया जबकि बीती बरसात में आपदा क्षेत्रों का दौरा करने आए देश के प्रधानमंत्री 1500 करोड़ की घोषणा कर गए थे, तीन माह बीत जाने के पश्चात अभी करीब 451 करोड़ ही प्रदेश सरकार को मिले हैं, तो क्या ऐसे में देश के प्रधानमंत्री प्रदेशवासियों के सामने झूठ बोल गए।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलाई में डॉक्टर्स की कमी से मरीज परेशान

अनंत ज्ञान, शाहतलाई

शाहतलाई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के चलते मरीजों की दिक्कतें दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं। इस तरफ न तो सरकार दे रही है और न ही संबंधित विभाग कोई ठोस कदम उठा रहा है। शाहतलाई धार्मिक स्थल होने पर हर समय श्रद्धालुओं का आना -जाना लगा रहता है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पांच-छह पंचायतों के लोग उपचार के लिए आते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलाई में चिकित्सकों के तीन पद स्वीकृत हैं, जिसमें से दो चिकित्सकों के पद पिछले एक वर्ष से रिक्त चले हुए हैं, जबकि वर्तमान एक ही चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहा है। इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हर रोज 100 के करीब मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। एक चिकित्सक होने के चलते मरीजों को उपचार के लिए अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक चिकित्सक चलते 24 घंटे सेवाएं यहां पर बंद हो गई हैं। इससे पहले इस स्वास्थ्य केंद्र में तीन डॉक्टर एक समय पर मौजूद रहा करते थे। वहीं, आपातकालीन सुविधाएं उपलब्ध होती थीं और रात्रि सेवाएं भी जारी थीं, लेकिन वर्तमान समय में इस अस्पताल की रात्रि सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

केंद्र में शाम 4 बजे लटक जाता है ताला

इस स्वास्थ्य केंद्र में शाम 4 बजे के बाद ताले लटक जाते हैं, जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हैरानी की बात यह है अगर कोई मरीज चार बजे के पश्चात आता है, तो उसे स्वास्थ्य सुविधाओं का कोई लाभ नहीं मिलता है हमीरपुर ही ले जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग करते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तलाई में चिकित्सकों के पद भरने के साथ साथ आपातकालीन सुविधा शुरू की जाए है। जब इस संदर्भ में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शशि शर्मा से संपर्क किया, तो उन्होंने कहा कि इस बारे मे सरकार व विभाग के संबंधित उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है।

हर ठोकर हमें देती है सीख: सुभाष ठाकुर

डीएवी स्कूल एनटीपीसी टाउनशिप जमथल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

अनंत ज्ञान, बरमाणा

डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी टाउनशिप जमथल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में एनटीपीसी कोल डैम परियोजना के एचओपी सुभाष ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र तलवार सेक्रेटरी डीएवी सीएमसी व चेयरमैन डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी जमथल ने दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम की शुरुआत डीएवी गान व एनटीपीसी गीत के साथ हुई। स्कूल की प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने मुख्यातिथि और सभी अतिथियों का शौल और पौधे बतौर स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल भी मौजूद रहे। उसके बाद स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत हुई। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे नन्हे-नन्हे बच्चों ने भर दो झोली मेरी या मोहम्मद लौट कर मैं न जाऊंगा खाली,कहते है मुझे हवा हवाई, सूरज कब दूर गगन से चंदा कब दूर किरण से-खुश्बू कब दूर पवन से,ये बंधन तो प्यार का बंधन आदि प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। वहीं, मुख्यातिथि ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि असफलता के पड़ाव ही सफलता की ओर ले जाते हैं। हर ठोकर हमें सीख देती है और आगे बढ़ने की ताकत भी देती है। जिन बच्चों का नाम इस वर्ष पुरस्कार सूची में नहीं आया है, उन्हें निराश होने की आवश्यकता नहीं है। प्रत्येक बच्चे में विशेष क्षमता होती है, बस निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। प्रयास जारी रखें ताकि अगले वर्ष मंच पर सम्मान प्राप्त करते दिखें। मुख्यातिथि ने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों की बेहतर प्रस्तुतियों में शिक्षकों की मेहनत साफ झलक रही थी जिसके लिए वे बधाई के पात्र हैं। उन्होंने जताया कि जहां माताओं की उपस्थिति बड़ी संख्या में देखने को मिली, वहीं बच्चों के पिता अनुपस्थित दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति को देखने के लिए माता-पिता दोनों की उपस्थिति आवश्यक है, क्योंकि इससे बच्चों का मनोबल बढ़ता है । मुख्यातिथि ने सभी मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

तृप्ता कौर कल्याण कला मंच की प्रधान

बाबू राम धीमान को महासचिव और श्याम सुंदर सहगल को चुना कोषाध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक संगोष्ठी और द्विवार्षिक चुनावों को संपन्न करवाने के लिए बैठक का आयोजन ललिता कश्यप की अध्यक्षता में किया गया, जबकि उनके साथ लेखक और राज्य शिक्षा पुरस्कार से अलंकृत परमजीत सिंह कहलूरी रहे। बैठक में निर्णय लिया कि मंच 14 दिसंबर को निचली भट्टेड के वयोवृद्ध वीर सैनिक नंद लाल शर्मा को उनके घर पर जा कर सम्मानित करेगा। मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास ने द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराने से पूर्व पिछली कार्यकारिणी का त्यागपत्र दिया।

चुनाव में तृप्ता कौर को प्रधान, बाबू राम धीमान को महासचिव, श्याम सुंदर सहगल को कोषाध्यक्ष, अमरनाथ धीमान को संरक्षक और सुरेंद्र मिन्हास को निर्देशक चुना गया है। इनका कार्यकाल 2 वर्ष रहेगा और ये पदाधिकारी 15 दिनों के भीतर कार्यकारिणी का गठन करेंगे। अंत में नवगठित पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधान सुरेंद्र मिन्हास को उनकी प्रदेश के लिए की गई साहित्यिक सेवाओं और मंच को बुलंदियों तक ले जाने में उनकी कर्तव्य निष्ठा के लिए काले बाबा सर्वश्रेष्ठ अध्यक्षता सम्मान-2025 से सम्मानित किया।

शाहतलाई-बरठीं-घुमारवीं सड़क के लिए 35 करोड़ मंजूर: कटवाल

अनंत ज्ञान, झंडूता

स्थानीय विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल नारा नहीं, बल्कि देश की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने ग्राम केंद्र झबोला में आयोजित टिफिन बैठकों में कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। कटवाल ने कहा कि मोदी सरकार ग्रामीण भारत के समग्र विकास के लिए जमीनी स्तर पर काम कर रही है। झंडूता क्षेत्र में पिछले आठ वर्षों में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में व्यापक विकास हुआ है।

उन्होंने बताया कि शाहतलाई-बरठीं-घुमारवीं मुख्य सड़क के लिए केंद्र सरकार ने 35 करोड़ स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि झबोला पंचायत में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए लगभग 55 लाख रुपये विभिन्न मदों से खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार राजनीतिक भावना से प्रेरित होकर संस्थानों को बंद कर रही है और विकास कार्य ठप पड़े हैं।

श्री नयना देवी उपमंडल में छुपी ग्रामीण प्रतिभाओं को हुनर दिखाने के लिए मिलेगा मंच

श्री नयना देवी मंदिर न्यास स्थापना दिवस महोत्सव में करवाई जाएंगी प्रतियोगिताएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

लाडली फाउंडेशन की जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा एवं हिमालय विकास सेवा संस्था के पदाधिकारी राजेश कुमार मिन्हास एवं शालिनी शर्मा ने कहा कि एसडीएम धर्मपाल चौधरी के प्रयासों से श्री नयना देवी में मंदिर न्यास की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 दिसंबर से 17 दिसंबर को श्री नयना देवी जी में मंदिर न्यास स्थापना दिवस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस महोत्सव के दौरान उपमंडल स्तर पर शैक्षणिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें मुख्य रूप से भाषण, श्लोक, विज्ञान प्रश्नोत्तरी एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं खेलकूद के अंतर्गत टेबल टेनिस, वॉलीबाल, चैस, कबड्डी एवं बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा इसके अतिरिक्त रक्तदान शिविर एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में स्वास्थ्य जांच योजना भी किया जाएगा।

श्री नयना मंदिर न्यास स्थापना दिवस महोत्सव में प्रतियोगिताएं करवाने से श्री नयना देवी उपमंडल स्तर पर छुपी ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलेगा। पहली बार इस तरह का आयोजन होने से श्री नैना देवी क्षेत्र के लोगों में एवं युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध: राजेश धर्माणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश की 48वीं इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट का शुभारंभ बिलासपुर के लुहणू ग्राउंड में बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ किया गया। इस आयोजन की मेजबानी गवर्नमेंट कॉलेज बिलासपुर द्वारा की जा रही है। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में हिमाचल प्रदेश के 36 महाविद्यालयों से लगभग 500 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल हैं। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हिमाचल प्रदेश सरकार में नगर नियोजन, आवास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी पहुंचे। उनके आगमन पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. पी. एस. कटवाल ने पारंपरिक हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

एथलेटिक मीट के उद्घाटन समारोह की शुरुआत एनसीसी, एनएसएस और स्काउट एंड गाइड कैडेट्स द्वारा किए गए आकर्षक स्वागत से हुई।

उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से खिलाड़ियों की डाइट मनी में बढ़ोतरी नहीं हुई थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने इस पर विशेष ध्यान देते हुए राज्य स्तर के खिलाड़ियों की डाइट मनी को बढ़ाकर 300 रुपये प्रतिदिन और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की डाइट मनी को बढ़ाकर 500 रुपये प्रतिदिन कर दिया है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर पोषण और प्रशिक्षण उपलब्ध हो सकेगा।

राजेश धर्माणी ने कहा कि बिलासपुर में खेल अवसंरचना को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बिलासपुर का स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स प्रदेश के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है जहां जल, थल और नव तीनों श्रेणियों के खेल आयोजित किए जा सकते हैं, जिससे यह क्षेत्र भविष्य में एक बड़ा खेल और पर्यटन केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यदि वर्ष भर ऐसे आयोजन होते रहें तो स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और बिलासपुर को पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि हिमाचल सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के तहत 11 दिसंबर को एक जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका मुख्य लक्ष्य हिमाचल को एक आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाना है।

उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करता है तो समाज और प्रदेश अपने-आप मजबूत होते हैं। हर नागरिक को चाहिए कि वह स्वयं को और अपने आसपास के लोगों को आगे बढ़ाने का प्रयास करे, जिससे प्रदेश के समग्र विकास को नई गति मिले।

मंत्री ने 48वीं राज्यस्तरीय इंटर कॉलेज एथलेटिक मीट का किया शुभारंभ

एथलेटिक मीट में होंगे ये इवेंट्स

इस एथलेटिक मीट में 100 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा रिले रेस, हाई जंप, पोल जंप, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित होंगी। आयोजन समिति के अनुसार तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपने कौशल और क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

60 वर्ष की जाए चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

जिला पशु पालन विभाग परिचारक संघ ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से बढ़ाकर 60 वर्ष करने की मांग की है। संघ का कहना है कि पूर्व में विभाग के परिचारकों को कृत्रिम गर्भाधान का 2 माह का प्रशिक्षण दिया जाता था, लेकिन यह पिछले काफी समय से बंद है। संघ ने मांग की है कि कृत्रिम गर्भाधान का प्रशिक्षण हासिल करने के इच्छुक परिचारकों के लिए इसे दोबारा शुरू किया जाए। पशु पालन विभाग परिचारक संघ के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि विभाग द्वारा गांवों में जाकर मवेशियों का कई तरह का टीकाकरण किया जाता है।

इस कार्य के लिए पशु औषधियोजकों के साथ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी जाना पड़ता है। हालांकि इसके एवज में पशु औषधियोजकों को प्रोत्साहन राशि मिलती है, लेकिन चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इससे वंचित रखे गए हैं। लिहाजा पशु औषधियोजकों की तर्ज पर पशु परिचारकों को भी यह प्रोत्साहन राशि दी जाए। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा पशु मित्रों के 500 पद भरने को मंजूरी का स्वागत किया गया। इसके लिए मुख्यमंत्री और पशु पालन मंत्री का आभार जताते हुए कहा गया कि इससे पशु पालक लाभांवित होंगे। बैठक में संघ के सचिव छबीलदास, हंसराज, रमेश चंद, चमन, देवेंद्र, लेखराम, कृष्णी देवी, वनिता, सतीश, सत्या व अनिता समेत कई कर्मचारियों ने भाग लिया।

जिला पशु पालन विभाग परिचारक संघ ने उठाई मांग

पेंशनर्स में सरकार के खिलाफ भारी रोष

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। पथ परिवहन पेंशनर्स कल्याण संगठन की बिलासपुर इकाई की मासिक बैठक रविवार को घुमारवीं में हुई, जिसमें पेंशनरों ने अपने अधिकारों के लिए सरकार के प्रति कड़ा रोष व्यक्त किया। बैठक की अध्यक्षता इकाई प्रधान नत्थुराम ठाकुर ने की। बैठक में सबसे पहले दिवंगत सुरजीत सिंह और रतनलाल डोगरा की अकस्मात मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद पेंशनरों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। संगठन महासचिव सरवन कुमार गौतम ने बताया कि पेंशनरों की पेंशन का स्थाई समाधान अब तक नहीं हुआ है और भत्तों का भी भुगतान रुका हुआ है। इसके विरोध स्वरूप सभी पेंशनरों ने काले बिल्ले लगाकर बैठक में हिस्सा लिया। नथुराम ठाकुर ने कहा कि नवंबर में कुल्लू में संपन्न प्रदेश कल्याण संगठन की त्रैमासिक बैठक में जिला बिलासपुर के 9 सदस्य मौजूद रहे।

वार्षिक समारोह ग्लोरी पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा की जरूरत: डॉ. मल्लिका नड्डा

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो

बिलासपुर। ग्लोरी पब्लिक स्कूल बिलासपुर का वार्षिक उत्सव सोमवार को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के लिए प्रमुखातिथि के रूप में स्पेशल ओलंपिक्स भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने शिरकत की। उनके आगमन पर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रिगेडियर वीएसएम जेएस वर्मा ने बुके और स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।

वहीं, विशिष्ट अतिथियों में ग्रुप कैप्टन आरएस राजपूत, कर्नल जयदीप शर्मा, कर्नल रूपेंद्र चंदेल, कर्नल आरएस ठाकुर तथा सुशील पुंडीर भी उपस्थित रहे। स्कूल की प्रिंसिपल अशोक लता वर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, खेल प्रदर्शन व विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण साझा किया।

समारोह का शुभारंभ करतीं मुख्यातिथि डॉ. मल्लिका नड्डा।

स्कूल के वार्षिक समारोह में उपस्थित मुख्य व अन्य अतिथि, अभिभावक और बच्चे।

डॉ. मल्लिका नड्डा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में संस्कार युक्त शिक्षा की सबसे अधिक आवश्यकता है, क्योंकि यही बच्चे आने वाले समय में समाज और देश का भविष्य तय करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे यदि छोटी उम्र से ही ईमानदारी, अनुशासन, परिश्रम, बड़ों का सम्मान, समय का सदुपयोग और सही-गलत में अंतर करना सीख लें, तो वे जीवन में किसी भी क्षेत्र में अवश्य सफल होते हैं। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों को भी प्रेरित किया कि वे मिलकर बच्चों में ऐसे संस्कार विकसित करें, जिससे वे मजबूत चरित्र वाले नागरिक बन सकें। डॉ. नड्डा ने बच्चों को सलाह दी कि वे मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी रखते हुए पढ़ाई, खेल और रचनात्मक गतिविधियों में अधिक समय लगाएं। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी शक्ति ज्ञान और अच्छे संस्कार होते हैं, और इन्हें पाने के लिए निरंतर सीखने की आदत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चे हर दिन एक नई सीख लेकर घर जाएं, अपने माता-पिता का सम्मान करें, समाज के प्रति संवेदनशील बनें और अपने विद्यालय को गौरवान्वित करें।

समारोह में बच्चों ने आकर्षक और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें स्वागत नृत्य, देशभक्ति गीत, हिमाचली नाटी, पश्चिमी नृत्य, नाटक और समूहगीत शामिल थे। सभी प्रस्तुतियों में बच्चों का आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्ट तैयारी झलक रही थी। मुख्यातिथि ने सभी बच्चों और शिक्षकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी और कहा कि इस विद्यालय के विद्यार्थी न केवल शिक्षा, बल्कि कला और संस्कृति में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

न्यूज ब्रीफ

डलहौजी शहर में कल बंद रहेगी बिजली

अनंत ज्ञान, डलहौजी। उपमंडल के अंतर्गत 10 दिसंबर (बुधवार) को व्यापक बिजली शटडाउन रहेगा। यह शटडाउन 33/11 के.वी. सब-स्टेशन डलहौजी की मरम्मत और 11 के.वी. के सभी आउटगोइंग फीडरों के रखरखाव कार्यों के लिए किया जा रहा है। निर्धारित समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अथवा कार्य पूर्ण होने तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसका असर डलहौजी शहर, डलहौजी बस स्टैंड, बलून (कैंट), कथलग, सदर बाजार, सुभाष चौक, गांधी चौक, बकरोटा, पंचपुला, लोहाली, खोलपुखर, जिंदरीघाट, लकड़मंडी, रुलियानी, बनीखेत बाजार, बडेरू, पुखरी, कंडा, बैकुण्ठनगर, डलोग, बगढार, रंगड़, समलेउ, खैरी और आसपास के क्षेत्रों में पड़ेगा। विभाग ने जनता से आवश्यक कार्य पहले निपटाने और उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने की अपील की है। मौसम की स्थिति के अनुसार समय में परिवर्तन संभव है।

सुल्तानपुर में महिला सशक्तिकरण पर जोर

अनंत ज्ञान, सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में आयोजित हिंदू सम्मेलन अत्यंत गरिमामय और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गुरुकुल चमीणू के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से हुआ। मुख्य वक्ता देवेंद्र, वेदव्यास ठाकुर, अर्पित और शिक्षानी ने अपने विचारों से सम्मेलन को ज्ञानवर्धक दिशा दी। लगभग 350 प्रतिभागियों की उपस्थिति से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। महिला मंडल ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया और अंत में सामूहिक भंडारे का आयोजन हुआ। शिक्षानी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। अर्पित ने युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। वेदव्यास ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवन पर बल देते हुए कहा कि प्रकृति हमारा भविष्य है, इसकी रक्षा जन-भागीदारी से ही संभव है।

बाइक और कार में टक्कर, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, चंबा। सुंगल जीरो प्वाइंट पर सोमवार को तेज रफ्तार बाइक की कार से टक्कर के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की। शिकायतकर्ता नवीन कुमार, निवासी टप्पर, के अनुसार, 07 दिसंबर को आरोपी सन्नी, निवासी पक्काटाला, मोटरसाइकिल तेज गति से चला रहा था और उसने नवीन कुमार की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में सन्नी घायल हुआ। पुलिस थाना सदर चंबा ने इस मामले में अभियोग संख्या 291/25, दिनांक 7 दिसंबर को धारा 281 व 125 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। दुर्घटना की जांच जारी है।

सोने की अंगूठी वापस कर दिखाई ईमानदारी

अनंत ज्ञान, धरवाला। मैहला ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत राडी के गांव भटवाड़ा के निवासी देवदत्त ठाकुर जो अपने दिनचर्या के काम को लेकर खेतों में लड़कियां इकट्ठी कर रहे थे। अचानक जब हाथ में पहनी हुई अंगूठी गुम पाई गई तो देवदत्त ने खूब उसे तलाशा लेकिन वह सोने की अंगूठी उन्हें नहीं मिली और वह अपने घर वापिस आ गए। देवदत्त ठाकुर जो अब उस सोने की अंगूठी के मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे। रविवार दोपहर जब मनीष शर्मा पुत्र राजकुमार गांव भटवाड़ा उस रास्ते से गुजर रहे थे तो उन्हें सोने जैसी चमकती हुई कोई चीज दिखाई दी। मनीष शर्मा जब पास गए तो देखा कि वह चमकती हुई चीज कुछ और नहीं बल्कि एक सोने की अंगूठी थी। उस युवक ने अंगूठी के मालिक का सही पता कर खुद जाकर अंगूठी लौटा दी, इस ईमानदारी की मिसाल को पेश करते हुए पूरा गांव उस युवक की प्रशंसा कर रहा है।

उदयपुर स्कूल में होनहार बच्चों को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, चंबा। वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला उदयपुर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उदयपुर के प्रधान ओंकार सिंह, एसएमसी प्रधान अनिल कुमार, उच्च शिक्षा निदेशक के प्रतिनिधि उमाकांत (डिप्टी डीईओ), विद्यालय के समस्त शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं, जिसमें विशेष आकर्षण शिव स्तुति रही। प्रधानाचार्य सुरेश ठाकुर ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उन्हें भविष्य के लिए आशीर्वचन एवं मार्गदर्शन दिया। समारोह बच्चों के उत्साह और आनंद के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

उन्नत किस्म के फलदार पौधे उपलब्ध

अनंत ज्ञान, भरमौर। भरमौर के बागवानों से अनुरोध किया गया है कि यदि उन्हें शरदकालीन पौधों की आवश्यकता है तो वे अपने नजदीकी उद्यान प्रसार केंद्र में अपनी मांग दर्ज करवाएं। इस बार उद्यान विभाग उन्नत किस्म के पौधे वितरित करेगा, जिनमें सेब, खुमानी, प्लम, कीवी, अनार, जापानी फल, अखरोट, पिकानट, आड़ू इत्यादि के पौधे शामिल हैं। इन पौधों की कीमत 40 रुपए से लेकर 500 रुपए तक होगी। इच्छुक बागवान अपनी डिमांड नीचे दिए गए अधिकारियों को दूरभाष पर भी दर्ज करवा सकते हैं। संपर्क अधिकारी पंकज कुमार एचईओ होली- 9816255852, नेहा धीमान एचईओ भरमौर/कुगती-9418951772, सरनो एचईओ गैरोला/नयाग्रां/रनुकोठी-9805442604, पारशोतम वर्मा एचईओ 9816718281, कृष्ण कुमार एचईओ खनी-9418430784 नंबर पर मांग दर्ज करवा कर पौधों का लाभ उठाएं।

एनएसयूआई ने जीता टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट

अनंत ज्ञान, चंबा। एनएसयूआई जिला चंबा द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिता का आज उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। टेनिस क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में साहू-11 और एनएसयूआई चंबा आमने-सामने थे। टॉस जीतकर एनएसयूआई चंबा ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 15 ओवर में 154 रन का मजबूत लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से अतुल ने सर्वाधिक 53 रन की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साहू-11 की टीम निर्धारित रन तक नहीं पहुँच सकी और 134 रन पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार एनएसयूआई चंबा ने 20 रनों से शानदार जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट अपने नाम किया। गेंदबाजी में भी अतुल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष एवं टीम कप्तान ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के लिए ऐसे आयोजनों को लगातार आगे भी जारी रखा जाएगा।

शैक्षिक भ्रमण व बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा

अनंत ज्ञान, चंबा। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अंजलि ने की। बैठक में सचिव दीपक कुमार ने अभिभावकों और कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें सीबीएसई पाठ्यक्रम में स्थानांतरण की प्रक्रिया तथा संबंधित रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में अभिभावकों की समस्याओं को सुना गया और उनका तत्काल समाधान किया गया। विषय अध्यापकों ने छात्रों की शैक्षणिक प्रगति और सर्वांगीण विकास पर चर्चा की। अभिभावकों को बताया गया कि विशेषज्ञों को समय-समय पर बुलाकर छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन और उनके प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अतिरिक्त कक्षा बार के छात्रों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जाता है। एनएसएस, एनसीसी और विभिन्न जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में छात्रों की उपलब्धियों पर भी चर्चा हुई। अध्यक्ष ने छात्रों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और मार्गदर्शन का आश्वासन दिया।

कुलदीप सिंह पठानिया आज चंबा के प्रवास पर

अनंत ज्ञान, चंबा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष के संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 10 दिसंबर तक चंबा प्रवास पर रहेंगे। उन्होंने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 9 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहुता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 10 दिसंबर को विधानसभा अध्यक्ष प्रातः 11:30 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली के परीक्षा केंद्र का लोकार्पण करने के पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। 3 बजे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया हटली से मंडी के लिए प्रस्थान करेंगे।

मृतका के परिवार को दिया बीमा राशि का चेक

अनंत ज्ञान, चंबा। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपासवाल ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतका कविता देवी, पत्नी संजीव, निवासी गांव कलेला, के परिवार को 2 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक प्रदान किया। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना कठिन परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक सहारा देती हैं। उन्होंने सभी जिलावासियों से आग्रह किया कि वे मात्र 20 रुपए (सुरक्षा बीमा) और 436 रुपए (जीवन ज्योति बीमा) में इन योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। बैंक शाखा प्रबंधक मुकेश ठाकुर ने बताया कि 26 अगस्त को भारी वर्षा के दौरान गिरती चट्टान से कविता देवी की मृत्यु हो गई थी, और पति संजीव ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर मात्र 3 माह में बीमा राशि प्राप्त की।

बढ़ती सर्दी में बारिश का इंतजार, खेतों की नमी खत्म, किसानों की चिंता गहराई

अंधविश्वास की आग: बारिश की आस में जलते जंगल, वन संपदा पर बड़ा खतरा

अनंत ज्ञान, चंबा

बढ़ती सर्दी के बीच बारिश का इंतज़ार किसानों की चिंता को और गहरा रहा है। गेहूं की बुवाई को एक महीने से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अभी तक बारिश न होने से खेतों में नमी की भारी कमी हो गई है। इससे नई फसल पर गंभीर असर पड़ रहा है। कई किसान अब तक बुवाई नहीं कर पाए हैं और आसमान से एक अच्छी बारिश की उम्मीद लगाए हुए हैं।

उधर, बारिश की आस में कुछ लोग अंधविश्वास का सहारा लेकर जंगलों में आग लगाने लगे हैं। उनका मानना है कि जंगल से उठने वाला धुआं बादलों को आकर्षित करेगा और वर्षा होगी, लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल उलट है। बारिश तो नहीं होती,

बारिश की आस में जंगलों में फैलती आग से उठता धुआं।

बल्कि जंगलों में भीषण आग फैलने लगती है, जिससे भारी नुकसान होता है।

ऐसी आग से जहां लाखों रुपये की वन संपदा जलकर राख हो जाती है, वहीं कई दुर्लभ जीव-जंतुओं की प्रजातियां भी लपटों में समा जाती हैं। हर वर्ष जंगल की आग से जैव विविधता को भारी क्षति पहुंचती है, लेकिन इसके बावजूद इन घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग बड़े-बड़े दावे तो करता है, लेकिन जंगलों में लगने वाली आग को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर कदम बेहद कमजोर हैं। फिलहाल भी कई जगहों पर आग लगने की शुरुआत हो चुकी है, जिससे आने वाले दिनों में बड़े खतरे की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश न होने से किसान पहले ही परेशान हैं, ऊपर से कुछ लोग अज्ञानवश जंगलों में आग लगा देते हैं। उनका भ्रम है कि इससे बारिश होगी, जबकि वास्तविकता यह है कि आग से जंगल नष्ट होते हैं, वन संपदा खत्म होती है और अनेक जीव-जंतुओं की मौत हो जाती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

भरमौर की खणी पंचायत में भालू का आतंक, दहशत में ग्रामीण

ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन, वन विभाग पर जंगलों में भालू छोड़ने का आरोप लगाया।

ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान

भरमौर के ग्राम पंचायत खणी में भालूओं के आतंक से ग्रामीणों में भारी दहशत व्याप्त है। इसी को लेकर प्रधान और उप प्रधान की अगुवाई में सोमवार को एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने वन विभाग पर आरोप लगाया कि वह जंगली जानवरों को जंगलों में छोड़ रहा है, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में है। यहां रोज सुबह और शाम भालुओं की चहल कदमी से ग्रामीण घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं।

28 नवंबर को एक महिला भालू के हमले का शिकार हुई थी, जिससे उसकी जान चली गई। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना स्कूल जाने वाले दर्जनों बच्चे और अन्य ग्रामीण इसी खतरे का सामना करते हैं। प्रधान श्याम ठाकुर और उप प्रधान सुनील ठाकुर ने एडीएम से अपील की है कि भालुओं को चिड़ियाघर से ले जाकर सुरक्षित सेंचुरी एरिया में छोड़ा जाए। साथ ही उन्होंने 28 नवंबर को मृत महिला के परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की।

एडीएम ने बर्फबारी के दौरान पीडब्ल्यूडी को सड़कें खुली रखने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान, भरमौर

उपमंडल भरमौर में शीत ऋतु की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

उपमंडल भरमौर में शीत ऋतु के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा बैठक एडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि क्षेत्र में शीतकाल में विद्युत, पानी, खाद्यान्न, सड़क और परिवहन जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं बाधित न हों और आम जनता को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

एडीएम राणा ने पीडब्ल्यूडी विभाग को आगामी मौसम का पूर्वानुमान देखते हुए मशीनरी की मरम्मत समय से करने और बर्फबारी के दौरान सड़कें खुली रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी मोटर मार्ग के बाधित होने पर तुरंत कार्रवाई कर मार्ग खुलवाया जाए। जल शक्ति विभाग को भी निर्देश दिए गए कि पानी की पाइप और ब्लीचिंग पाउडर का पर्याप्त स्टॉक सुनिश्चित किया जाए ताकि बर्फबारी में पानी की कोई समस्या उत्पन्न न हो। ग्रामीण विकास विभाग को पंचायत स्तर पर राहत एवं बचाव दल का गठन करने को कहा गया, जिसमें होमगार्ड, आपदा मित्र और पुलिस कर्मी शामिल हों। यह दल आपदा के समय प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करेगा।

बैठक में तहसीलदार भरमौर तेजराम भारद्वाज, तहसीलदार होली अजय कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग भाल चंद, उपमंडल आयुर्वेदिक अधिकारी अनुराधा शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी मुनीश कुमार, कृषि विशेषज्ञ जितेंद्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। एडीएम ने सभी विभागों को समयपूर्व तैयारियों और सहयोग पर जोर देते हुए कहा कि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और आपातकालीन स्थिति में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में आगामी बर्फबारी और शीतकालीन कठिनाइयों के प्रति सतर्कता बरतने पर विशेष बल दिया गया।

विधायक हंसराज का व्हाट्सऐप अकाउंट हैक

अनंत ज्ञान, चुराह। चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर हंसराज का व्हाट्सऐप अकाउंट हैक हो गया है। इसकी जानकारी उन्होंने स्वयं सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाना तीसा में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। विधायक ने बताया कि उनका मोबाइल नंबर 98169 17253 पर एक अज्ञात लिंक आया, जिसे क्लिक करने के बाद अकाउंट हैक हो गया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस अकाउंट से आने वाले किसी भी मैसेज का जवाब न दें। प्रारंभिक जांच में यह साइबर ठगी और सोशल इंजीनियरिंग का प्रयास माना जा रहा है। साइबर सेल को शिकायत भेजी जा रही है ताकि लिंक के स्रोत, आईपी एड्रेस और हैकिंग नेटवर्क की जानकारी प्राप्त की जा सके। विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध लिंक या मैसेज को बिना जांच-परख क्लिक न करने की सलाह दी है। ऐसे मामलों में 1930 साइबर हेल्पलाइन पर तुरंत सूचना दें।

एसएसआरबी नर्सिंग संस्थान ककीरा में वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित

पठानिया ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु नवाजे

अनंत ज्ञान, चंबा

स्वामी श्री राजेश्वरानंद भारती नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान ककीरा में वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षुओं को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और स्वास्थ्य सेवा को मानवीय सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताया।

सभा को संबोधित करते हुए पठानिया ने कहा कि संस्थान भटियात विधानसभा क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में यहाँ नर्सिंग की स्नातकोत्तर कक्षाएं भी आरंभ की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि संस्थान पिछले 15 वर्षों में हासिल उपलब्धियों के आधार पर भविष्य में चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उन्होंने संस्थान को 40 हजार रुपए

एसएसआरबी नर्सिंग संस्थान ककीरा में वार्षिक समारोह के दौरान कुलदीप सिंह पठानिया।

देने की घोषणा की। दीक्षांत समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ. कांता अजय कुमार और ट्रस्ट सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत और सम्मान किया। समारोह में संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

जीएनएम, एएनएम और बीएससी नर्सिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जीएनएम प्रथम वर्ष में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुनेहा राणा को 15 हजार रुपए और चौथे स्थान पर शालू देवी को 5,100 रुपए दिए गए। एएनएम दूसरे वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त प्रिया को 5,100 रुपए का पुरस्कार मिला।

समारोह में हिमाचल प्रदेश राज्य वन निगम निदेशक, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, नगर पंचायत व अन्य गणमान्य लोग, एसएसआरबी नर्सिंग संस्थान के प्रबंध निदेशक, प्रशिक्षु और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे

सरकार के ध्यान में लाएंगे लंगेरा-भांदल-सलूनी सड़क के सुधार से संबंधित मामला: केवल सिंह

अनंत ज्ञान, चंबा

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने जिला चंबा के दूर दराज जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्र में लंगेरा-भांदल-जुआंस- सलूनी सड़क का विस्तृत निरीक्षण किया तथा सड़क की खराब हालत पर कड़ा संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारीयों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्थानों पर क्षेत्र वासियों की समस्याओं और कठिनाइयों को भी जाना तथा मौके पर उपस्थित विभिन्न विभागीय अधिकारियों को उन्हें हल करने के निर्देश दिए। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि जिला चंबा के जम्मू कश्मीर सीमा से सटे पदरी जोत -लंगेरा-भांदल-जुआंस-सलूनी मार्ग की खराब स्थिति राज्य सरकार के ध्यान में लाई जाएगी तथा इस सड़क को बेहतर बनाने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान उन्होंने पुलिस चेक पोस्ट लंगेरा की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर

केवल सिंह पठानिया लंगेरा-भांदल-सलूनी सड़क का निरीक्षण करते हुए।

सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान कांग्रेस सरकार ने पिछले तीन वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ आमजन को मिल रहा है। सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए गए हैं, जिससे ग्रामीण एवं दुर्गम क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार तेजी से हो रहा है।

राजस्व विभाग में किए गए ऐतिहासिक सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन आम लोगों को वास्तविक राहत देने में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इससे पूर्व केवल सिंह पठानिया का जम्मू-कश्मीर से सटी हिमाचल प्रदेश के चम्बा जिला की सीमा पदरी जोत पहुंचने पर अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष डीएस पठानिया, एसडीएम सलूनी चंद्रवीर सिंह, तहसीलदार सलूनी अभिराय सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कुमुद उपाध्याय, खंड विकास अधिकारी सलूनी कंवर सिंह तथा भांदल पंचायत के प्रधान सुरेश कुमार भी उपस्थित थे।

मलबे में दबकर प्रवासी की मौत, पत्नी और बच्चा बाल-बाल बचे

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। जिला मंडी के नगर परिषद सुंदरनगर के सलाह वार्ड में डेंटल कॉलेज के समीप सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हुआ। डंगे के काम के दौरान मलबे में दबने से 26 वर्षीय प्रवासी मजदूर संजीव कुमार पुत्र छोटे लाल (गांव डलवा रूहिदा, उत्तर प्रदेश) की मौत हो गई। हादसे के समय मजदूर के साथ उसकी पत्नी और बच्चा भी मौजूद थे, जो बाल-बाल बच गए। मौके पर प्रशासन, डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण, थाना प्रभारी कमलकांत और होमगार्ड की टीम ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जेसीबी के माध्यम से मलबा हटाकर गंभीर हालत में संजीव कुमार को बाहर निकाला गया और सिविल अस्पताल सुंदरनगर ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी ने बताया कि मृतक के परिजनों को फौरी राहत प्रदान की गई है। शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जाएगा। राजस्व विभाग की टीम द्वारा मामले की कार्रवाई जारी है।

सनवाल पंचायत के प्रधान मोहन लाल निलंबित

अनंत ज्ञान, चंबा। जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत सनवाल के प्रधान मोहन लाल पुत्र टेक चंद को भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी के गंभीर आरोपों में निलंबित कर दिया है। मोहन लाल 23 जुलाई 2025 से 48 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहे और 9 सितंबर 2025 को जमानत पर रिहा हुए थे। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबन आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया कि ग्राम पंचायत की मोहर, अभिलेख और अन्य सम्पत्ति पंचायत सचिव को सौंप दी जाए। पुलिस थाना तीसा में एफआईआर नंबर 02/2025 के तहत भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) में मामला दर्ज है।

जल्द शुरू होगा गर्म पानी का आरओ प्लांट

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। नागरिक अस्पताल के मरीजों को अब सर्दियों में गर्म पीने का पानी उपलब्ध होगा। रोटरी क्लब की पहल और दानी सज्जनों के सहयोग से अस्पताल परिसर में लगभग 50 हजार से विशेष आरओ प्लांट स्थापित किया जा रहा है। वरिष्ठ रोटेरियन अजय ठाकुर और अध्यक्ष डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने बताया कि प्लांट अस्पताल में पहुंच चुका है और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों की मौजूदगी में जल्द रोगियों के लिए चालू कर दिया जाएगा। कार्यवाहक एसएमओ डॉ. अंकित ने बताया कि सभी वार्ड-महिला, पुरुष, सर्जिकल, गायनी और शिशु-में इसका लाभ मिलेगा।

पंडोह स्कूल के होनहार बच्चे किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, पंडोह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंडोह में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कांग्रेस की राज्य सचिव व सदर कांग्रेस नेत्री चंपा ठाकुर ने बच्चों को शुभ आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा का संवारना शिक्षकों का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास की सराहना की, जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्पष्ट झलकता है। समारोह में पुरस्कृत विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और स्कूल स्टाफ तथा एसएमसी प्रधान नूप चंद की टीम की प्रशंसा की गई। प्रधानाचार्य कुलदीप कुमार ने स्कूल की शत-प्रतिशत परिणाम से भरी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। चंपा ठाकुर को शाल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने 15 दिसंबर से चिट्टे के खिलाफ पंचायतों में जन जागरूकता अभियान शुरू करने की भी घोषणा की।

छोटा भंगाल-चौहार घाटी में आईटीआई की मांग

अनंत ज्ञान, बरोट। छोटाभंगाल और चौहार घाटी के लोगों ने क्षेत्र में आईटीआई (इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) खोलने की जोरदार मांग उठाई है। जिला परिषद सदस्य शारदा देवी ने बताया कि दोनों घाटियों में कई स्कूल और महाविद्यालय होने के बावजूद खाली पदों और आईटीआई न होने के कारण युवाओं को 40-60 किलोमीटर दूर जोगिंद्रनगर या बैजनाथ जाना पड़ता है। इससे गरीब परिवारों के बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण से वंचित होना पड़ता है। आईटीआई खुलने पर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने इस मांग को पूरा करने के लिए प्रयासों का आश्वासन दिया।

बनीखेत में बढ़ी प्रवासी कामगारों की संख्या, पुलिस सत्यापन की मांग तेज

अनंत ज्ञान, बनीखेत

बनीखेत और आसपास के गांवों में हाल के हफ्तों में प्रवासी दुकानदारों, मोबाइल वेंडरों, नाइयों तथा दिहाड़ी मजदूरों की संख्या में तेजी देखी गई है। इस बढ़ोतरी के चलते स्थानीय लोग सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर चिंतित हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कार्यकर्ता मनीष सरीन ने पुलिस विभाग को विस्तृत मेमोरेंडम सौंपकर क्षेत्र में सक्रिय सभी प्रवासी कामगारों का समग्र पुलिस सत्यापन करवाने की मांग की है। ज्ञापन में डीएसपी डलहौज़ी मयंक शर्मा को संबोधित करते हुए इसकी प्रतिलिपि एसपी चंबा, डीआईजी धर्मशाला रेंज, डीजीपी हिमाचल प्रदेश और मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को भी भेजी गई।

मनीष सरीन ने कहा कि हालातों को देखते हुए स्थानीय लोग असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि प्रवासी दुकानदारों, अस्थायी व्यापारियों, नाइयों, मजदूरों और अन्य अस्थायी कामगारों का व्यवस्थित सत्यापन किया जाए। इसके तहत पहचान पत्र, निवास स्थान और आवश्यक पृष्ठभूमि जांच सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही, स्थानीय पंचायतों के सहयोग से क्षेत्र में नियमित निगरानी बढ़ाई जाए। सरीन ने यह भी स्पष्ट किया कि सभी कार्रवाई कानून के दायरे में और मानवाधिकारों का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए। उनका कहना है कि यह कदम क्षेत्र की सुरक्षा, शांति और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उठाया गया है, ताकि स्थानीय जनता सुरक्षित रहे और प्रवासी कामगार भी विधिसम्मत तरीके से अपनी आजीविका चला सकें। स्थानीय लोगों ने भी इस मुद्दे पर त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

31 मार्च तक सभी लंबित कार्यों को करें पूरा: डीसी

अनंत ज्ञान, चंबा

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपासवाल की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के राष्ट्रीय सूचना केंद्र के सभाकक्ष में आज राज्य आपदा शमन कोष के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और राष्ट्रीय उच्च मार्ग के अधिशासी अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए उपमंडल चंबा में स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने पर जोर दिया गया।

उपायुक्त ने कहा कि राज्य कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित जिला चंबा के कुल 161 कार्यों में से लगभग 80 प्रगति पर हैं, जबकि शेष कार्यों की विभागीय औपचारिकताएँ पूरी की जा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित टेंडर प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा कर सभी परियो

उपयोगी कलाओं की जननी है-आवश्यकता, ललित कलाओं की जननी है- विलासिता। पहली उत्पन्न हुई बुद्धि से और दूसरी प्रतिभा से ।
-शोपेन होर

संपादकीय

वंदे मातरम् पर चर्चा के मायने

लोकसभा में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर हुई चर्चा राजनीतिक और सामाजिक बहस का केंद्र बन गई है। सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई नेताओं ने हिस्सा लिया और अपने-अपने दृष्टिकोण व्यक्त किए। बहस का सबसे आकर्षक पहलू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का संवाद रहा। प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में वंदे मातरम् के इतिहास और उसकी उत्पत्ति पर प्रकाश डाला। मोदी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के दबाव के चलते कभी-कभी वंदे मातरम् की सार्थकता को सही तरीके से स्वीकार नहीं किया।

उन्होंने विशेष रूप से मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा वंदे मातरम् के खिलाफ बुलंद किए गए नारों का जिक्र किया। उस समय के कांग्रेस अध्यक्ष जवाहरलाल नेहरू, जिन्ना की भावना से सहमत दिखे और आनंदमठ की पृष्ठभूमि से मुस्लिम समुदाय को चोट पहुंच सकती है, यह मानते हुए वंदे मातरम् पर विचार करने लगे। मोदी ने कहा कि इसका परिणाम यह हुआ कि वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाना पड़ा, लेकिन यह गीत स्वतंत्रता संग्राम में हर जगह गूंजता रहा और अंग्रेजों को झकझोर दिया। मोदी ने इसके महत्व को केवल इतिहास तक सीमित नहीं रखा, बल्कि वर्तमान पीढ़ियों के लिए शिक्षा और चेतना का स्रोत बताया।

वहीं, प्रियंका गांधी ने इस चर्चा को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखा। उन्होंने सवाल उठाया कि यह बहस आज क्यों चल रही है? उनका कहना था कि वंदे मातरम् 150 साल से देश की आत्मा का हिस्सा रहा है और 75 सालों से लोगों के दिल में बसा है। फिर इस पर बहस क्यों हो रही है, उन्होंने इसका कारण बंगाल चुनावों में भाजपा द्वारा राष्ट्रवाद को भुनाने की कोशिश बताई। प्रियंका ने मोदी पर तंज कसा कि मोदी अब वह प्रधानमंत्री नहीं रहे जो पहले थे, और उन्होंने नेहरू के योगदान की ओर ध्यान दिलाया। उनका भाव था कि देश को आजाद करवाने में कांग्रेस का अहम योगदान रहा है और इसका राजनीतिक रूप से हाशिए पर जाना उचित नहीं।

प्रियंका गांधी के दृष्टिकोण का मकसद स्पष्ट था कि इतिहास और देशभक्ति का सम्मान करते हुए राजनीतिक लाभ नहीं उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वंदे मातरम् पर उठाई गई बहस केवल चुनावी रणनीति का हिस्सा लगती है। यह सवाल उठाना जरूरी था कि क्या इतिहास को आज की राजनीति के लिए हथियार बनाया जा रहा है। यह बहस यह भी दर्शाती है कि देशभक्ति और राजनीतिक लाभ के बीच हमेशा एक संघर्ष होता है। मोदी ने इसे अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हुए इतिहास को सामने रखा और इसे शिक्षा का माध्यम बताया। प्रियंका ने इसके राजनीतिक पहलू को उजागर किया और इतिहास के सम्मान की जरूरत पर बल दिया।

अब सवाल उठता है कि क्या यह चर्चा वास्तव में आवश्यक थी। देश में कई गंभीर मुद्दे हैं जैसे बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति। ऐसे में राजनीतिक बहसों में अक्सर प्राथमिकता उन मुद्दों को नहीं दी जाती जो आम नागरिक के जीवन पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालते हैं। वंदे मातरम् जैसे विषय भावनात्मक और प्रतीकात्मक महत्व रखते हैं, इसलिए वे बहस का केंद्र बन जाते हैं। इसके माध्यम से नेता जनता की भावनाओं से जुड़ने की कोशिश करते हैं और राजनीतिक लाभ भी उठाते हैं।

ऐसा लगता है कि सत्ता और विपक्ष दोनों ही इसे अपनी राजनीतिक रणनीति के लिए इस्तेमाल करते हैं। मोदी ने इसे राष्ट्रवाद और इतिहास के महत्व को रेखांकित करने के लिए रखा, जबकि प्रियंका गांधी ने इसे चुनावी अवसर और राजनीतिक दृष्टिकोण से जोड़ा। यह दर्शाता है कि भारतीय राजनीति में भावनात्मक और प्रतीकात्मक मुद्दे अक्सर व्यावहारिक और रोजमर्रा की समस्याओं से अधिक ध्यान आकर्षित करते हैं। इस बहस के सकारात्मक पहलू भी हैं। यह नई पीढ़ी को इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के महत्व के प्रति जागरूक करता है। वंदे मातरम् जैसे प्रतीकात्मक गीतों के माध्यम से बच्चों और युवाओं को देशभक्ति का अनुभव होता है।

यह केवल राजनीतिक बहस नहीं, बल्कि शिक्षा और चेतना का माध्यम भी बन सकता है, लेकिन इसकी आलोचना भी समझी जा सकती है। देश के सामने आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे गहरे और वास्तविक हैं। जब नेता महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा नहीं करते और भावनात्मक मुद्दों पर बहस करते हैं, तो इससे वास्तविक सुधार और नीति निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। बहस के माध्यम से इतिहास की शिक्षा देना अच्छा है, लेकिन इसे चुनावी रणनीति के लिए इस्तेमाल करना लोकतांत्रिक दृष्टिकोण से चिंताजनक भी हो सकता है। बहरहाल, वंदे मातरम् पर हुई चर्चा ने कई आयाम दिखाए। यह बहस इसलिए जरूरी थी, क्योंकि यह इतिहास और देशभक्ति की स्मृति को सामने लाती है और आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा का स्रोत बन सकती है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

आज की प्रमुख हस्ती

प्रसिद्ध भारतीय राजनीतिज्ञ

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और रायबरेली से सांसद सोनिया गांधी का जन्म 9 दिसंबर 1946 को इटली के लुसियाना में हुआ। मूल नाम एडविजे एंटोनिया अलबिना मैनो रखने के बाद उनके पिता ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रूसी परिवारों के सहयोग की कृतज्ञता में उनका नाम सोनिया रखा।

सोनिया गांधी
जन्म : 9 दिसंबर, 1946

शिक्षा पूरी करने के बाद अंग्रेजी सीखने के लिए वे कैंब्रिज पहुंचीं, जहां 1965 में उनकी मुलाकात राजीव गांधी से हुई। दोनों का विवाह 1968 में हुआ और वे भारत आ गईं।

सोनिया शुरू में राजनीति से दूर रहीं और परिवार व सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहीं। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद भी उन्होंने राजनीति में आने से इनकार किया, लेकिन 1997 में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्य बनीं और 1998 में पार्टी अध्यक्ष चुनी गईं। उनके नेतृत्व में 2004 में कांग्रेस ने अप्रत्याशित जीत दर्ज की और यूपीए सरकार बनी। प्रधानमंत्री बनने का मौका होते हुए भी सोनिया गांधी ने यह पद स्वीकार नहीं किया और मनमोहन सिंह को आगे किया।

सोनिया गांधी ने राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की अध्यक्ष के रूप में मनरेगा, सूचना का अधिकार, मध्याह्न भोजन, ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे कांग्रेस की सबसे लंबे समय तक रहने वाली अध्यक्ष रही हैं। उनका राजनीतिक जीवन त्याग, सेवा और सार्वजनिक कल्याण के आदर्शों पर आधारित रहा। सोनिया गांधी को भारत की विविधता, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों से गहरा लगाव माना जाता है। ■

कविता
कैसे लिखूं कविता
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र
वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

चारों ओर हत्याओं का दौर, हर तरफ मच रहा है कहर
भयावह तस्वीर देखिए चारों ओर, बताओ कैसे लिखूं कविता मैं अब?
कलम पकड़ते हाथ हैं कांप रहे, दवात की स्याही है सूख रही
मौन है मन मेरा तो सचमुच अब, मौन रह कर ही बात कही जाएगी
चारों ओर चीत्कार हाहाकार मचा, सिसकती रही है जिंदगी की डोर
भयभीत हो रही है यहां तो भोर, बताओ कैसे कविता लिखी जाएगी ?
हंसी छूट गई है अब बहुत दूर,रोने धोने में जिंदगी सिमट रही
स्वप्न में भी हत्यारों का है डर, यहां रहता चुनाव रैलियों का जोर
हर तरफ मचा है यहां यही शोर, बचकर निकलो लोगों तुम बाहर
लुटेरे हत्यारे कर रहे यहां वार, कुछ नहीं कर रही यहां सरकार
अब और कविता नहीं लिखी जाती, रक्षा करो प्रभु हम सब की आप
कविता फिर आकर दे देगी थाप

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।

परिवार में टूटते रिश्तों का जिम्मेदार आखिर कौन ?

परिवार समाज की सबसे छोटी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, जहां प्रेम, विश्वास, सहयोग और सुरक्षा की भावना पैदा होती है। पहले के समय में संयुक्त परिवार आम थे, जिसमें कई पीढ़ियां एक साथ रहती थीं। इससे रिश्तों में गहराई, अपनापन और भावनात्मक मजबूती बनी रहती थी, लेकिन वक्त के साथ जैसे-जैसे आधुनिकता बढ़ी, तकनीक विकसित हुई और जीवन की रफ्तार तेज हुई, वैसे-वैसे परिवारों में दूरी भी बढ़ने लगी। आज यह सवाल सभी के मन में है कि आखिर परिवार में टूटते रिश्तों का जिम्मेदार कौन है?

कैप्टन डॉ. जय महलवाल अनजान
राजकीय महाविद्यालय
बिलासपुर, मो. 7018386461

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जवाब किसी एक व्यक्ति या वजह में नहीं छिपा, बल्कि यह अनेक कारणों का मिश्रण है जिसने रिश्तों की गर्माहट को कम कर दिया है। आज तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन रिश्तों के बीच दीवारें भी खड़ी कर दी हैं। स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट ने लोगों को इतना व्यस्त कर दिया है कि एक ही घर में रहते हुए भी सब अपने-अपने संसार में खोए रहते हैं। बातचीत कम हो गई है, समझ घट गई है और दिलों की दूरी बढ़ गई है। तकनीक ने हमें दुनिया से जोड़ने का काम तो किया, लेकिन परिवार से दूर कर दिया। इसके साथ ही आर्थिक दबाव और व्यस्तता ने भी रिश्तों को खोखला किया है। आज के समय में पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं। करियर और कमाई की दौड़ में समय का अभाव इतना बढ़ गया है कि रिश्तों को वो देखभाल और समय नहीं मिल पाता जिसकी उन्हें जरूरत होती है। पैसा जरूरी है, लेकिन पैसा बढ़ता जाए और रिश्ते टूटते जाएं तो यह किस काम का?

सामाजिक और सांस्कृतिक बदलावों ने भी परिवार की परिभाषा बदल दी है। पहले संयुक्त परिवारों का सहारा था, जिसमें सभी एक-दूसरे के दुख-दर्द में साथ रहते थे। आज नाभिकीय परिवारों का दौर है, जहां सिर्फ पति-पत्नी और बच्चे होते हैं। बड़े परिवार का समर्थन न होने से छोटी समस्याएं भी बड़ी लगने लगती हैं। रिश्तों में दबाव बढ़ता है और अकेलापन हावी होने लगता है।

इसके साथ ही संवादहीनता और गलतफहमियां रिश्तों के टूटने का सबसे बड़ा कारण बन चुकी हैं। लोग अपनी बातें खुलकर नहीं कहते, समस्याओं को भीतर ही दबाए रहते हैं और धीरे-धीरे यही छोटी-छोटी बातें बड़े झगड़ों का रूप ले लेती हैं। संवाद की कमी रिश्तों में दूरी पैदा कर देती है। आज लोग दूसरों से तुलना करने लगे हैं। सोशल मीडिया पर दूसरों की चमकती जिंदगी देखकर लोग अपने परिवार से असंतुष्ट हो जाते हैं। यह तुलना रिश्तों को जहरीला बना देती है।

प्यार और समय की कमी भी रिश्तों को कमजोर करती है। व्यस्तता के बीच लोग अपने ही प्रियजनों को समय नहीं दे पाते। रिश्ते फूलों की तरह हैं, जिन्हें प्यार और समय की जरूरत होती है, नहीं तो वे मुरझा जाते हैं। अहंकार और अपरिपक्वता भी रिश्तों को नुकसान पहुंचाती हैं। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करना, माफी न मांगना और अपना ही वजूद बड़ा समझना रिश्तों को धीरे-धीरे तोड़ देता है। परिवारों में बाहरी हस्तक्षेप भी कई बार तनाव बढ़ाता है। जब घर के बाहर के लोग रिश्तों में दखल देते हैं, तो गलतफहमियां और झगड़े बढ़ते हैं। आधुनिकता के नाम पर 'मैं' की सोच बढ़ रही है और 'हम' की सोच घट रही है। लोग परंपराओं और संस्कारों को पुराने जमाने की चीजें मानकर छोड़ते जा रहे हैं, जबकि वही पारिवारिक बंधन की जड़ों को मजबूत करते थे।

परिवार के भीतर भावनाओं की अनदेखी आज रिश्तों के टूटने का एक बड़ा कारण बन गई है। जब किसी की जरूरत, दुख, परेशानी या खुशी को समझने की कोशिश ही न की जाए, तो रिश्तों में ठहराव आना स्वाभाविक है। रिश्तों की शिक्षा का अभाव भी परिवारिक तनाव को बढ़ाता है। स्कूल और कॉलेज में हर विषय सिखाया जाता है, लेकिन रिश्तों को संभालने की कला, धैर्य और समझ का पाठ कहीं नहीं पढ़ाया जाता।

समय के साथ पैसा रिश्तों से बड़ा हो गया है। लोग पैसों के कारण रिश्ते तोड़ देते हैं या आर्थिक दबाव के चलते परिवार में अनावश्यक तनाव बढ़ने लगता है। एकतरफा उम्मीदें भी रिश्तों को बोझ बना देती हैं। जब किसी एक व्यक्ति पर अत्यधिक अपेक्षाएं रखी जाती हैं और वे पूरी न हों, तो नाराजगी, तकरार और दूरियां बढ़ती जाती हैं। नौकरी या पढ़ाई के लिए शहरों से दूर जाना भी भावनात्मक दूरी पैदा करता है। परिवार में जमा हुए अनसुलझे मुद्दे धीरे-धीरे जहर की तरह फैलते हैं और रिश्तों को भीतर से खोखला कर देते हैं। समाज में दिखावे की प्रवृत्ति ने भी रिश्तों को प्रभावित किया है। लोग बाहर से खुशहाल दिखना चाहते हैं, जबकि भीतर तनाव और असंतोष बना रहता है। परिवार में पक्षपात, असमानता और बच्चों की परवरिश में संतुलन का अभाव रिश्तों में कड़वाहट बढ़ा देता है।

स्पष्ट है कि रिश्तों के टूटने के पीछे कई कारण हैं, लेकिन समाधान भी हमारे अपने हाथों में है। अर संवाद, समझ, समय, सम्मान और प्रेम को प्राथमिकता दी जाए, तो कोई भी दूरी रिश्तों को नहीं तोड़ सकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

पुराने श्रम नियमों के बदले नए श्रम नियम लाभदायक और चुनौतीपूर्ण

भारत सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों को निरस्त कर केवल चार श्रम सहिंताओं को लागू कर संगठित व असंगठित कामगारों को शामिल किया गया है, जैसे औपचारिक, अनऔपचारिक, गिग, प्लेटफॉर्म, भवन निर्माण, कारखाना, खदान, बागवान, प्रवासी, अनुबंधित, निश्चित अवधि के तमाम व्यक्ति।

योगिंद्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक) जिला मंडी
मो. 94591-35322

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

गिग व प्लेटफार्म के व्यक्ति होते हैं, जो फ्रीलांस, अस्थायी, परियोजना आधारित कार्य करते हैं बजाय स्थायी पूर्णकालीन नौकरी के। स्वतंत्र ठेकेदार स्वरोजगार, पेशेवर ड्राइवर, ऑनलाइन डिलीवरी कर्मी या फ्रीलांस सलाहकार, पारंपरिक नौकरी के बदले अलग कार्यों को पूरा करके आय अर्जित करते हैं।

फ्रीलांस जो स्वतंत्र रूप से लेखन, डिजाइनिंग, सॉफ्टवेयर विकास कार्यों में लगे तमाम व्यक्ति। असंगठित कामगारों के बिखरे कुनबे को एक छाते के नीचे कानूनी दायरे में लाकर उन्हें सुरक्षा व समानता प्रदान करना सराहनीय है। केंद्रीय सरकार के कथन अनुसार, चारों नई श्रम संहिताओं से श्रम कर्मी व अन्य कर्मचारियों के कल्याण के साथ सुरक्षा प्रदान करना उद्देश्य है। ऐतिहासिक फैसला बताते हुए सरकार दावा कर रही है कि 40 करोड़ कामगारों को लाभ मिलेगा। उनकी जीवन शैली में सुधार आएगा और नियोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा मिलेगा। श्रम सुधारों की अनुपालना में आसानी और एकरूपता सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने भी श्रम संहिताओं को कामगारों के हितों के साथ आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया है। ध्यान से देखें तो चारों श्रम संहिताएं महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है। कामगारों को नियुक्ति पत्र अवश्य देना, जिसमें वेतन व अन्य शर्तें लिखी होगी, एक समान न्यूनतम वेतन अनिवार्य देना, सप्ताह में 48 घंटे कार्य करना, अतिरिक्त समय के लिए दोगुनी रकम देना, सहित अन्य सुविधाएं, स्वास्थ्य लाभ, बीमा सुरक्षा, एक वर्ष बाद नौकरी छूटने पर ग्रेच्युटी देना, पेंशन, 50% वेतन को ईपीएफ के लिए मानना आदि प्रावधानों को श्रम संहिताओं में दर्शाया गया है।

चारों संहिताएं मजदूरी वेतन, उद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण सुरक्षा और कार्य स्थितियां 21 नवंबर 2025 को लागू हुई और श्रमिकों की 10 यूनियनों द्वारा 26 नवंबर को विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया। लगभग एक दर्जन यूनियनों ने चुपी साद रखी हैं। लोकतंत्र है, अभिव्यक्ति की आजादी है। त्रुटियों को लेकर आवाज अवश्य उठानी चाहिए। प्रावधान कामगारों के हित में है, उसका स्वागत भी होना चाहिए।

विरोध कर रही यूनियनों का मानना है कि नए प्रावधानों से कामगारों को स्थायित्व नहीं मिल पाएगा। उनका तर्क है कि वेतन का बड़ा हिस्सा ईपीएफ में जाने से मासिक आय कम होगी, क्योंकि कटने वाली राशि तुरंत उपयोग में नहीं आएगी और उसका लाभ केवल सेवानिवृत्ति या खाता बंद होने पर ही मिलेगा। यूनियनों के तर्क अपने ढंग से सही हो सकते हैं, पर यह भी उतना ही सच है कि दुनिया में काम करने के तरीके लगातार बदल रहे हैं। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए प्रावधान जरूरी साबित हो सकते हैं। 90 के दशक में कंप्यूटरीकरण का विरोध हुआ था, लेकिन आज वही कंप्यूटरीकरण हर काम की रीढ़ बन चुका है।

यदि तब बदलाव स्वीकार न किया होता, तो हम आज कई सुविधाओं से वंचित होते। श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौती अवश्य रहेगी, क्योंकि असंगठित, अनौपचारिक और गिग सेक्टर के कामगारों को कानूनी ढांचे में लाया जा रहा है। कानून सरल हुए हैं, पर छोटे व्यवसायों और मजदूरों के लिए पालन अभी भी जटिल रहेगा।

केंद्र ने चारों श्रम संहिताएं लागू कर दी हैं और अब नियम बनाना राज्यों की जिम्मेदारी है। यदि लगभग 40 करोड़ कामगार कानूनी सुरक्षा और सामाजिक न्याय के दायरे में आते हैं, तो यह देश के श्रम परिदृश्य को बदल देने वाली बड़ी उपलब्धि साबित हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अजगरा : यक्ष-युधिष्ठिर संवाद की धरती और प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक महत्व

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में स्थित अजगरा एक ऐसा स्थान है, जो महाभारत के प्रसिद्ध यक्ष-युधिष्ठिर संवाद से जुड़ा हुआ है। लखनऊ से लगभग 150 किलोमीटर की दूरी पर रायबरेली और प्रतापगढ़ के बीच स्थित यह स्थल ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। लखनऊ-प्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग से रायबरेली के बाद बायीं ओर उतरते हुए लीलापुर के पास मुख्य रास्ते से थोड़ा हटकर यह स्थल आता है। यहां मुख्य मार्ग पर यक्ष-युधिष्ठिर संवाद और अजगरा की ओर इशारा करती हुई पट्टिका लगी हुई है, जो आगंतुकों का मार्गदर्शन करती है।

मनीश वर्मा ' मनु '
अधिकारी भारतीय राजस्व सेवा
स्वतंत्र टिप्पणीकार और विचारक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

प्राचीन मान्यता के अनुसार, राजा नहुष, जिन्हें अगस्त्य ऋषि के श्राप के कारण अजगर सर्प में बदल दिया गया था, यहीं गिर पड़े थे। द्वापर युग के अंतिम समय में वनवासी पांडवों के श्रेष्ठ युधिष्ठिर के दर्शन से उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ। इसी घटना के कारण इस क्षेत्र का नाम अजगरा पड़ा। पांडवों के अज्ञातवास के अंतिम समय में जब वे पानी की खोज में निकले, तो यक्ष ने उनसे बिना प्रश्नों के उत्तर दिए जल पीने से रोका। यहीं यक्ष और युधिष्ठिर का संवाद हुआ। यक्ष ने युधिष्ठिर से कई ज्ञान, धर्म और नैतिकता से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका युधिष्ठिर ने उत्तम उत्तर दिया। इसके परिणामस्वरूप यक्ष ने प्रसन्न होकर युधिष्ठिर के मृत भाइयों को जीवनदान दिया और अपने वास्तविक स्वरूप का खुलासा किया। यही संवाद आज भी धर्म, ज्ञान और न्याय के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। स्थानीय पुरावशेषों के अनुसार, यक्ष-युधिष्ठिर संवाद स्थल पर प्राचीन सरोवर और वृक्ष के अवशेष आज भी मौजूद हैं। हालांकि, चक्रवाती तूफान में वृक्ष गिर गया, पर इसके अवशेष पत्थर में परिवर्तित हो चुके हैं। इनके ऊपर के भाग पर लकड़ी के रेशों के निशान और भीतरी भाग में सुराख स्पष्ट दिखाई देते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह अंश हजारों वर्ष पुराना है। अजगरा के निवासी कवि और पुरातत्वविद् पं. राजेश कुमार पांडेय उर्फ निर्झर प्रतापगढ़ी ने इस क्षेत्र से अनेक ऐतिहासिक पुरावशेष खोजे और ग्रामीण क्षेत्र में भारत का पहला अशासकीय पुरातत्व एवं लोक कला संग्रहालय स्थापित किया। इस पौराणिक स्थल की स्मृति में भादो माह के शुक्ल पक्ष की ऋषि पंचमी तिथि से तीन दिनों का विशाल मेला आयोजित किया जाता है, जो अब महोत्सव का रूप ले चुका है। द्वितीय से तृतीय शताब्दी ईसा पूर्व के ब्राह्मी लिपि के प्राचीन लेखों में इस सरोवर के जल को मोक्षदायक बताया गया है।

स्थानीय पुरातत्व और इतिहास के विशेषज्ञों जैसे प्रो. एसएन राय, प्रो. विमल चन्द्र शुक्ल, डॉ. आरएन पाल और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रो. एफआर अल्चिन ने इस स्थल को प्रामाणिक माना है। यहां कई प्राचीन मंदिर और सिद्ध संतों की समाधियां भी स्थित हैं, जो चमत्कारी एवं मनोकामना पूरी करने वाली मानी जाती हैं।

प्रतापगढ़ न केवल ऐतिहासिक बल्कि सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह शहर अपनी विशेष पहचान आंवले की नगरी के रूप में रखता है और यहां के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों में महान कवि हरिवंश राय बच्चन का जन्मस्थान भी शामिल है। इसके अलावा, स्वतंत्र भारत में पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, जो प्रतापगढ़ क्षेत्र में आता है।

अजगरा केवल धार्मिक और पौराणिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और लोक कलाओं के संरक्षण में भी अहम योगदान देता है। यहां के प्राचीन सरोवर, वृक्ष और मंदिर आज भी भारतीय सभ्यता, धर्म और ज्ञान की अद्भुत धरोहर का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। यह स्थल आगंतुकों को पौराणिक कथाओं, ऐतिहासिक शोध और सांस्कृतिक महत्व से सीधे रूबरू कराता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

गोवा की त्रासदी : भ्रष्टाचार की आग में 25 जीवन की बलि

गोवा की वह रात आज भी भारत की सामूहिक स्मृति में गहरे घाव की तरह दर्ज है। यह केवल 25 परिवारों का व्यक्तिगत दुःख नहीं था, बल्कि पूरे समाज के लिए चेतावनी और पीड़ा का प्रतीक बन गया। सिलेंडर विस्फोट सिर्फ दुर्घटना नहीं थी; यह भ्रष्टाचार का नग्न, निर्दयी और क्रूर चेहरा था जिसने मानव जीवन की पवित्रता को पैसों और लालच के लिए कुचल दिया। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब व्यवस्था भ्रष्ट होती है, तो नियमों और कानून की कोई भी शक्ति मासूमों को बचा नहीं सकती।

कैलाश चंद्र
स्वतंत्र लेखक

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वह क्लब, जिसे नियमों के अनुसार ध्वस्त कर दिया जाना चाहिए था, वहां लालच और रिश्वत ने कानून को बेबस कर दिया। प्रशासनिक सत्य दम तोड़ गया, और भ्रष्टाचार मौन हत्यारे की तरह भीतर तक उतर गया। परिणामस्वरूप 25 जीवन राख में बदल गए, 25 परिवारों का भविष्य उजड़ गया और अनगिनत सपनों की लौ हमेशा के लिए बुझ गई। यह केवल दुर्घटना नहीं थी, बल्कि भ्रष्टाचार की व्यवस्था का दंश था, जिसने निर्दोषों की जिंदगियों को निगल लिया।

भ्रष्टाचार का सबसे भयावह पहलू यह है कि अपराधी अक्सर बच जाते हैं और दंड निर्दोषों पर टूटता है।

इस त्रासदी में दोष उन हाथों का था जिन्होंने नियमों की अनदेखी की, झूठी अनुमति दी, निरीक्षण औपचारिकता में बदल दिया और इमारत को गैरकानूनी सहारे पर खड़ा रहने दिया। जब वह इमारत गिरी, तो केवल दीवारें नहीं गिरीं, परिवारों के सपने, हंसी और जीवन भी ध्वस्त हो गया। बच्चों की हंसी, युवाओं की आशाएं और घर की सुरक्षा सब कुछ एक पल में राख हो गया।

तकनीकी खामियां जैसे अग्निशमन यंत्र का अभाव, सुरक्षा द्वारों का न होना और आपातकालीन रास्तों की कमी केवल आधा सच है। पूरा सच भ्रष्ट मानसिकता में छिपा है, जिसने वर्षों से कानून का गला दबाया। रिश्वत, अनुचित अनुमति, औपचारिक निरीक्षण और दबदबे ने मिलकर उस इमारत को बचाया, जो गिरनी चाहिए थी। और जब गिरा, तो निर्दोषों के जीवन का मूल्य चुकाया गया। यह उस मानसिकता का परिणाम था जिसने मानव जीवन को केवल पैसों और लाभ के मापदंड में तौलना शुरू कर दिया।

भारतीय दर्शन सदियों से चेतावनी देता है कि अधर्म का अंत निश्चित है। भ्रष्टाचार से कमाया गया हर लाभ कर्म ऋण लेकर आता है। गोवा की घटना उस ऋण की भयावह परिणति है, जिसमें समाज और निर्दोष जीवन को कीमत चुकानी पड़ी। भ्रष्टाचार केवल सिस्टम की कमजोरी नहीं, यह मानव हत्या की प्रक्रिया है। यह किसी विभाग, अधिकारी या व्यापारी का अकेला दोष नहीं; यह समाज के सामूहिक मौन, अनदेखी और सहिष्णुता की उपज है।

अब प्रश्न यह है कि क्या हम केवल आंकड़ों तक सीमित रहेंगे? क्या 25 जीवन केवल शोक शब्दों में सिमट जाएंगे, या हमें भीतर से झकझोर कर चेतावनी देंगे कि भ्रष्टाचार केवल एक व्यक्ति का दोष नहीं, बल्कि सामूहिक मौन और सहिष्णुता की उपज है। हमें यह समझना होगा कि जब कानून की जगह पैसे का असर और नैतिकता की जगह लाभ का गणित बैठ जाता है, तब दुर्घटनाएं आकस्मिक नहीं रह जातीं, वे नियोजित परिणाम बन जाती हैं।

गोवा की यह पीड़ा हमें याद दिलाती है कि भ्रष्टाचार का फल निश्चय ही सामने आता है। चाहे सत्ता में गिरावट के रूप में, चाहे परिवारों के विनाश में, चाहे मासूम जीवन की अकाल मृत्यु में।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

29 एमडीएस व 60 बीडीएस छात्रों ने ली दंत चिकित्सा पेशे की शपथ

हिमाचल डेंटल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी व ओरिएंटेशन सेरेमनी के दौरान गणमान्य।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

हिमाचल डेंटल कॉलेज में सोमवार को एमडीएस व बीडीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित व्हाइट कोट सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर की शोभा बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कार्तिकेयन गोकुलाचंद्रन, आईपीएस (कमांडेंट, तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन, पंडोह) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह तथा उप प्राचार्य डॉ. देवेंद्र शर्मा की उपस्थिति समस्त फैकल्टी के साथ रही। सेरेमनी के दौरान 29 एमडीएस व 60 बीडीएस छात्रों को दंत चिकित्सा पेशे की गरिमा, नैतिकता और सेवा-भावना को बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।

मुख्यातिथि डॉ. कार्तिकेयन ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्रों को समाज में सकारात्मक और प्रभावशाली योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि दंत चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज की सेवा का माध्यम है। कॉलेज में हर वर्ष आयोजित की जाने वाली यह परंपरागत व्हाइट कोट सेरेमनी नए छात्रों को उनके भविष्य के दायित्वों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण मंच है। कार्यक्रम के उपरांत बीडीएस प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रधानाचार्य, डॉक्टर बलजीत सिंह ने छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा, विभिन्न विषयों, विभागों और दंत चिकित्सा की विशेषताओं से अवगत कराया गया।

छात्रों को उनके पांच वर्षीय बीडीएस पाठ्यक्रम के अनुशासन, अध्ययन पद्धति और प्रोफेशनल ग्रोथ से जुड़े महत्वपूर्ण मार्गदर्शन भी प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम ने छात्रों में उत्साह, जिम्मेदारी और दंत चिकित्सा के प्रति समर्पण की नई ऊर्जा का संचार किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन डॉक्टर राजीव बिस्वास, डॉक्टर लिजा सचदेवा, डॉक्टर तमन्ना शर्मा, डॉक्टर लिपिकांक्षा, डॉक्टर पंकज धीमान, डॉ. आकाश अग्निहोत्री व बीडीएस प्रथम वर्ष के छात्रों योगदान रहा।

सुंदरनगर पीडब्ल्यूडी कार्यालय कचरे में डूबा, मेन गेट के बाहर बदहाली का आलम

पीडब्ल्यूडी ऑफिस परिसर में सिगरेट टोटों से लेकर शराब की बोतलों तक का अंबार

भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान

महादेव। उपमंडल सुंदरनगर (तहसील सुंदरनगर) के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग का विस्तृत क्षेत्र जहां कई स्थानों पर गंदी नालियों, कूड़े-कचरे और प्रदूषण की चपेट में है, वहीं शहरी क्षेत्र सुंदरनगर (चतरोखड़ी) में स्थित विभाग का मुख्य कार्यालय भी बदहाली का शिकार है।

लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यालय परिसर में फैली गंदगी का दृश्य।

कार्यालय परिसर का बड़ा हिस्सा कूड़े-कचरे से अटा पड़ा दिखाई देता है। मेन गेट के पास बीड़ी-सिगरेट के टोटों के ढेर लगे हुए हैं और एक कोने में पड़े टायरों और कबाड़ के बीच हार्ड ड्रिंक की खाली बोतलें भी साफतौर पर देखी जा सकती हैं। यह दृश्य कार्यालय की छवि को भद्दा बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ता।

लोक निर्माण विभाग के इस मुख्य कार्यालय में एक्सईएन स्तर का अधिकारी कार्यरत बताया जाता है, ऐसे में परिसर के बाहर इस तरह की गंदगी फैलना उस समय और अधिक चिंताजनक लगता है जब जिला प्रशासन स्वच्छता को लेकर निरंतर सख्त कदम उठाने के दावे कर रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट दिखाई देती है। जगह-जगह दूषित वातावरण, नालियों में लगातार बहता बदबूदार पानी और कूड़े-कचरे की चौतरफा मार से कई स्थान नारकीय हालत में बदलते जा रहे हैं। ऐसे में स्वच्छता अभियान का असर फीका पड़ना स्वाभाविक है।

प्लास्टिक कचरे पर रोक, गांव-शहर में स्वच्छ वातावरण और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दे केवल बातों तक सीमित लगते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां की नालियों और आसपास फैली गंदगी को रोकने के लिए अभी भी कड़े और प्रभावी उपायों की जरूरत है। समय की मांग है कि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

लोगों ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि लोक निर्माण विभाग के मुख्य कार्यालय सहित पूरे क्षेत्र से गंदगी हटाने के लिए तत्काल कारगर कार्रवाई की जाए।

परिवहन विभाग ने बस को गंतव्य स्थान पर न पहुंचाने वाला ड्राइवर किया निलंबित

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

- ड्यूटी पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

सरकाघाट। हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट डिपो के चालक पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ड्राइवर पर आरोप है कि उसने अपनी ड्यूटी के दौरान बस को गंतव्य स्थान तक नहीं पहुंचाया।

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के उपरांत क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा ने चालक को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामला शनिवार शाम का है। पता चला कि हिमाचल पथ परिवहन निगम सरकाघाट की बस सरकाघाट से झंझैल के लिए पांच बजकर पंद्रह मिनट पर चलती है, लेकिन इसमें सफर कर रहे यात्रियों का आरोप है कि इसने बस को दवारडू तक ही ले गया और उसमें सफर करने वाली सवारियों को वहीं पर उतार दिया और उनको रात में 3 किलोमीटर तक पैदल जाना पड़ा, जबकि उनकी टिकट परिचालक द्वारा झंझैल तक की बनाई गई थी और इसमें सफर कर रही एक छात्रा को अंधेरे में अपने घर पहुंचना पड़ा, वहीं पर ड्राइवर सतीश कुमार का कहना है कि जहां पर उसने सवारियों को उतारा उससे आगे स्टार बस नहीं जाती, मैंने पहले ही इनकार कर दिया था।

इस बारे में क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके ध्यान में मामला आने के बाद उन्होंने चालक को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया और उन्होंने बाकी कर्मचारियों को भी हिदायत दी है कि अगर कोई भी कर्मचारी अपनी ड्यूटी में लापरवाही निगम की छवि खराब करता है, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। चाहे वह चालक परिचालक या अन्य कर्मचारी ही क्यों न हो किसी को भी नहीं बक्शा जाएगा।

पेंशनर्स को तीन साल से झूठे आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिला : जयराम ठाकुर

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

मंडी। मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के पेंशनर्स इस सरकार के रवैए से बहुत हताश हैं, क्योंकि सरकार लगातार तीन साल से उन्हें झूठे आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं दे रही है। पेंशनर्स को सरकार समय पर पेंशन ही नहीं दे पा रही है बाकी सुविधाएं मिलना तो दूर की बात है। तीन साल में सरकार ने पेंशनर्स को इलाज और दवाई के नाम पर एक भी पैसा नहीं दिया है। जिसकी वजह से उनकी जिंदगी भी खतरे में पड़ गई है। उम्र के इस पड़ाव पर हर किसी को अधिक देखभाल और इलाज की आवश्यकता होती है। बुढ़ापे में सबसे ज्यादा खर्च ही इलाज और दवाओं पर ही होता है। इतने महत्वपूर्ण मामले पर सरकार की उदासीनता ही सरकार की संवेदनहीनता बताती है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि जिस तरीके से पूरे प्रदेश में पेंशनर्स द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है और धर्मशाला में पेंशनर्स की रैली के बाद सरकार जमीनी तौर पर कुछ करती नजर नहीं आ रही है। ऐसे में मेरा मुख्यमंत्री से आग्रह है की पेंशनर्स की समस्याएं बहुत गंभीर हैं और उनका निदान अति शीघ्र किया जाना चाहिए। जिन्होंने कर्मचारी के तौर पर प्रदेश में अपनी सेवाएं देकर प्रदेश के योगदान में अपनी भूमिका निभाई है उनके साथ आज इस तरह का भेदभाव बहुत दुखदाई है। जयराम ठाकुर ने प्रदेश में बेकाबू होते माफिया और ध्वस्त होती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि विभिन्न प्रकार के माफिया और अवैध खनन के लिए हो रही लड़ाई और अपराध में प्रदेश के नेताओ के नाम पहले दिन से ही सामने आए थे लेकिन अब यह प्रकरण आगे बढ़ रहा है और मुख्यमंत्री इसे दूर से देख रहे हैं। अतीत में भी यह देखने को मिला कि बड़े -बड़े नेता माफिया के सामने बेबस नजर आए और उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग खुले मंचों से की गई।

बाल मेले में बच्चों ने दिखाया उत्साह और प्रतिभा

मुख्यातिथि ने विजेताओं को प्रमाणपत्र और स्मृतिचिन्ह से किया सम्मानित

कनैड स्कूल में जिलास्तरीय बाल मेले के दौरान मुख्य अतिथि मीना राठौर व उपस्थित अन्य गणमान्य।

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर

पीएम श्री स्कूलों का जिलास्तरीय बाल मेले का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनैड में किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उपनिदेशक गुणवत्ता नियंत्रक एवं जिला परियोजना अधिकारी मीना राठौर रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बाल मेले में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दी उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा जब भी इस प्रकार की कोई भी प्रतियोगिता होती है तो सभी को बच्चों को बढ़-चढ़कर के भाग लेना चाहिए क्योंकि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास की भावना जागृत होती है और सर्वांगीण विकास होता है। इसी के साथ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को बधाई दी।

इस बाल मेले में जिला मंडी के 21 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और नौ प्राथमिक पाठशालाओं ने भाग लिया। यह जानकारी जिला समन्वयक धर्मवीर भी राणा ने दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न गतिविधियां करवाई गई। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रतिमा अबरोल, शैलजा, रजनीश चौधरी, राकेश, सविता, अंजलि कर्मचंद, कमलेश महाजन, यामिनी नेगी, आशा राणा, मीना और कृष्णा ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। खेलकूद प्रतियोगिताओं में जितेंद्र, मोहन सिंह, नरपत, राजेश, राजेंद्र, जितेंद्र राजेश, अजित सिंह, सुनील कुमार, पूजा डोगरा, संजय, कनिका, संजीव ढीमेश्वर, जगदीश, योगेश, नरेंद्र नरेश, राजेश नंदा, नरेश कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।

विधायक ने नप अध्यक्ष के विवादित निर्णय पर किया हस्तक्षेप

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। जवाहर पार्क ग्राउंड में प्रस्तावित व्यापार मेले की अनुमति को लेकर नगर परिषद सुंदरनगर में मतभेद सामने आए। व्यापारियों द्वारा परिषद कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किए जाने के बाद स्थानीय विधायक को दखल देना पड़ा। कांग्रेस समर्थित सात पार्षदों—गोपाल कपूर, विनोद सोनी, पार्वती शर्मा, सोम कुमार, रवि शंकर, राम सिंह और राजेश शर्मा—का आरोप है कि मेले की अनुमति का मामला सदन में नहीं लाया गया और उन्हें सूचित नहीं किया गया। पार्षदों ने कहा कि यदि कार्यकारी अधिकारी ने मेले की अनुमति दी थी, तो अध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों को शिकायत क्यों नहीं की। उन्होंने व्यापारियों का समर्थन करते हुए अध्यक्ष से सार्वजनिक माफी की मांग की। व्यापार मंडल के विरोध और राजनीतिक खींचतान के बीच नगर परिषद पर अब साबित करने का दबाव है कि मेले का निर्णय सही प्रक्रिया से लिया गया।

न्यूज ब्रीफ

विद्यार्थी और शिक्षक को किया सम्मानित

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। सुंदरनगर के छम्यार स्कूल में प्रधानाचार्य चांद राम ने विद्यार्थी गुंजन और हिंदी प्रवक्ता पवन चौहान को भारत की ओर से शनिवार को ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय वार्ता में सफलतापूर्वक अपनी बात रखने के लिए स्मृतिचिन्ह और उपहार देकर सम्मानित किया। विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस के ऑनलाइन कार्यक्रम में भारत, श्रीलंका और भूटान के हिंदी अध्यापक और विद्यार्थी 'हिंदी में अभिव्यक्ति' विषय पर अपने विचार साझा किए। भारत की ओर से गुंजन ने हिमाचल की बोलियों को हिंदी से जोड़ते हुए हिंदी की महत्ता पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों ने गुंजन की प्रशंसा की और शिक्षक पवन चौहान के हिंदी शिक्षण कार्य की सराहना की। प्रधानाचार्य ने इसे गर्व का विषय बताया और स्कूल की उपलब्धि पर खुशी जताई।

बैरकोट में 203 लोगों ने करवाया चेकअप

अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। बैरकोट पंचायत में सोमवार को आयुष विभाग के नेतृत्व में बहु-विशेषज्ञ स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। उपमंडल आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम राणा ने शिविर का संचालन किया। शिविर में ग्रामीणों की शुगर, बी.पी. जांच के साथ कपिंग थेरेपी, मर्म चिकित्सा और प्रकृति परीक्षण किया गया। विभाग की ओर से सभी रोगियों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। कुल 203 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य परामर्श और उपचार का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. राम (शल्य विशेषज्ञ), डॉ. अपूर्वा (काय चिकित्सा विशेषज्ञ), डॉ. रितिका शर्मा (बाल रोग विशेषज्ञ), डॉ. मीना ठाकुर, डॉ. दीपक कपूर (योग विशेषज्ञ) सहित आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी और धात्री सेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉ. विक्रम राणा ने आयुर्वेद और योग अपनाने पर जोर दिया और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया।

विद्यार्थियों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर के राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य मुख्य अतिथि थीं। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने विद्यार्थियों को यातायात नियम, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, मोबाइल फोन से दूरी और निर्धारित गति सीमा पालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और बचाव के उपायों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और समाज में जागरूकता फैलाने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। सड़क सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार और सदस्य प्रो. बिमला शर्मा ने कार्यक्रम के सफल संचालन में योगदान दिया।

2008-2011 बैच के शिक्षकों को मिले पदोन्नति

अनंत ज्ञान, मंडी। हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ ने 2008-2011 बैच के चयनित शिक्षकों की वरिष्ठता तथा लंबित पदोन्नति मामलों में हो रही देरी पर कड़ा विरोध जताते हुए सरकार से तत्काल कदम उठाने की माँग की है। महासंघ का कहना है कि 14 वर्ष से अधिक समय से सेवाएँ दे रहे इन शिक्षकों को वर्ष 2024 में नियमित मान्यता तथा वित्तीय लाभ मिलने के बावजूद संशोधित वरिष्ठता सूची में पीछे रखा गया, जिससे विषय प्रवक्ता पद पर उनकी योग्य पदोन्नति रुक गई। आरोप है कि त्रुटिपूर्ण वरिष्ठता सूची के आधार पर कनिष्ठों को पदोन्नति दी गई, जबकि न्यायालय के निर्देशों के बाद संशोधित सूची में वास्तविक स्थिति सामने आई। महासंघ ने माँग की कि संशोधित सूची के अनुसार तुरंत पदोन्नति दी जाए, फरवरी 2024 से लंबित सभी प्रकरण निपटाए जाएँ और गलत पदोन्नतियों की समीक्षा हो। महासंघ अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि अब किसी प्रकार की देरी उचित नहीं और शिक्षकों को उनका न्याय मिलना चाहिए।

महादेव के डॉ. संजय भाजपा में शामिल

अनंत ज्ञान, मंडी। सुंदरनगर के महादेव निवासी डॉ. संजय कुमार ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनका पटका पहनाकर स्वागत किया। डॉ संजय इस समय पच्चीसी खेल महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश डॉजबॉल खेल संघ के चैयरमेन हैं। इस मौके पर युवा मोर्चा के प्रमुख प्रवक्ता भुवनेश ठाकुर भी उपस्थित रहे। भाजपा में शामिल होने को लेकर संजय ने कहा कि उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि कांग्रेस की रही है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से वे काफी प्रभावित हैं और पार्टी के लिए काम करना चाहते हैं। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि ऐसा सर्वमान्य नेता होना ही मंडी वासियों के लिए सौभाग्य की बात है।

शहरी भूमि अभिलेख की होगी आधुनिक मैपिंग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी में शहरी भूमि अभिलेख के आधुनिकीकरण, नक्शा कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और वैज्ञानिक मैपिंग प्रक्रिया के उद्देश्य से ग्राउंड प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर निगम आयुक्त रोहित राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त सेटलमेंट अधिकारी चिरंजी लाल ने विभागीय कार्ययोजना साझा की। इसमें स्टेट प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट, एमपीएसईडीसी और हैदराबाद से विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में लगभग 60 पटवारी और कानूनगो शामिल हुए, जिन्हें ग्राउंड ट्रुथिंग, रियल-टाइम डेटा कैप्चर, जियो-टैगिंग, सीमा सत्यापन और डेटा अपलोडिंग की तकनीकी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा रोवर्स की टेस्टिंग भी संपन्न की गई। यह पहल शहरी भूमि अभिलेखों को डिजिटल, पारदर्शी और सटीक बनाने की दिशा में राज्य सरकार का महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों को भूमि संबंधी सूचनाएं अधिक सुलभ और अद्यतन रूप में मिल सकेंगी।

9 से मंडी दौरे पर पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 9 से 11 दिसंबर तक मंडी के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वे 9 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे शिमला से प्रस्थान कर सायं 6 बजे मंडी पहुंचेंगे और 10 दिसंबर को मंडी में ही ठहरेंगे। 11 दिसंबर को मंत्री मंडी में राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

ओलंपियाड के विजेता खिलाड़ी किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, महादेव। बीएसएल परियोजना सुंदरनगर में भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा आयोजित बीबीएमबी अंतर परियोजना स्कूल खेल ओलंपियाड सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ओलंपियाड में लगभग 300 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अंडर 14 व अंडर 19 वर्ग में एथलेटिक्स, कबड्डी और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अभियंता बीएसएल परियोजना सुंदरनगर बीएस नारा ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उप मुख्य अभियंता कश्मीर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता गुलशन मान, और बीएसएल परियोजना के अन्य अधिकारी भी समारोह में उपस्थित रहे।

डिजास्टर एक्ट के बीच कांग्रेस का उत्सव किस बात का जश्न : भाजपा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

प्रदेश में आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू होने के बावजूद मंडी में प्रदेश सरकार द्वारा तीन साल के जश्न की तैयारियों पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा प्रहार किया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि मंडी जिला इस वर्ष बाढ़ और भूस्खलन से सबसे अधिक प्रभावित रहा है। ऐसे समय में कांग्रेस सरकार का उत्सव मनाना न केवल असंवेदनशीलता है, बल्कि आपदा से जूझ रहे लोगों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा अमानवीय कृत्य है। मंडी में अब तक 42मौतें, 50 लापता, 70 से अधिक घायल, 1,500 से ज्यादा घरों को नुकसान, सैकड़ों पशुओं की मौत, अनेक सड़कें बंद, जल - बिजली आपूर्ति बाधित, और 400 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति दर्ज हो चुकी है। कई गांव अभी भी सड़क, दवा और राशन-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से कटे हुए हैं।

अखिलेश कपूर ने कहा कि जब जनता राहत और पुनर्वास की प्रतीक्षा में है, कांग्रेस सरकार उत्सव की तैयारियों में व्यस्त है। प्रदेश की आर्थिक स्थिति चरमराई हुई है—राज्य का कर्ज 1 लाख करोड़ रुपये के पार, महिलाओं को 1500 रुपये देने का वादा अधूरा, युवाओं को 5 लाख पक्की नौकरियों की प्रतीक्षा, किसान-बागवान परेशान, हिमकेयर और सहारा योजनाएं फंड के अभाव में ठप, कर्मचारियों की सैलरी-पेंशन समय पर नहीं, और ठेकेदार तीन वर्षों से भुगतान के इंतजार में हैं। ऐसे में जश्न किस बात का ?

उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी बदहाल है कि विधायक निधि तक बंद कर दी गई है और विधायकों द्वारा पूर्व में अनुशंसित योजनाओं का पैसा भी ट्रेजरी से जारी नहीं हो पा रहा। यह स्पष्ट संकेत है कि प्रदेश सरकार की तिजोरी पूरी तरह खाली है। कपूर ने कहा कि तिजोरी खाली होने के बावजूद सरकार मंडी में फोटोशूट और जश्न की तैयारी में व्यस्त है, जबकि सड़कें टूटी हैं, परिवार बेघर हैं और लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।

हिमालयन स्कूल सरकाघाट का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र किए सम्मानित

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरकाघाट क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ तथा रिटायर्ड मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. पीएल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा तथा प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने उन्हें शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

हिमालयन पब्लिक स्कूल सरकाघाट में वार्षिक समारोह के दौरान गणमान्य।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। छात्रों ने देशभक्ति, पहाड़ी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी और हरियाणवी नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी। रामायण, महाभारत, गीता, युग-चित्रण और बेटी बचाओ जैसे विषयों पर आधारित लघु नाटिकाओं ने दर्शकों का मन मोह लिया। पुलवामा हमले पर आधारित प्रस्तुति इतनी मार्मिक रही कि कई दर्शकों की आंखें नम हो गईं। प्रधानाचार्य प्रेमलता डोगरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि, अभिभावकों और सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल की पहली पत्रिका 'फुटप्रिंट ऑफ फ्यूचर' का लोकार्पण भी अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, मुख्य अतिथि डॉ. वर्मा और प्रधानाचार्य द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि ने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित विद्यार्थियों में अक्षरा, आस्था, अलंकृत, मीनल, धैर्य, आयन, गरिमा, ऋषिक डोगरा, आदित्य शर्मा, अखिलेश, लिप्स, अभिनव, आयुष, दीक्षा, अंकित, यशवी, शिवांश शर्मा, तन्वी, सारांश, वैष्णवी, अन्वी, नवनीत, शौर्य, सुहाना, वर्तिका, नित्यम, आरुषि, राधिका, काजल, श्रेया शर्मा, सोनाक्षी, रोहित, शुभम आदि शामिल रहे।

कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिनमें प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, महासचिव रणजीत सिंह, सहसचिव पूजा, शीला, सुरेखा, मीना, अनिल कुमार, हरिदास प्रजापति, अनीता पठानिया, मीडिया प्रभारी आर.के. सिंह, मनोज कुमार, मोती लाल, कुलदीप गुलेरिया, तेजनाथ शर्मा, नरेश गौतम, आशीष कुमार और अरुण उपाध्याय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विशेषज्ञों ने हिंदुत्व, पर्यावरण और सामाजिक कर्तव्यों पर रखे विचार

बालीचौकी में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न, विविध विषयों पर बौद्धिक चिंतन किया गया।

नूतन ठाकुर, अनंत ज्ञान

बालीचौकी। बालीचौकी में गत दिवस भव्य हिंदू सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कथावाचक एवं समाजसेवी गोविंद राम शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि हिंदू संस्कृति इतनी समृद्ध है कि विश्व भर में उसके अनेक सिद्धांतों का अनुसरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि हिंदुत्व का दर्शन वैज्ञानिक सोच पर आधारित है और 'वसुधैव कुटुम्बकम' इसकी मूल भावना है। उनका पूरा वक्तव्य कुटुंब प्रबोधन और हिंदुत्व के दार्शनिक पहलुओं पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की सुश्री हीरा ठाकुर ने पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्यों पर सारगर्भित बौद्धिक विचार प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक गोपीचंद ने संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए इसकी 100 वर्षों की समाज जागरण यात्रा पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने 'पंच प्रण' का विस्तृत मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र ठाकुर, सह संयोजक लोकेन्द्र राणा और सचिव लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्थानीय समाज की उपस्थिति सराहनीय रही। सम्मेलन में घनेश कुमार, जिला प्रचारक जितेन्द्र और जिला कार्यवाह रणजीत कुमार सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

हलचल समाजसेवा व उद्योगपति केके सकलानी के मैदान में उतरने की चर्चा तेज

जोगिंद्रनगर विस क्षेत्र में तेज हुई चुनावी हलचल

अभिषेक, अनंत ज्ञान

जोगिंद्रनगर। हिमाचल प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव-2027 से पहले ही हलचलें तेज होती दिखने लगी हैं। राज्य के प्रमुख राजनीतिक क्षेत्रों में शामिल जोगिंद्रनगर विधानसभा सीट पर इन दिनों खासा राजनीतिक माहौल गर्माया हुआ है। इसकी वजह है लडभड़ोल क्षेत्र के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी के.के. सकलानी का नाम, जिनके चुनाव लड़ने की अटकलों ने पूरे क्षेत्र में नई राजनीतिक ऊर्जा भर दी है।



सूत्रों के अनुसार केके सकलानी पिछले कुछ समय से लगातार अपने समर्थकों और करीबी साथियों के साथ बैठकों का दौर चला रहे हैं। हालांकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से अभी कोई घोषणा नहीं की है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इस बात की चर्चा इतनी तेज हो गई है कि उनके मैदान में उतरते ही जोगिंद्रनगर विधानसभा में मुकाबला और अधिक दिलचस्प हो जाएगा। के.के. सकलानी का नाम प्रदेश में समाज सेवा के क्षेत्र में बेहद आदर के साथ लिया जाता है। वे लगभग 40 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं और शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास तथा आपदा राहत के क्षेत्रों में उनका योगदान उल्लेखनीय माना जाता है। समाज के प्रति उनके लंबे और प्रभावी योगदान को देखते हुए उन्हें 'हिमाचल रत्न' जैसे प्रतिष्ठित सम्मान से भी नवाजा गया, जो उनकी जनसेवा और मानवीय संवेदनाओं का प्रमाण है।हिमाचल प्रदेश में आई विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी सकलानी अग्रिम पंक्ति में दिखाई दिए। उन्होंने प्रदेशभर में पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री, आर्थिक सहायता और अन्य आवश्यक मदद उपलब्ध करवाई। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में भी वे स्वयं पहुंचे, प्रभावित परिवारों से मिले और औपचारिकताएं निभाने की बजाय सीधे लोगों को सहायता प्रदान की। उनके इन कार्यों ने स्थानीय समाज में उन्हें एक भरोसेमंद और जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेता के रूप में स्थापित किया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि सकलानी जोगिंद्रनगर विधानसभा से चुनावी मैदान में उतरते हैं तो यह सीट बहुकोणीय और बेहद दिलचस्प मुकाबले में बदल सकती है। क्षेत्र में

न्यूज ब्रीफ

टटेहड़ा गांव में मिले 3 पाकिस्तानी गुब्बारे

अनंत ज्ञान, गगरेट। उपमंडल गगरेट के टटेहड़ा गांव में कुछ अरसा पहले पाकिस्तान का गुब्बारा मिलने के बाद सोमवार को फिर से तीन पाकिस्तानी गुब्बारे मिलने से तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। गुब्बरों पर पाकिस्तानी झंडा अंकित होने के साथ आई लव पाकिस्तान अंकित है। घटना की जानकारी गगरेट पुलिस को मिलने पर पुलिस ने तीनों गुब्बारे कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। सोमवार को गांव के ही किसी व्यक्ति ने पाकिस्तान का झंडा व आई लव पाकिस्तान अंकित गुब्बारा पड़ा देखा। इसकी कुछ ही दूरी पर ऐसे ही दो और गुब्बारे पाए गए। जिस पर इसकी सूचना ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को दी गई। जिस पर उपप्रधान अनिल ठाकुर ने गगरेट पुलिस को सूचित किया। मौके पर गई पुलिस टीम ने पाया कि गुब्बारों में न तो कोई मानीटर लगा है और न ही किसी प्रकार का अन्य उपकरण है। हालांकि, जिस प्रकार गुब्बारों पर पाकिस्तान का झंडा व आई लव पाकिस्तान अंकित है उससे साफ हो रहा है कि गुब्बारे या तो हवा में उड़ कर यहां पहुंचे हैं या फिर किसी शरारती तत्व की यह हरकत है। इससे पहले भी आपरेशन सिंदूर के बाद टटेहड़ा गांव में पाकिस्तानी गुब्बारा मिला था। उस पर पाकिस्तानी एयरलाइन का लोगो अंकित था। डीएसपी अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने गुब्बारे कब्जे में लेकर रपट दर्ज की है। गुब्बारे कहां से आए इसकी पड़ताल की जा रही है।

साइबर सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी

अनंत ज्ञान, बंगाणा। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में बीसीए विभाग के सौजन्य से साइबर जागरूकता विषय पर क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति सचेत करना व सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के आवश्यक उपायों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में प्रो. आरती देवी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए साइबर सुरक्षा के महत्व, व्यक्तिगत डेटा संरक्षण, ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान तथा साइबर अपराध होने पर उठाए जाने वाले त्वरित कदमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रो. रेनूका और प्रो. रंजना भी उपस्थित रहीं और उन्होंने छात्रों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया। जागरूकता सत्र के उपरांत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार आशीष, कौशल और संदीप की टीम ने हासिल किया। दूसरा पुरस्कार शीता, दीपिका और दिया की टीम को मिला, जबकि तीसरा पुरस्कार राज कुमार, निशांत और अंकित की टीम को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। इस दौरान प्रो. सिकंदर नेगी, प्रो. मुकेश, प्रो. आरती, प्रो. रेनूका सहित बीसीए विभाग के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम अत्यंत जानकारीपूर्ण, प्रेरक व उपयोगी सिद्ध हुआ। छात्रों ने साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और बीसीए विभाग के इस सराहनीय प्रयास की सर्वत्र प्रशंसा हुई।

काव्य गोष्ठी में बहा रचनाओं का प्रवाह

अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना की अग्रणी साहित्यिक संस्था 'दर्पण' (पंजीकृत) की साधारण सभा की बैठक जिला मुख्यालय स्थित बचत भवन के सभागार में संस्था के अध्यक्ष अशोक कालिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने, पुष्पांजलि अर्पित करने तथा सरस्वती वंदना का गायन करने के साथ हुआ। राष्ट्र गीत वंदे मातरम् के समवेत स्वर में गायन उपरांत काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसी दौरान 'दर्पण' के वरिष्ठ सदस्य व साहित्यकार अनिल जसवाल के सद्यप्रकाशित काव्य-संग्रह 'जीवन प्रवाह' का विमोचन किया गया। समस्त उपस्थित साहित्यसेवियों ने अनिल जसवाल को उनकी सतत् रचनाधर्मिता के लिए शुभकामनाएं व बधाई दीं। साधारण सभा की बैठक में अध्यक्ष के अतिरिक्त कुंदनलाल भारद्वाज-उपाध्यक्ष, रामपाल शर्मा-कोषाध्यक्ष, रचना रानी-महासचिव, कार्यकारिणी सदस्यों-डॉक्टर देवकला शर्मा, अनिल जसवाल तथा साधारण सदस्यों-अलका चावला, दिनेश कुमार व सुधा पाराशर ने भाग लिया। उपस्थित सदस्यों ने संस्था के भावी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की। संस्था से जुड़े लेखकों के अतिरिक्त गीता मनीषी कृष्ण कुमार लद्दाखी, त्रिविक्रम शर्मा, राजेंद्र कौशल, ओम देवी सैनी, ओमप्रकाश शर्मा, सुरेश शर्मा, रामकिशन भट्टी आदि ने अपनी प्रभावी रचनाओं का पाठ कर आयोजन को यादगार बना दिया।

अब 11 को होंगे ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग

अनंत ज्ञान, ऊना। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ऊना अशोक कुमार ने जानकारी दी कि ऊना में 10 दिसंबर को निर्धारित वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट प्रक्रिया में प्रशासनिक कारणों के चलते बदलाव किया गया है, अब यह प्रक्रिया 11 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आरएलए अंब के तहत 11 दिसंबर को होने वाली वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट प्रक्रिया अब 10 दिसंबर को संपन्न होगी। उन्होंने सभी वाहन मालिकों से से अनुरोध किया है कि वे पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट की संशोधित तिथियों के अनुसार अपने दस्तावेज व वाहन टेस्ट के लिए समय पर उपस्थित हों, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की जा सके।

स्कूलों व आयुष केंद्रों में खिले हर्बल गार्डन

आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के लिए रोपे गए हैं शतावर, अश्वगंधा, आंवला सहित विविध औषधीय पौधे

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमाचल सरकार, प्रदेश में जहां आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में जुटी है। वहीं, पारंपरिक आयुर्वेद व आयुष चिकित्सा पद्धति को भी नई ऊर्जा प्रदान की जा रही है। इसी उद्देश्य से ऊना जिले में स्कूलों और आयुष संस्थानों के परिसर अब औषधीय पौधों की सौंधी महक से भर गए हैं। लगभग 9.42 लाख रुपए की लागत से तैयार किए गए ये हर्बल गार्डन स्वास्थ्य जागरूकता और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

जिला आयुष अधिकारी ऊना किरण शर्मा ने बताया कि जिले के 5 स्कूलों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड़ जसवां, रावमापा कुठारकला, रावमापा भदसाली, रावमापा पिरथीपुर और रावमापा थानाकलां में हर्बल गार्डन विकसित किए जा चुके हैं। इस कार्य पर 1.25 लाख रुपए व्यय किए गए हैं। विद्यालयों में शतावर, अश्वगंधा, स्टीविया, एलोवेरा, आंवला, हरड़, बेहड़ सहित अनेक औषधीय पौधे लगाए गए हैं। इन उद्यानों का उद्देश्य बच्चों में प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति रुचि जगाना और आयुष पद्धति की वैज्ञानिक उपयोगिता को समझाना है। किरण शर्मा बताती हैं कि जिले के सभी आयुष स्वास्थ्य केंद्रों में 2.25 लाख रुपए की लागत से पॉटेड हर्बल गार्डन विकसित किए गए हैं। वहीं, 13 आयुष आरोग्य मंदिरों में 5.92 लाख रुपए खर्च कर 3232 औषधीय पौधे रोपित किए गए हैं, जो स्थानीय स्तर पर औषधीय संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के उस विचार को मूर्त रूप देती है, जिसमें बच्चों व आम लोगों को प्राकृतिक उपचार पद्धतियों से जोड़ने, आयुष-आयुर्वेद के महत्व को समझाने और स्वास्थ्य को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया गया है। प्रदेश में विभिन्न विभागों के सहयोग से औषधीय उद्यान विकसित किए जा रहे हैं, जो न केवल गुणवत्तापूर्ण औषधीय पौधों के उत्पादन में सहायक होंगे, बल्कि भविष्य में पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

हिमाचल की अनुकूल जलवायु इस क्षेत्र में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की भी क्षमता रखती है। इसके साथ ही राज्य सरकार आयुष वेलनेस सेंटरों की स्थापना पर भी फोकस कर रही है, जहां विभिन्न बीमारियों के उपचार के लिए विशेष प्राकृतिक और पारंपरिक चिकित्सा पैकेज उपलब्ध होंगे।

ऊना जिले के एक स्कूल में हर्बल गार्डन।

आयुर्वेद स्वास्थ्य देखभाल का एक मजबूत माध्यम: डीसी

जिलाधीश ऊना जतिन लाल का कहना है कि आयुर्वेद स्वास्थ्य देखभाल का एक मजबूत और किफायती माध्यम है। औषधीय उद्यानों के माध्यम से लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा से जोड़ने के प्रयास निश्चित ही बेहतर जीवनशैली और स्वस्थ समाज निर्माण में सहायक होंगे। जिला प्रशासन मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की इस सोच को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है।

क्या कहते हैं अधिकारी

जिला आयुष अधिकारी किरण शर्मा ने बताया कि विद्यालयों, आयुष स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष आरोग्य मंदिरों में हर्बल गार्डन स्थापित करने का उद्देश्य आयुष एवं आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देना और लोगों में औषधीय पौधों के महत्व के प्रति व्यापक जागरूकता पैदा करना है। इससे पारंपरिक ज्ञान का संरक्षण और नई पीढ़ी तक उसका संवर्धन सुनिश्चित होगा।

सनातन प्रचारकों पर सोशल मीडिया टिप्पणियों की संदीप ने की कड़ी निंदा

अनंत ज्ञान, बड़ूही

सनातन धर्म का प्रचार कर रहे कथावाचकों व धर्मगुरुओं पर सोशल मीडिया के माध्यम से की जा रही आपत्तिजनक टिप्पणियों तथा कथा उपरांत प्राप्त होने वाली धनराशि पर सवाल उठाने वालों की अंब ब्लॉक उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

संदीप ठाकुर ने कहा कि द्वापर और त्रेता युग में जब हवन-यज्ञ होते थे, तब राक्षस उन्हें भंग करने का प्रयास करते थे। ठीक उसी प्रकार कलयुग में जब भागवत कथा एवं धार्मिक आयोजन होते हैं, तो उन राक्षसों की जगह आज सोशल मीडिया पर सक्रिय कुछ तथाकथित बुद्धिजीवी इंसानों ने ले ली है। ये लोग फेसबुक और अन्य सोशल प्लेटफॉर्म पर सनातन धर्म का प्रचार कर रहे गुरुओं पर अभद्र व अपमानजनक टिप्पणियां करने लग जाते हैं, जो एक सुनियोजित टूलकिट के तहत काम करती प्रतीत होती हैं। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे लोग स्वयं को महाज्ञानी पंडित मानते हैं, जबकि सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार में उनका कोई योगदान नहीं है। एक हिंदू होकर लगातार हिंदू धर्म, संस्कृति और धर्मगुरुओं पर ही प्रश्नचिह्न खड़े करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ये लोग कहते हैं कि गुरु पैसा लेते हैं, लेकिन यह नहीं देखते कि वही गुरु आश्रम, अस्पताल, गोशालाएं और गुरुकुल चला रहे हैं। संदीप ठाकुर ने कहा कि यह कलयुग है, व्यवस्थाएं बनानी पड़ती हैं, फिर भी गुरुजन सनातन धर्म का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि जो लोग केवल सोशल मीडिया पर बैठकर विरोध करते हैं, उन्होंने स्वयं सनातन धर्म के लिए क्या योगदान दिया है? उन्होंने आगे कहा कि ऐसे लोगों की एक और विशेषता यह है कि वे हिंदू होते हुए भी केवल सनातन संस्कृति का ही विरोध करते हैं और अन्य धर्मों पर कुछ भी कहने का साहस नहीं करते, क्योंकि उन्हें पता है कि वहां तुरंत कार्रवाई हो जाएगी।

तरुण ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

अनंत ज्ञान, ऊना। ऊना मंडल के नवनियुक्त महामंत्री तरुण ठाकुर ने अपनी इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। तरूण ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफसर प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास का आभार व्यक्त किया। आपको बताते चलें कि तरुण ठाकुर पूर्व में अभाविप ऊना के तहसील संयोजक, ऊना इकाई अध्यक्ष जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। तरूण ने कहा कि संगठन में जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसकी वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए एक संकल्प के साथ मंडल स्तर पर कार्य किए जाएंगे।

संतोषगढ़ के दिनेश सैनी बलराम दत्त बने महामंत्री

अनंत ज्ञान, ऊना

भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल बसदेहड़ा के अध्यक्ष हरप्रीत सिंह ने मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार कर नई टीम की घोषणा कर दी है।

उन्होंने बताया कि यह नियुक्तियां ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती से चर्चा और मार्गदर्शन के बाद की गई हैं। इसमें नंगड़ा निवासी लवीश गर्ग, बसदेहड़ा से आकाश राणा, पुना से हरजिंद्र सिंह, बनगढ़ से दीपक रायजादा, रायपुर से हिमांशु अग्निहोत्री व उदयपुर मराला से दलजीत सिंह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। संतोषगढ़ के दिनेश सैनी व चड़तगढ़ से बलराम दत्त को महामंत्री, बनगढ़ से नमन राणा, छतरपुर टाडा से डिंपल चौधरी, झुडोवाल से जसवीर जस्सी, भटोली से कुनाल सहोड़, अजोली से अंशुल कपिला को सचिव, सनोली से ऋषि शर्मा को कोषाध्यक्ष, सनोली के नितिश कुमार को प्रवक्ता, खानपुर से साहिल चौधरी को सह प्रवक्ता, चड़तगढ़ से कार्तिक भारद्वाज को सोशल मीडिया संयोजक, रायपुर से मुकुल देव को सोशल मीडिया सह संयोजक, बनगढ़ से गौरव राणा को मीडिया संयोजक, लमलेहड़ा से कार्तिक शर्मा को सह मीडिया संयोजक, बनगढ़ से भुवनेश शर्मा को आईटी संयोजक, मोरबाड़ी से गौरव चौधरी को आईटी सह संयोजक, भटोली से गिरीश शर्मा को कार्यालय सचिव, सोसन से बलविंद्र कुमार को कार्यालय सह सचिव बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में कर्ण चौधरी, अमन चौधरी, मिलनजीत सिंह, अरमान, हरमन सिंह, हरजीत सिंह, दिनेश कुमार, प्रिंस चौधरी, विवेक राणा, बाल कृष्ण, बलजिंद्र सिंह, राजिंद्र सिंह, अनीश कालिया, जतिंद्र कुमार हर्ष कुमार, राजा राम, लखबीर सिंह, अमन, गुरविंद्र, अभिषेक सिंह, अभिषेक चौधरी, अमनजीत रिहाल शामिल हैं।

दिशा ने बढ़ाया लठियानी स्कूल का मान

अनंत ज्ञान, लठियानी

उपमंडल बंगाणा के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियानी के लिए गर्व का क्षण तब बना, जब विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की समर्पित स्वयंसेवी दिशा ने जिला हमीरपुर के जाहू में आयोजित पांच दिवसीय यूथ लीडरशिप कैंप में अपनी शानदार प्रतिभा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

दिशा के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल विद्यालय का, बल्कि पूरे क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ाया है। दिशा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह और सह कार्यक्रम अधिकारी सविता देवी को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन, प्रेरणा और निरंतर सहयोग ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने दिशा को बधाई देते हुए कहा कि

दिशा ने जिस साहस, आत्मविश्वास और समर्पण का परिचय दिया है, वह हमारे क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं की सशक्त पहचान है। मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में दिशा अपने उत्कृष्ट नेतृत्व और सकारात्मक सोच से समाज में प्रेरणादायी बदलाव लाने का कार्य करेगी।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह ने दिशा की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि दिशा मेहनत, अनुशासन और नेतृत्व का दुर्लभ संगम है। यूथ लीडरशिप कैंप में जिस आत्मविश्वास और क्षमता के साथ उसने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की, वह अन्य स्वयंसेवियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। ऐसी युवा पीढ़ी ही समाज सेवा की वास्तविक भावना को नई दिशा देती है। सह कार्यक्रम अधिकारी सविता देवी ने कहा कि स्कूल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान ही दीशा ने अपने अनुशासन, टीमवर्क और सीखने की ललक से सभी का ध्यान आकर्षित किया था। उसकी यही लगन आज उसे इस मुकाम तक लेकर आई है। वह भविष्य में भी इसी निष्ठा के साथ आगे बढ़ेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने दिशा को बधाई देते हुए कहा कि दिशा की ये उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उसने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, नेतृत्व और समर्पण के बल पर कोई भी विद्यार्थी नई ऊंचाइयों को छू सकता है।

नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर दी गई अहम जानकारियां

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी

राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में आज एनएसएस यूनिट, रेड रिबन क्लब, रेड क्रॉस सोसायटी, रोड सेफ्टी क्लब तथा ड्रग एब्यूज क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व एड्स दिवस, मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति अभियान और सड़क सुरक्षा विषयों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य ऋतु जसवाल ने की। इस अवसर पर विशेषज्ञ वक्ता के रूप में डॉ. राजेश शर्मा (मेडिकल स्पेशलिस्ट, सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी), डॉ. राजेश शर्मा (स्वास्थ्य सलाहकार, सिविल हॉस्पिटल अम्ब), रजत शर्मा (ड्रग इंस्पेक्टर, सिविल हॉस्पिटल अम्ब), नरेंद्र कंवर (आईसीटी लैब, अम्ब), आकाश ठाकुर (सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी) तथा पुलिस विभाग की ओर से एसएचओ जयराम शर्मा, नीरज राणा, मोईन थाना से एएसआई जगमोहन और मिथुन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जागरूक किया। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि एचआईवी एड्स एक गंभीर एवं जानलेवा बीमारी है, लेकिन इससे बचाव और समय पर उपचार द्वारा इसके प्रभाव को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संक्रमित व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव करना गलत है। सरकार द्वारा एआरटी (एंटीरिट्रोवायरल थेरेपी) केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा आईसीटी केंद्र भी उपलब्ध हैं जहां जांच रिपोर्ट को पूर्णत: गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हुए कहा कि आज युवाओं में मेंटल हेल्थ समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत वाटर शेड महोत्सव

चैक डैम निर्माण व पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

अनंत ज्ञान, गगरेट

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत ग्राम पंचायत अंबोटा के साथ ग्राम पंचायत अमलैहड़ की तकदीर बदलने में जुटे खंड विकास कार्यालय गगरेट द्वारा सोमवार को अमलैहड़ गांव में वाटर शेड महोत्सव का आयोजन किया गया।

इस महोत्सव में विधायक राकेश कालिया के बेटे एडवोकेट सोहराव कालिया द्वारा बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर नौ लाख रुपए की लागत से बनने वाले चैक डैम व पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 का मूल उद्देश्य इन गांवों में नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत चैक डैम, तालाब, बाबड़ी, कुएं व कूहलें बनाकर प्राकृतिक जल का सद्पयोग करना है, जबकि इसी योजना के तहत महिलाओं के सेल्फ हेल्प ग्रुप की आजीविका को बढ़ाना है। इसके तहत सेल्फ हेल्प ग्रुपों को पापड़ मेकिंग, पत्तल मेकिंग व सेनेटरी पैड मेकिंग उपकरण व अन्य सामान भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एडवोकेट सोहराव कालिया ने कहा कि महात्मा गांधी कहते थे कि असली भारत गांवों में बसता है और अगर ग्रामीण अर्थव्यवस्ता सुदृढ़ होगी, तो देश की अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। यही वजह है कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को सुदृढ़ करने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विभिन्न योजनाएं चलाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान की जरूरत है और अगर जल संरक्षण न किया गया, तो आने वाले समय में पानी के लिए भी मारे-मारे भटकना पड़ सकता है।

अमलैहड़ गांव में वाटर शेड महोत्सव के आयोजन पर पहुंचे एडवोकेट सोहराव कालिया।

इसके लिए लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। इससे पहले खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली ने कहा कि इस योजना के तहत अंबोटा व अमलैहड़ गांव की 1720 हैक्टेयर भूमि को लिया गया है। इसके लिए चार करोड़ 81 लाख रुपए के बजट का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि अमलैहड़ गांव में 70 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है, जबकि बकाया तीस प्रतिशत कार्य प्रगति पर है।

नगर निगम ऊना में वाहनों की गति सीमा तय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना। ऊना जिला प्रशासन ने सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम ऊना क्षेत्र के भीतर सभी श्रेणी के वाहनों के लिए अधिकतम गतिसीमा निर्धारित की है। जिलादंडाधिकारी जतिन लाल ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 112 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस संदर्भ में आदेश जारी किए हैं। यह व्यवस्था परिवहन विभाग द्वारा पूर्व में नगर निकाय क्षेत्रों के लिए अधिसूचित गतिसीमाओं के अनुरूप है। जारी आदेश के अनुसार नगर निगम ऊना की सीमा के भीतर आठ सीटों तक के यात्री वाहनों के लिए अधिकतम 30 किमी प्रति घंटा और 9 या उससे अधिक सीटों वाले यात्री वाहनों के लिए अधिकतम 40 किमी प्रतिघंटा की गतिसीमा तय की गई है। मालवाहक वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 25 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। मोटरसाइकिलों के लिए अधिकतम गति 30 किमी प्रति घंटा रहेगी, जबकि क्वाड्रिसाइकिल व तीन पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति 20 किमी प्रति घंटा तय की गई है। आदेश में कहा गया है कि नगर निगम ऊना क्षेत्र में आने वाले सभी वाहन चालकों के लिए इन गति सीमाओं का पालन अनिवार्य होगा। उल्लंघन की स्थिति में मोटर वाहन अधिनियम और संबंधित नियमों के तहत दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उद्घाटन समूर कलां में जिला स्तरीय वाटरशेड महोत्सव, विधायक ने 1.80 करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

विवेक ने प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण पर दिया जोर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में ग्राम पंचायत समूर कलां में जिला स्तरीय वाटरशेड महोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक ने इस अवसर पर 1.80 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें प्राकृतिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, कुओं, तालाबों और चेक डैमों का निर्माण एवं पुनर्निर्माण शामिल है। ये सभी कार्य प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत किए जा रहे हैं। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि वाटरशेड महोत्सव मनाने का उद्देश्य जल, जीवन और मिट्टी की सुरक्षा को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि जलग्रहण प्रणालियों को सुरक्षित रखना, जल का संचयन करना, मिट्टी की नमी संरक्षित रखना और जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन करना इस अभियान की मुख्य प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक स्त्रोतों का पुनरुद्धार, नालों एवं चेक डैमों की नियमित सफाई, मरम्मत एवं बहते पानी का प्रभावी संग्रहण जल संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देने की दिशा में ग्राम पंचायत समूर कलां में जिला स्तरीय वाटरशेड महोत्सव का आयोजन।

विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 15 करोड़ रुपए की लागत से एक नई पेयजल और 45 करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजना की जल्द ही मुख्यामंत्री द्वारा आधारशिला रखी जाएगी। इससे स्थानीय क्षेत्रों के लोगों को पेयजल और सिंचाई संबंधी पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को अपना पक्का घर बनाने में सहायता देने के लिए निर्माण राशि को 1.50 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया है, जिससे लोगों को अपनी छत उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक द्वारा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की 7 पंचायतों समूर कलां, लमलैहड़ी, मदनपुर, डंगोली, झम्बर, टब्बा और बसोली के 1600 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत 1 करोड़ रुपए की टूल किटें वितरित की गईं।

इन किटों में सिलाई मशीन, स्प्रे पंप, कृषि उपकरण किट, उद्यानिकी उपकरण किट तथा पेपर प्लेट बनाने की मशीनें शामिल हैं। इन उपकरणों से लाभार्थियों के दैनिक कार्य अधिक सुगमता से होंगे और समय की बचत भी होगी। विवेक ने अशोक का पौधा रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण में अपना सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की, ताकि भविष्य की पीढ़ियों को स्वच्छ और शुद्ध पर्यावरण मिल सके। बीडीओ ऊना रमनबीर चौहान ने बताया कि वाटरशेड महोत्सव जल संकट से निपटने के लिए केवल तकनीक नहीं, बल्कि समुदाय की सहभागिता सबसे बड़ा समाधान है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित जल भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कुटलैहड़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिक्का और सुरेश दत्त शर्मा, समूर कलां पंचायत प्रधान ज्ञानचंद, कृषि उपनिदेशक ऊना कुलभूषण धीमान, उद्यान विभाग ऊना के उपनिदेशक के.के. भारद्वाज, तथा विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

चिंतपूर्णी में रात्रि गश्त का असर: हुड़दंगी हुए गायब

अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी। हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी में अब सड़कें रात के समय अधिक सुरक्षित महसूस की जा रही हैं। चिंतपूर्णी पुलिस स्टेशन के एसएचओ (थाना प्रभारी) जयराम शर्मा के कुशल नेतृत्व में चलाई जा रही दैनिक रात्रि गश्त के विशेष अभियान से क्षेत्र में शांति का माहौल बना है। कभी देर रात तक सड़कों पर हुड़दंग मचाने वाले और यातायात बाधित करने वाले असामाजिक तत्व अब पुलिस की मुस्तैदी के कारण सड़क से पूरी तरह गायब हो गए हैं। पुलिस के इस सक्रिय व प्रभावी कदम से स्थानीय निवासी और माता रानी के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालु, दोनों ही बेहद प्रसन्न हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अब वे रात के समय भी सुरक्षित वातावरण महसूस कर रहे हैं। हाल ही में पुलिस के उच्चाधिकारियों ने चिंतपूर्णी क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के विशेष दिशा-निर्देश जारी किए थे, ताकि मेले और सामान्य दिनों में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और वे सुरक्षित वातावरण में दर्शन कर सकें। एसएचओ जयराम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम इन आदेशों का सख्ती से पालन कर रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम अब जमीन पर साफ दिखाई दे रहा है। रविवार को भी पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया इस दौरान नियमों का पालन न करने वाले ब

न्यूज ब्रीफ

2.505 किलो चरस के साथ दो आरोपी काबू

अनंत ज्ञान, बंजार। जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में पुलिस की टीम ने बीती रात 2 किलो 505 ग्राम चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम जब आरोपियों से पूछताछ कर रही थी, तो इस दौरान एक आरोपी मौके से फरार हो गया था, लेकिन सोमवार दोपहर को पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चरस को अपने कब्जे में ले लिया और अब दोनों गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। चरस के साथ गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बूज लाल (48 साल) निवासी ब्रेहल कमलाह तहसील धर्मपुर जिला मंडी, गिरधारी लाल (40 साल) निवासी मंजेर प.ओ चोनलांगढ़ तहसील धर्मपुर जिला मंडी को गिरफ्तार किया, लेकिन गिरधारी लाल अचानक मौके से फरार हो गया था, ऐसे में पुलिस टीम ने दूसरे फरार व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। एसपी कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि फरार आरोपी को भी अब गिरफ्तार कर लिया गया हैं। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू में नशे के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और नशे के कारोबारियों को बिलकुल बख्शा नहीं जाएगा।

परी एंजल मॉडल स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। लरांकेलो स्थित परी एंजल मॉडल स्कूल ने अपने वार्षिक समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी छात्र, शिक्षकगण, अभिभावक और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह का उद्घाटन मुख्यातिथि हेमराज ठाकुर, अलंकृता ठाकुर के अभिभावकों, के कर-कमलों से दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। उद्घाटन के साथ ही, स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की झलक वार्षिक समारोह में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, नाटक और अन्य रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस वर्ष के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का प्रदर्शन रहा, जिससे 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना जीवंत हो उठी। छात्रों की कलात्मकता और ऊर्जा से दर्शक अत्यंत प्रभावित हुए। स्कूल की प्रधानाचार्या प्रोमिला ठाकुर ने वर्ष भर की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्कूल ने अकादमिक और अन्य क्षेत्रों में प्रगति की है। विवरण के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अकादमिक, खेलकूद और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। यह वार्षिक समारोह सभी उपस्थित जनों के लिए उत्साह, आनंद और प्रेरणा का स्रोत बना।

स्व. धर्मेंद्र देओल को अर्पित की श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला मुख्यालय कुल्लू के बाशिंग स्थित देवधाम रेस्टोरेंट में हिंदी फिल्म जगत के महान अभिनेता स्व. धर्मेंद्र देओल की जयंती की पूर्व संध्या पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन पूर्व एएसपी रविंद्र जंबाल और धर्मेंद्र के प्रशंसकों की पहल पर किया गया। कार्यक्रम में संगीत अकादमी के प्राचार्य पं. विद्या सागर के मार्गदर्शन में सूत्रधार कला संगम के कलाकारों ने धर्मेंद्र के लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। हिमाचल के सुप्रसिद्ध संगीतकार एसडी कश्यप ने भी विशेष प्रस्तुति दी। सूत्रधार संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि धर्मेंद्र का कुल्लू-मनाली से गहरा नाता रहा है, इसलिए उन्हें याद करते हुए यह संध्या आयोजित की गई। 8 दिसंबर 1935 को जन्मे धर्मेंद्र का निधन 24 नवंबर 2025 को हुआ। छह दशकों तक फिल्म जगत में सक्रिय रहे इस लीजेंड कलाकार को पद्म भूषण और फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। समारोह का संचालन सुंदर श्याम महंत ने किया।

डेयरी व ऑर्गेनिक खेती का होगा प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान, भुंतर। आछरी एकीकृत ग्रामीण विकास एवं सामाजिक कल्याण समिति ने किसान उत्पादक कंपनी के निदेशक मंडल और सीईओ के लिए पांच दिवसीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन होटल जेजे रिजॉर्ट, भुंतर में किया। इस प्रशिक्षण में डेयरी फार्मिंग और ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया गया। किसानों को आधुनिक डेयरी प्रबंधन, पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छ दूध उत्पादन और ऑर्गेनिक खेती की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी दी गई। नावार्ड के पूर्व एजीएम जीसी नेगी ने बताया कि नावार्ड समय-समय पर इस तरह की कंपनियों को सहायता प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक तरीकों से हटाकर डेयरी और ऑर्गेनिक खेती को लाभदायक व्यवसाय के रूप में स्थापित करना और उन्हें सरकारी सब्सिडी व ऋण जैसी वित्तीय सहायता से जोड़ना है।

एनएचपीसी में दिया जाए रोजगार : हरि धामी

अनंत ज्ञान सैंज। जिले की सैंज घाटी में बनी तीन जल विद्युत परियोजनाओं से विस्थापित हुए सैकड़ों लोगों की रोजगार के प्रति हरि सिंह धामी ने परियोजना प्रमुखों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय प्रभावित प्रशिक्षित युवाओं को परियोजना में प्रमुखता से रोजगार दिया जाना चाहिए। धामी ने कहा कि परियोजना प्रमुख स्थानीय युबाओ के साथ आंख-मिचौली का खेल बंद करे। परियोजना प्रभावित क्षेत्र के प्रशिक्षित युवाओं को भर्ती रोजगार मुहैया करवाए। वहीं, परियोजना प्रभावित के अलावा बाहरी क्षेत्र के लोगों को रोजगार देने बंद करें। हरि सिंह धामी ने कहा कि परियोजना को अपना सब कुछ न्योछावर करने के वाद स्थानीय लोगों की इंतजार में उम्र बीत गई। वर्ष 2000 से 2007 तक परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने वाले लोगों की आस टूटने लगी है। सैंज घाटी में पार्वती जल विद्युत प्रियोजना चरण दो में 800 मेगावाट की, 520 मेगावाट की चरण-तीन और का 100 मेगावाट की सैंज परियोजना का निर्माण हुआ है। जिला प्रशासन ने इन परियोजनाओं से प्रभावित 700 परिवारों को चिह्नित किया है, मगर उन्हें रोजगार अभी नहीं मिल पाया है।

किसी भी सूरत में नहीं लगने देंगे अस्थायी मार्केट

अनंत ज्ञान, सैंज। व्यापार मंडल सैंज ने सैंज मेला मैदान में प्रस्तावित अस्थायी मार्केट के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार सैंज से मिलकर ज्ञापन के माध्यम से डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को स्थानीय दुकानदारों के हित में अस्थायी मार्केट रोकने की मांग की। व्यापारियों का कहना है कि आपदा से पहले ही नुकसान झेल चुके लगभग 300 दुकानदारों का रोजगार प्रभावित होगा और बिना परामर्श निर्णय लेना अनुचित है। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर विचार नहीं करता, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। मंडल ने स्थानीय व्यापारियों के साथ अन्याय रोकने व वैकल्पिक व्यवस्था बनाने की सरकार से मांग की है।

रोहतांग व लाहौल की ऊंची चोटियों में गिरे बर्फ के फाहे, निचले इलाकों में खिली रही धूप

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

कुल्लू/केलांग। एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है और रोहतांग सहित मनाली व लाहौल की अन्य सभी ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की है। वहीं, निचले क्षेत्रों में सोमवार को दिनभर धूप खिली रही।

सोमवार को शिंकुला व बारालाचा दर्रे सहित रोहतांग की ऊंची चोटियों में बर्फ के फाहे गिरे। उधर, प्रशासन की ओर से बर्फबारी के मद्देनजर रोहतांग की बजाए मढ़ी तक ही वाहनों को भेजा गया। रोहतांग में बर्फबारी के चलते सड़क पर बर्फ के चलते कई जगह फिसलन भी हो गई है। सोमवार को हालांकि कुल्लू मनाली में दिन को मौसम साफ रहा, लेकिन रोहतांग में 2 इंच तक बर्फबारी हुई। बागवानों और किसानों की माने तो इस माह बर्फबारी का होना अति आवश्यक है, जिसके कारण बगीचों में नमी बनी रहेगी। मनाली के स्थानीय निवासी गौतम नाथ ठाकुर ने बताया कि सोमवार सुबह रोहतांग के साथ-साथ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है, जिससे तापमान में भी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि एक और जहां मनाली के रोहतांग पास सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं, मनाली शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में दिनभर धूप और बादल की लुकाछूपी का क्रम जारी रहा। उन्होंने बताया कि घाटी के लोग लंबे समय से बारिश और बर्फबारी का इंतजार कर रहे हैं। मौसम का मिजाज देख कर ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही निचले क्षेत्रों में भी बर्फबारी होगी। उन्होंने कहा कि दिसंबर और जनवरी माह की वर्फवारी किसानों बागवानों के लिए अमृत साबित होगी।

पर्यटन नगरी मनाली सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का उमड़ा खूब सैलाब।

पर्यटकों से गुलजार हुए पर्यटन स्थल

सोमवार को हालांकि ऊंचे क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई, लेकिन निचले क्षेत्रों में मौसम साफ और दिनभर धूप खिली रही। इसके चलते रोहतांग के अलावा पर्यटन नगरी मनाली सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का खूब सैलाब उमड़ा रहा। बाहरी राज्यों से भी अब धीरे-धीरे पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। पर्यटक दिनभर सोलंगनाला सहित लाहौल के पर्यटन स्थलों में साहसिक खेलों का आनंद उठाते नजर आए। पर्यटकों ने बर्फ के बीच सेल्फी व फोटो भी खिंचवाए। लाहौल की ठंडी फिजाओं के बीच पर्यटक आनंदित नजर आए। लिहाजा, अब मनाली में पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है, जिससे पर्यटन कारोबारियों के चेहरे पर रौनक लौट आई है।

बंजार भाजयुमो ने लारजी में कांग्रेस के खिलाफ बोला हल्ला

लारजी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोलते हुए।

अनंत ज्ञान, बंजार

प्रदेश सरकार इस सप्ताह अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर भव्य समारोह आयोजित करने जा रही है, ऐसे में इस उत्सव के औचित्य पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

सोमवार को लारजी में बंजार भाजयुमो की ओर से आयोजित कार्यक्रम के दौरान बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सरकार जश्न में मशगूल है जबकि प्रदेश की जनता बुनियादी सुविधाओं के गंभीर संकट से जूझ रही है। विधायक शौरी ने स्पष्ट आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के अब तक के पूरे कार्यकाल में बंजार विधानसभा क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से अनदेखा किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सेवाएं चरमराई हुई हैं, कई क्षेत्रों में स्थिति बदतर होती जा रही है, लेकिन सरकार इन समस्याओं को दूर करने के बजाय स्वयं के महिमामंडन में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों का तो इस सरकार में कहीं नामोनिशान नहीं है और जनता को सिर्फ आश्वासनों के सहारे छोड़ दिया गया है। शौरी ने कहा कि सरकार के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये ने पूरे क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। बंजार के लोग लंबे समय से अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं की ओर देखना भी उचित नहीं समझ रही। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में छोड़कर सरकार का उत्सव मनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और यह जनता के प्रति असंवेदनशीलता का स्पष्ट प्रमाण है। विधायक ने प्रदेश सरकार से मांग की कि वह जश्न मनाने से पहले जनता की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान दे।

मैनेजमेंट ट्रेनी के भरे जाएंगे 20 पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू ने जानकारी दी कि स्काई मर्चेंट इंटरनेशनल मार्केटिंग मैनेजमेंट, शिमला द्वारा मैनेजमेंट ट्रेनी के 20 पदों को भरने के लिए मांग अधिसूचित की गई है। यह भर्ती प्रक्रिया नियोक्ता द्वारा 11 दिसंबर को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में आयोजित की जाएगी। चयन के लिए अभ्यर्थी का +2 पास होना, आयु 30 वर्ष तक होना आवश्यक है। चयनित उम्मीदवार को 12,500 रुपये वेतनमान के साथ रहने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। नौकरी का स्थान पंथाघाटी, जिला शिमला रहेगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने सभी आवश्यक दस्तावेज—हिमाचली प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीकरण प्रमाण पत्र और शैक्षणिक प्रमाण पत्र—साथ लेकर साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। उम्मीदवार का नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए 01902-222522 पर संपर्क किया जा सकता है।

मनाली गांव में एक करोड़ 35 लाख से बना बैली ब्रिज विधायक ने जनता को किया समर्पित

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

मनाली। ओल्ड मनाली में मनालसु नदी में बाढ़ से ढह चुके पुल की जगह अब नया बैली ब्रिज बनकर तैयार हो गया है।

एक करोड़ 35 लाख से बनकर तैयार इस बेली ब्रिज को सोमवार को विधायक भुवनेश्वर गौड ने जनता को समर्पित किया। उन्होंने इसका विधिवत शुभारंभ किया। गौरतलब है कि 25 और 26 अगस्त को भारी बारिश के कारण मनालसु नदी उफान पर आ गई थी। बाढ़ के कारण नदी पर बना पुल ढह गया था। ओल्ड मनाली के क्लब हाउस होकर पलचान की ओर जाने वाली सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुल का शुभारंभ करने के बाद विधायक ने कहा कि इस पुल के बनने से मनाली गांव सहित उझी घाटी के शनाग, बुरुआ के ग्रामीणों को भी मनाली आने जाने की सुविधा मिल गई है। उन्होंने कहा कि मनाली शहर से मनाली गांव के लिए बन रहे संपर्क मार्ग का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण मनाली विधानसभा क्षेत्र में 14 सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिसके छह सड़कें पूर्ण रूप से बनकर तैयार है जबकि आठ सड़कें छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दी है। जल्द ही इन शेष सड़कों को भी बड़े वाहनों के लिए बहाल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग पर नेहरूकुंड पुल से बेकर व कृष्णा पोट तक सड़क बनाई जाएगी। पीडब्ल्यूडी विभाग को इसका एस्टीमेट बनाने के लिए कहा गया है। विधायक ने कहा कि विंटर कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए जल्द ही बैठक बुलाई जाएगी। बैठक में कार्निवाल की तिथि को लेकर सभी से विचार विमर्श किया जाएगा ओर तिथि निर्धारित की जाएगी।

मनाली के छोटे गांवों से इटली विश्व कप तक का सफर

फायरबॉल टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

मोहन कपूर, अनंत ज्ञान

इटली में फायरबॉल टीम ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद।

पतलीकूहल। कुल्लू-मनाली की वादियों के लिए यह गर्व का क्षण है कि भारतीय फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज टीम ने 2 से 7 दिसंबर में इटली के लिग्नानो सबियादोरो में आयोजित विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया।

टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के पीछे मुख्य भूमिका निभाई मनाली के कोच विजय ठाकुर ने, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय एथलीट बनाया। यह ब्रांज मेडल जीतने वाली टीम किसी बड़ी स्पोर्ट्स अकादमी या मेट्रो शहर से नहीं है, बल्कि मनाली के आस-पास के छोटे पहाड़ी गांवों से आने वाले युवा खिलाड़ियों का समूह है। ये जवान लड़के और लड़कियां हर शाम, अपना स्कूल का काम खत्म करने के बाद, सरकारी स्कूल के ग्राउंड में इकट्ठा होते थे। उनका प्रशिक्षण सिर्फ उनकी हिम्मत, जुनून, और कोच विजय ठाकुर की गाइडेंस पर आधारित था। टीम की सफलता के केंद्र में मनाली के मुख्य कोच विजय ठाकुर हैं, जो स्वयं एक एक्स-नेशनल लेवल के प्लेयर रहे हैं। वह वर्तमान में राआवमा विद्यालय कटराईं में प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा के पद पर कार्यरत हैं। अपनी नौकरी के साथ, वह पिछले कई वर्षों से स्थानीय बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षित कर रहे हैं।

हाई-एल्टीट्यूड ट्रेनिंग का चमत्कार

कोच ठाकुर की कोचिंग की सबसे बड़ी ताकत हाई-एल्टीट्यूड ट्रेनिंग है। मनाली की प्राकृतिक ऊंचाई और कठोर वातावरण में अभ्यास करते हुए खिलाड़ियों की फेफड़ों की क्षमता, स्टेमिना और मानसिक दृढ़ता स्वाभाविक रूप से बढ़ती है। ठाकुर का मानना है कि 'ऊंचाई पर ट्रेनिंग खिलाड़ियों को ऐसे तैयार करती है, जैसा मैदान पर कोई और अभ्यास नहीं कर सकता।' फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज जैसे तेज गति के खेल के लिए आवश्यक फिटनेस, फुर्ती और टीमवर्क को बेहतर बनाने के लिए ठाकुर नियमित ड्रिल, कार्डियो एक्सरसाइज़ और गहन गेम-प्लान पर काम करते रहे।

सभी जिलों की समितियों का जल्द होगा पुनर्गठन : डॉ. सूरत

बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

भारतीय इतिहास संकलन योजना समिति हिमाचल प्रदेश की साधारण सभा की बैठक हरियाणा के समालखा पानीपत में प्रांत अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसमें निर्णय लिया गया कि जल्द ही सभी जिलों की समितियों का पुनर्गठन किया जाएगा। समितियों को विस्तार देने के लिए अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ा जाएगा। समिति के अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर ने बताया कि समिति एक अर्धवार्षिक पत्रिका प्रकाशित करेगी, जिसका दायित्व समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार सोनी को दिया गया है। पत्रिका में हिमाचल प्रदेश की संस्कृति, सभ्यता व इतिहास से संबंधित सामग्री प्रकाशित होगी। बैठक में चालीस से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। इनमें नेरी शोध संस्थान के निर्देशक डॉ. चेतराम गर्ग, मुख्य सलाहकार इंद्र डोगरा, प्रांत सचिव डॉ. डीडी वर्मा, सह सचिव डॉ. योगराज, संगठन सचिव डॉ. चंद्रशेखर , विभिन्न प्रकोष्ठकों के संयोजक सहित सभी जिला की समितियों के अध्यक्ष, प्रांत और जिला कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

आनी में डायलिसिस सेंटर की मांग तेज

जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान

आनी। जिला कुल्लू के आनी क्षेत्र में बढ़ रहे किडनी रोगियों की संख्या को लेकर चिंतित ग्राम पंचायत बैहना के प्रधान विनोद ठाकुर ने एक बार फिर गंभीर मुद्दा उठाते हुए सीएमओ कुल्लू को डायलिसिस सेंटर स्थापित करने संबंधी रिमाइंडर पत्र भेजा है।

यह पत्र इससे पहले 19 सितंबर को भेजे गए पत्र का संदर्भ देते हुए जारी किया गया है। पंचायत ने आरोप लगाया है कि बार-बार आग्रह के बावजूद अब तक इस महत्वपूर्ण विषय पर कोई प्रगति नहीं हुई है।पत्र में कहा गया है कि पिछले 8 से 10 वर्षों के दौरान आनी और आसपास के क्षेत्रों में किडनी फेलियर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है, जो अब एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुकी है। इस क्षेत्र में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को जीवन रक्षक उपचार के लिए शिमला या चंडीगढ़ तक बार-बार यात्रा करनी पड़ती है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह खर्च वहन करना मुश्किल होता जा रहा है। लंबे सफर की थकावट और खर्च के कारण कई मरीज उपचार जारी नहीं रख पाते, जिससे समय से पहले मौत का जोखिम बढ़ जाता है।

ग्राम पंचायत द्वारा भेजे गए पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि कई सामाजिक संस्थाएं और एनजीओ सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों के जरिए मरीजों के परिवहन व उपचार सहायता के लिए धन जुटाने को मजबूर हैं। यह स्थिति दर्शाती है कि आनी में डायलिसिस यूनिट की तत्काल आवश्यकता है। पंचायत ने सीएमओ से मांग की है कि इस मामले को तुरंत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन शिमला तक पहुंचाया जाए और प्रतिष्ठित संस्थाओं जैसे द हंस फाउंडेशन की मदद से केंद्र स्थापित करने की संभावना भी तलाश की जाए, जो पहले ही रामपुर और करसोग में सफलतापूर्वक डायलिसिस सेंटर स्थापित कर चुका है।पत्र में कहा गया है कि 'अगर आनी में डायलिसिस सेंटर बनता है, तो कई बहुमूल्य जीवन बच सकेंगे और किडनी रोग से होने वाली मौतों में कमी आएगी।' पंचायत ने सीएमओ से इस विषय में करुणामयी व तत्पर हस्तक्षेप की अपेक्षा जताई है, ताकि क्षेत्र के गरीब और आवश्यक जरूरतमंद मरीजों को राहत मिल सके।

इस बारे में सीएमओ कुल्लू डॉ. रंजीत ने कहा कि आनी, निरमंड में किडनी के मरीज बढ़े हैं,जिसके मद्देनजर आनी में डायलिसिस सेंटर खोले जाने को लेकर सम्भावना तलाशी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यदि कोई प्राइवेट डायलिसिस सेंटर खोलना चाहता है तो उसको भी जिला स्वास्थ्य विभाग प्रोत्साहित करेगा। जिसके लिए व्यक्ति या संस्था को स्वास्थ्य विभाग से मिलकर औपचारिकताएं देख ले।

कटराईं गोशाला को दान किया दो ट्रक घास

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। पहाड़ों में ठंड के बढ़ने से अब बेसहारा पशुओं ने मैदानी इलाकों का रूख करना शुरू कर दिया है। खेतों और सड़कों में ठंड के बीच रहने को मजबूर पशुओं के लिए कटराईं में गोशाला का संचालन किया जाता है। इस गोशाला के पशुओं को कुल्लू फलोत्पादक मंडल सहित कई संस्था और सामाजिक कार्यकर्ता घास उपलब्ध करवाते हैं। सोमवार को डॉ. धर्मपाल ने गोसेवा के लिए महत्वपूर्ण सहयोग करते हुए कटराईं गोशाला के लिए 2 ट्रक पराली घास भेंट किया है। बागवानी विभाग से सेवानिवृत्त निदेशक बीड़ निवासी डॉ. धर्मपाल ने अपनी स्वर्गीय माता मैना देवी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में दो ट्रक घास दान किए। स्थानीय निवासी और समाजसेवक कृष्ण लाल शर्मा इस गोशाला के संचालन में विशेष सहयोग करते हैं। इनके आग्रह पर ही धर्मपाल ने कटराईं गोशाला को अपनी माता की पुण्यतिथि पर 2 ट्रक घास दान किया है। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के महामंत्री रिमन सिंह ठाकुर ने इस पुनीत कार्य में सहयोग के लिए डॉ. धर्मपाल का धन्यवाद किया और दानदाताओं से भविष्य में भी गोशालाओं में पल रहे पशुओं के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सहयोग ग्रामीण व पर्वतीय क्षेत्रों में गो-संरक्षण और सेवा के प्रयासों को नई दिशा देता है।

मरम्मत कार्य व्यापार मंडल सैंज के संघर्ष का नतीजा—लोक निर्माण विभाग ने भेजी मशीनें, काम गति पर

7 माह बाद सैंज बाजार की क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू

अनंत ज्ञान, सैंज

सैंज बाजार में सड़क मरम्मत के लिए पहुंची मशीनरी।

आखिरकार लंबी जद्दोजहद के बाद सैंज बाजार की क्षतिग्रस्त पड़ी सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। व्यापार मंडल सैंज के लगातार संघर्ष, धरना-प्रदर्शन और बार-बार विभागीय अधिकारियों पर बनाए गए दबाव के कारण भी यह संभव हो पाया है। साथ ही 'अनंत ज्ञान की ओर से भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया और उसके बाद विभाग नींद से जागा और अब निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। लिहाजा, व्यापार मंडल सैंज की मेहनत और संघर्ष रंग लाई है।

इसके बाद सड़क मरम्मत कार्य शुरू हो पाया है। सात माह से सड़क की बदहाली से व्यापारी वर्ग के साथ-साथ आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। सड़क की हालत इतनी खराब थी कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया था। बरसात के दौरान हालात और भी बदतर हो गए थे। सैंज के व्यापारियों ने कई बार लोक निर्माण विभाग व प्रशासन को ज्ञापन सौंपे और चेतावनी दी थी कि यदि जल्द कार्य शुरू नहीं

अनंत ज्ञान खबर का असर

हुआ, तो आंदोलन किया जाएगा। व्यापार मंडल सैंज ने विभाग को सड़क का कार्य शुरू करने के लिए सोमवार तक का समय दिया था और ऐसा नहीं होने की सूरत में मंगलवार को उग्र आंदोलन के लिए चेताया था, लेकिन सोमवार से विभाग की ओर से सड़क का कार्य शुरू करवा दिया गया है। व्यापार मंडल सैंज के पदाधिकारियों ने बताया कि लगातार प्रयासों के बाद अब विभाग ने मशीनें मौके पर भेज दी है और निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे स्थानीय व्यापारियों व आम लोगों ने राहत की सांस ली है। व्यापार मंडल ने उम्मीद जताई है कि कार्य तय समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा। व्यापार मंडल सैंज के प्रधान झाबे राम ठाकुर, महासचिव लीलाधर चौहान, वरिष्ठ उपाध्याय कमल देव, उपाध्यक्ष वीना, सचिव रेनू कोषाध्यक्ष बुद्धि सिह ठाकुर, गुमत राम, निधि सिह, विक्की, खेमराज सोनी, वबलू, गाईत्री देवी व मीडिया प्रभारी दिवान नेगी का कहना है कि यदि पहले ही समय पर सड़क का निर्माण कर दिया जाता, तो उन्हें आर्थिक नुकसान न झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कार्य को कितनी तेजी और मजबूती के साथ पूरा किया जाता है। सैंज बाजार की लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी सड़क के निर्माण कार्य के शुरू होने पर अब व्यापारियों में संतोष देखने को मिल रहा है।

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के बाद व्यापार मंडल सैंज ने लोक निर्माण विभाग का आभार जताया है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष झाबे राम ठाकुर सहित पूरी टीम ने कहा कि भले ही निर्माण कार्य में देरी हुई, लेकिन अब काम शुरू होना राहत की बात है। झाबे राम ठाकुर ने कहा कि बीते कई महीनों से व्यापारी और स्थानीय लोग टूटी हुई सड़क के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे थे। कई बार विभाग और प्रशासन को ज्ञापन सौंपे गए, धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी गई और लगातार आंदोलन की रणनीति बनाई गई। इसके बाद अब जाकर विभाग ने सड़क निर्माण कार्य शुरू किया है। उन्होंने कहा कि सड़क खराब होने से व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा था, ग्राहकों को भी आने-जाने में दिक्कतें हो रही थीं, वहीं बरसात के दौरान हालात और भी खराब हो जाते थे। ऐसे में अब निर्माण कार्य शुरू होने से व्यापारियों और आम जनता दोनों को राहत मिली है। व्यापार मंडल ने उम्मीद जताई कि अब निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा किया जाएगा, ताकि भविष्य में फिर से ऐसी परेशानी न झेलनी पड़े। झावे राम ठाकुर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से अपील की कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और लोगों को जल्द सड़क की सुविधा प्रदान की जाए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि आज सड़क के निर्माण कार्य को शुरू न करने को लेकर धरना प्रदर्शन रखा था। विभाग ने निर्माण कार्य धरना प्रदर्शन से पहले ही शुरू कर दिया है और अब व्यापार मंडल ने धरना प्रदर्शन को भी स्थगित कर दिया है और व्यापार मंडल की टीम ने कार्य शुरू करने के लिए विभाग का आभार प्रकट किया है।

कुल्लू कॉलेज परिसर में वस्त्र बैंक की शुरुआत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कुल्लू इकाई द्वारा सोमवार को स्टूडेंट्स फॉर सेवा आयाम के माध्यम से कॉलेज परिसर में वस्त्र बैंक की शुरुआत की गई। एबीवीपी कुल्लू इकाई के अध्यक्ष ऋत्विक कार्तिक ने बताया कि यह वस्त्र बैंक 7 से 14 दिसंबर तक लगाया जाएगा, जिसमें परिषद् सभी विद्यार्थियों व महाविद्यालय परिवार से अपील करती है कि वे अपने घरों में रखे उपयोग योग्य वस्त्र दान कर मानव सेवा के इस कार्य में सहयोग प्रदान करें।

यह आयोजन भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर समरसता दिवस के अवसर पर किया जा रहा है, जो समाज में समानता, एकता व सहयोग का संदेश देता है। एबीवीपी कुल्लू का संकल्प है कि यह सेवा कार्य जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। परिषद ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी से सहभागिता व सहयोग की अपेक्षा की है।

बाढ़ प्रभावित जनता के घावों पर नमक छिड़क रही कांग्रेस सरकार : अखिलेश

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने प्रदेश में आ

बघाट बैंक के खाताधारकों ने राजनीतिक दलों को चेताया

शेयर होल्डर्स और खाता धारकों के हित की रक्षा नहीं हुई तो भुगतने होंगे परिणाम

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

सोलन। बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की वित्तीय स्थिति से चिंतत शेयर होल्डर और खाताधारकों के सब्र का बांध टूटने लगा है। बैंक की फोरम ऑफ शेयर होल्डर ने प्रदेश सरकार के उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मिले आश्वासन पर भी असंतोष जताया और सरकार के रवैये को असंवेदनशील करार दिया। फोरम ने सरकार से बैंक को एनपीए से उभारने और जमा पूंजी को सुरक्षित करने के लिए 50 करोड़ वित्तीय सहायता की मांग की थी।

इससे उप-मुख्यमंत्री और सहकारी मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने नकार दिया। ऐसे में बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की फोरम ऑफ शेयर होल्डर ने राजनितिक दलों को चेताया कि यदि 80 हजार खाताधारक और शेयर होल्डर शेयर होल्डर्स के हित की रक्षा नहीं हुई तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। फोरम के सलाहकार महेंद्र नाथ सोफत ने कहा कि सरकार और बघाट बैंक प्रबंधन पर दबाव बनाने के लिए 18 दिसंबर बैंक के बहार सांकेतिक प्रदर्शन होगा। जिसमें बैंक के डिफॉल्टरों के नाम सार्वजनिक करने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और बीओडी की वित्तीय अनियमितताओं की जांच की मांग की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया की सरकार की शह पर कुछ डिफॉल्टरों के नाम छुपाए जा रहे हैं। ऐसे लोगों के नाम सार्वजानिक होने चाहिए, ताकि उनपर लोकलाज का दवाब पड़े और बैंक के ऋणों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि सरकार को खाता धारकों और शेयर होल्डर की बैंक में जमा करीब 500 करोड़ रुपए की पूंजी, कर्मचारियों की नौकरी सुरक्षित करें। उन्होंने कहा कि सांकेतिक प्रदर्शन के बाद आगे की रणनीति तय होगी।

सोलन में मीडिया से बात करते फोरम के पदाधिकारी।

50 मुख्य डिफाल्टर के नाम होंगे सार्वजनिक

सोफत ने कहा कि बैंक के 50 मुख्य डिफाल्टर के पास 75 करोड़ फंसे है, ऐसे में उनसे समय रहते रिकवरी की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसमें राजनीतक संरक्षण वाले डिफाल्टर भी है। उन्होंने कहा कि यदि बैंक इन डिफाल्टर से रिकवरी करने में नाकाम हुआ तो फॉर्म इनके नाम सार्वजानिक कर देगी। उन्होंने कहा कि वेंटिलेटर में पड़े बैंक की हालत तभी सुधरेगी जब सरकार हस्तक्षेप करेगी और समय रहते डिफाल्टर से रिकवरी होगी। इसके लिए फॉर्म प्रबंधन का पूर्ण सहयोग करेगा।

उच्च स्तरीय जांच को गठित हो कमेटी

सोफत ने कहा कि प्रतिबंधों के कारण बैंक की आय का मुख्य स्रोत ऋण वितरण पूरी तरह बंद है, जबकि वेतन, किराया एवं रखरखाव जैसे खर्चे निरंतर जारी हैं। इससे बैंक को निरंतर हानि हो रही है। पिछले सात वर्षों में एनपीए (गैर-निष्पादित ऋण) घटाने के प्रयास किए गए, लेकिन अपर्याप्त एवं त्रुटिपूर्ण गिरवी संपत्तियां स्वीकार करने के कारण स्थिति संतोषजनक नहीं हो पाई। अब समय आ गया है कि जिम्मेदारी तय करने हेतु उच्च स्तरीय जांच कराई जाए कि ये ऋण एनपीए में में कैसे बदले। इसके लिए एक एसआईटी गठित की जानी चाहिए।

सरकार से मामले में हस्तक्षेप की मांग

फोरम ऑफ शेयर होल्डर ऑफ बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक पहले ही बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक की तरह से लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर गहरी चिंता जता चुका है। साथ ही सरकार से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। फोरम का मानना है की यदि सरकार बैंक को 50 करोड़ की आर्थिक मदद करें, तो बैंक में जमा करीब 80 हजार खाता धारको का करीब 500 करोड़ रुपए सुरक्षित होगा। साथ ही बैंक में वित्तीय लेनदेन और लोनिंग भी शुरू हो जाएगी। फोरम के अध्यक्ष सोम प्रकाश गुप्ता और सलाहकार महेंद्र नाथ सोफत ने बैंक के बीओडी और प्रबंधन पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया। इसके चलते बैंक पर आरबीआई ने 2018 में बैंक पर वित्तीय प्रतिबंध लगाकर लोनिंग बंद कर दी थी। उन्होंने कहा कि बैंक ने इसके बाद एनपीए की रिकवरी में तेजी तो आई, लेकिन मॉडगेज प्रॉपर्टी की ओवर वैल्यू के चलते 138 करोड़ की रिकवरी बाकी है। जो अभी थी 125 करोड़ पर अटकी है। ऐसे में बैंक पर भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक पर अतिरिक्त प्रतिबन्ध लगने से खाताधारक छह महीने में मात्र 10 हजार रुपए ही निकाल पाएंगे। उन्होंने कहा कि बैंक में 11 हजार शेयर होल्डर्स का करीब 22 करोड़ जमा है लेकिन आठ वर्षों से उन्हें लाभांश नहीं मिला। इसी तरह करीब 80 हजार खाता धारकों के भी बैंक में 470 करोड़ जमा है। जिन्हें अब अपने खून पसीने की कमाई धनराशि की चिंता सता रही है।

नाहन जेल में शतरंज प्रतियोगिता में केहर सिंह ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन की आदर्श केंद्रीय कारागार में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल देखने को मिला, जब जेल बंदियों के लिए जिला सिरमौर शतरंज संघ के सहयोग से शतरंज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बंदियों में मानसिक विकास, सकारात्मक सोच व रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना था, जो उन्हें तनावमुक्त वातावरण देने के साथ ही आत्म-विकास के अवसर भी प्रदान करती है। प्रतियोगिता में कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी मानसिक क्षमता, धैर्य और रणनीतिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह बौद्धिक खेल एकाग्रता व आत्म-अनुशासन को विकसित करने में सहायक है और जेल प्रशासन का मानना है कि ऐसे कार्यक्रम बंदियों को समाज की मुख्यधारा में पुन: लौटने के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं। प्रतियोगिता में केहर सिंह ने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनके अतिरिक्त, भगवान ने उत्कृष्ट खेल के दम पर द्वितीय स्थान व दसरथ ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को उनके उत्साह, आत्मविश्वास व खेल भावना को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान स्वरूप ट्रॉफियां प्रदान की गईं। इस आयोजन को सफल बनाने में जेल अधीक्षक भानु प्रकाश शर्मा, जेल उपअधीक्षक सीता राम सहित जेल प्रशासन के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान हिमाचल प्रदेश शतरंज संघ के कोषाध्यक्ष आशीष ठाकुर, जिला शतरंज संघ सिरमौर के महासचिव ऋषि तोमर, सदस्य सुशील गर्ग, अधिवक्ता एवं जिला शतरंज संघ सदस्य विवेक शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जन कल्याण और सुशासन प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : संजय अवस्थी

अनंत ज्ञान, अर्की/सोलन

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सरकार है और उनके अधिकारों तथा कल्याण की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

संजय अवस्थी ग्राम पंचायत घनागुघाट के कलहारण में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेसहारा बच्चों को उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुखाश्रय सहायता कोष की स्थापना की है। इसके अंतर्गत सरकार इन बच्चों की शिक्षा सहित अन्य खर्च वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के कुशल नेतृत्व में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर करने के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की गई हैं। सरकार द्वारा राजीव गांधी सौर ऊर्जा स्टार्ट-अप योजना तथा राजीव गांधी वन संवर्धन योजना बेरोज़गार युवाओं को स्वरोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए कार्यान्वित की जा रही है। उन्होंने लोगों से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए यथा सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से ही विकासात्मक कार्य पूर्ण होते हैं तथा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमें एकजुटता से कार्य करना होगा।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व 14 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट के परीक्षा भवन तथा 3.50 लाख रुपए की लागत से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट में नवनिर्मित मंच, 9.60 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित दो मंजिला महिला मंडल भवन कलाहरण, 3.50 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित महिला मंडल भवन घनागुघाट तथा 3 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित महिला मंडल भवन ताल का लोकार्पण किया।

न्यूज ब्रीफ

माजरा में कल मनाया जाएगा वाटरशैड महोत्सव

अनंत ज्ञान, नाहन। भू-जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के महत्व को बढ़ावा देने के लिए जिला सोलन में वाटरशैड महोत्सव 10 दिसंबर को तहसील नालागढ़ की ग्राम पंचायत माजरा से आरंभ किया जाएगा। यह जानकारी डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। मनमोहन शर्मा ने कहा कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य वाटरशैड क्षेत्र में लोगों की जन भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें जलागम विकास के कार्यों के प्रति जागरूक करना है। डीसी ने कहा कि वाटरशैड महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके तहत सोशल मीडिया प्रतिगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव एक माह तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी 31 दिसंबर से पूर्व जल संचयन संरचनाओं, बागवानी, कृषि, वानिकी तथा वाटरशैड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 1.0 व 2.0 सहित अन्य वाटरशैड योजनाओं पर निर्मित संरचनाओं तथा 30 से 60 सेकेंड का लघु वीडियो, रील्स, फोटोग्राम तैयार कर सकते हैं। मनमोहन शर्मा ने कहा कि चयनित प्रतिभागियों को रील्स के लिए 50 हजार रुपए तथा उत्कृष्ट फोटोग्राफ के लिए 1000 रुपए सरकार द्वारा बतौर इनाम के रूप में दिए जाएंगे।

बास्केटबॉल में सरकाघाट ने सोलन को 35-7 से हराया

अनंत ज्ञान, नाहन। जिला सिरमौर मुख्यालय नाहन के ऐतिहासिक चौहान मैदान में चल रही 46वीं हिमाचल प्रदेश सीनियर राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला वर्ग) के दूसरे दिन चौगान मैदान में रोमांचक खेले गए। कार्यक्रम में पार्षद योगेश गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कर्नल मंजीत कटोच, रीजनल डायरेक्टर ईएसआईसी बद्दी जिला सोलन विशेष अतिथि के रूप में पधारे। इस अवसर पर बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील शर्मा और सीईओ अजय सूद भी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि कर्नल मंजीत कटोच ने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धक शब्दों से प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। रविवार को हुए महिला वर्ग के मुकाबले में सरकाघाट हॉस्टल टीम ने सोलन को 35-7 से हराया। सिरमौर की टीम ने हमीरपुर को 41-15 से हराया। कांगड़ा ने सोलन को 32-13 से मात दी। वहीं, डीएवी कांगड़ा की टीम ने बिलासपुर को 48-16 से हराया।

धनेश्वर-मानवा रूट पर एचआरटीसी बस सेवा बदहाल

अनंत ज्ञान, राजगढ़। राजगढ़ उपमंडल की धनच मानवा पंचायत के धनेश्वर गांव में एचआरटीसी बस सेवा की बदहाल स्थिति ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोलन डिपो से चलने वाली सोलन-धनेश्वर-मानवा बस सेवा नियमित रूप से न चलने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रधान रूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस रूट पर भेजी जा रही बसें काफी पुरानी और जर्जर हालत में हैं, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों में डर बना हुआ है, लेकिन इस ओर कोई गंभीर ध्यान नहीं दिया जा रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार घाटे का हवाला देकर रूट बंद करने की बात करती है, जबकि सच्चाई यह है कि जब बसें नियमित नहीं चलेंगी और खराब हालत की पुरानी बसें भेजी जाएंगी, तो सवारी कम होना स्वाभाविक है। ऐसे में घाटे का तर्क देना जनता के साथ अन्याय है। ग्रामीणों ने मांग की है कि रूट पर नई और सुरक्षित बस चलाई जाए और समय-सारिणी के अनुसार नियमित सेवा बहाल की जाए, ताकि दूरदराज के लोगों को राहत मिल सके।

चायल में इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं 26 से

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। श्रीजी परिवार चायल के पंचायत ग्राउंड में 26 और 27 दिसंबर को इंटर स्कूल प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहा है। यह जानकारी श्रीजी परिवार ट्रस्ट के श्रीहित अभय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सेवा की विरासत के एक वर्ष के उपलक्ष्य में ड्राइंग, डिबेट, क्विज प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त वॉलीबॉल अंडर-14, अंडर-19 प्रतियोगिता करवाई जाएंगी। इसमें वॉलीबाल विजेता को 5100 उपविजेता को 3100 दिए जाएंगे, जबकि अन्य को 1100, सात सौ और पांच सौ का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

हाईटेक कैमरों व तकनीक से लैस 3 वाहन अब बीबीएन की सड़कों पर रहेंगे तैयार

ओम शर्मा, अनंत ज्ञान

बीबीएन। तेज रफ्तार, बिगड़ैल वाहन चालकों पर नकेल ओर हादसों में कमी लाने के लिए हाईटेक कैमरों व तकनीक से लैस 3 वाहन अब बीबीएन की सड़कों पर तैयार रहेंगे।

इन वाहनों की मदद से जहां पुलिस नियमों की अवहेलना करने वालों से निपटेगी, वहीं हादसे की सूचना पर यह वाहन तुरंत मौके पर पहुंचेंगे ओर मदद प्रदान करेंगे। पुलिस जिला बद्दी के तहत सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए पुलिस विभाग को वर्ल्ड बैंक प्रोजेक्ट के तहत तीन हाईटेक पेट्रोलिंग गाड़ियां मिली हैं। इन गाड़ियों को बद्दी से नालागढ़ पंजाब बॉर्डर ओर मुख्य हाईवे रूटों पर तैनात किया गया है। इन नई गाड़ियों में रडार सिस्टम लगे हैं, जो वाहन की गति तुरंत कैप्चर करेंगे, जबकि उच्च गुणवत्ता के कैमरे सड़क पर किसी भी संदिग्ध गतिविधि को रिकॉर्ड करेंगे। इसके अलावा स्पीड मीटर, जीपीएस ट्रैकिंग और ऑटोमेटिक लोकेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं पुलिस की कार्रवाई को और तेज बनाएंगे। तीनों गाड़ियों में दो पेट्रोल और एक इलेक्ट्रिक है।

आधुनिक तकनीक से लैस गाड़ियों को फील्ड में भेजते एसपी बद्दी व साथ अन्य।

सड़क हादसे की सूचना मिलते ही ये वाहन सीधे मौके पर पहुंचेंगे, जिससे गोल्डन आवर में मदद संभव होगी। पुलिस जिला बद्दी के कप्तान एसपी विनोद धीमान ने बताया कि इससे हाईवे पर हादसों में कमी और मृत्यु दर कम होने की उम्मीद है। विनोद धीमान ने कहा कि पुलिस इन गाड़ियों को बद्दी बरोटीवाला से नालागढ़, हाइवे पर तैनात करेगी। पुलिस इन हाईटेक गाड़ियों के जरिये न केवल तेज गति से चल रहे वाहनों पर नजर रखेगी, बल्कि सड़क हादसे होने पर तुरंत कार्रवाई भी करेंगे। इन गाड़ियों में लगे अत्याधुनिक कैमरे चारों दिशा में फोटो लेने और वीडियो बना सकते हैं, जिससे पुलिस को नाकाबंदी के लिए अतिरिक्त सिस्टम लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

एसपी विनोद धीमान ने कहा कि हाईटेक पेट्रोलिंग गाड़ियों के जरिए पुलिस हाईवे सुरक्षा को मजबूत करेगी और हादसों में कमी लाने का प्रयास करेगी।

पुलिस ने चार चिट्टा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चिट्टा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत सोलन पुलिस द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। नशा तस्करी के कारोबार में संलिप्त आदतन अपराधियों पर लगातार कड़ी नजर रखी जा रही है।

इसी कड़ी में जिला पुलिस द्वारा चिट्टा तस्करी में संलिप्त रहे चार आदतन अपराधियों अंकुश ठाकुर पुत्र स्व. शिव सिंह निवासी गांव सिरीनगर, डाकखाना व तहसील कंडाघाट जिला सोलन उम्र 36 वर्ष, नरेश कुमार उर्फ निशु पुत्र राजेंदर ठाकुर निवासी गांव सिरीनगर डाकखाना व तहसील कंडाघाट जिला सोलन उम्र 37 वर्ष, दीपक कुमार उर्फ हनी पुत्र स्व. हरबंस लाल निवासी गांव धार के बेड समीप सनातन धर्म मंदिर धर्मपुर, डाकखाना धर्मपुर तहसील कसौली जिला सोलन उम्र 40 वर्ष व विकास उर्फ खौला पुत्र पुत्र शेर सिंह निवासी गांव बेर गांव डाकखाना चंबाघाट तहसील व जिला सोलन के संदर्भ में हिमाचल सरकार सेपीआइटी एनडीपीस एक्ट 1988 के प्रावधानों के अनुसार निवारक हिरासत में रखने के आदेश पर इनको तीन-तीन महीने के लिए जिला कारागार में रखने के लिए जिला पुलिस टीमो द्वारा उक्त चारों आरोपियों को 7 दिसंबर को हिरासत में लेकर जिला कारागार सोलन में आगामी 3 महीने के लिए भेजा गया।

इन आदतन आरोपियों में 2 पुलिस थाना कंडाघाट, 1 सदर सोलन व 1 पुलिस थाना धर्मपुर के है। जिला सोलन पुलिस की आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई में अभी तक मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले कुल 10 आदतन अपराधियों के खिलाफ धारा 3(1) एनडीपीएस एक्ट 1988 के अंतर्गत कार्रवाई करके जेल भेजा गया है।

तीन आदतन नशा तस्कर गिरफ्तार कर भेजे सलाखों के पीछे

अनंत ज्ञान, नालागढ़। नालागढ़ पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत मादक द्रव्य के अवैध कारोबार में लंबे समय से सक्रिय तीन आदतन तस्करों—सुनील राणा, गगनदीप और अवतार सिंह—को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि सुनील राणा निवासी नालागढ़ के खिलाफ अब तक 4 मामले दर्ज हैं, जिनमें 2 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत हैं। गगनदीप निवासी दत्तोवाल के विरुद्ध कुल 10 अभियोग हैं, जिनमें 6 एनडीपीएस से संबंधित हैं। वहीं रडियाली निवासी अवतार सिंह पर भी 2 एनडीपीएस मामले दर्ज हैं, जिनमें हेरोइन बरामद हो चुकी है। तीनों की लगातार अवैध गतिविधियों और नशे के प्रसार की आशंका को देखते हुए मामला पुलिस मुख्यालय से सरकार को भेजा गया था। आदेश प्राप्त होने पर कार्रवाई की गई। बद्दी पुलिस अब तक 11 तस्करों को पीआईटी एनडीपीएस के तहत गिरफ्तार कर चुकी है।

छात्रों ने दीं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

अनंत ज्ञान, सोलन। बीएल सेंट्रल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोलन में जमा दो कक्षा के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इनमें नृत्य और प्रमुख आकर्षण रहे। स्कूल प्रबंधक बिना बक्शी, प्रधानाचार्या रुचिका ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फेयरवेल किसी अंत का नहीं, बल्कि नए अवसरों की ओर बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने छात्रों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच बनाए रखने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने अपने स्कूल जीवन के अनुभव साझा किए और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी छात्रों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए।

कांग्रेस अध्यक्ष की मिशन रिपीट स्टेटमेंट मुंगेरी लाल के सपने : मेला राम शर्मा

अनंत ज्ञान, नाहन

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष विनय कुमार के उस बयान को हास्यास्पद और मुंगेरीलाल का हसीन सपना करार दिया है।

इसमें विनय कुमार ने कांग्रेस सरकार की 3 वर्षों की मंडी रैली को मिशन रिपीट की संकल्प रैली बताया है। मेलाराम शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान सुक्खू सरकार हर मोर्चे पर फ्लाप रही है और इसका असर हरियाणा और बिहार के विधानसभा चुनाव में साफ देखा जा चुका है जहां कांग्रेस का सुपड़ा ही साफ हो गया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह आम जनता की समझ से परे है कि कांग्रेस के अध्यक्ष विनय कुमार किस आधार पर मिशन रिपीट की बात कर रहे हैं। मेलाराम शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को इस 3 साल की रैली में 2027 के चुनाव में मिशन रिपीट की वजाय अपने विधायकों की संख्या दो अंको की गिनती तक पहुंचाने पर विचार करना चाहिए। शर्मा ने कहा कि इस निकम्मी सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों, बागवानों और कर्मचारियों के साथ ठगी करके सत्ता हथियाई थी और गत 3 वर्षों में विकास के नाम पर हर वर्ग को ठेंगा दिखाया है। प्रदेश में विकास प्रक्रिया कई दशक पीछे चली गई है और इस सरकार ने विकास के नाम पर हजारों सरकारी संस्थान या तो बंद किए हैं या फिर राजधानी शिमला से हमीरपुर और कांगड़ा के लिए स्थानांतरित किए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य में सड़कों की हालत बहुत खराब हो चुकी है और मरम्मत का कोई नामोनिशान नहीं है।

लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मंजयाट में एनएलटैस परीक्षा संपन्न

अंग्रेजी, गणित व विज्ञान में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान

अर्की। लक्ष्य कॉन्वेंट स्कूल मंजयाट में एनएलटैस (नेशनल एजुकेशन लर्निंग एंड टेस्टिंग असेसमेंट सिस्टम) परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा विद्यार्थियों की अंग्रेजी, गणित व विज्ञान विषयों में समझ और योग्यता को परखने के लिए आयोजित की जाती है।

परीक्षा अक्तूबर माह में हुई। इसमें कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कुल 80 विद्यार्थियों ने तीनों विषयों में परीक्षा दी। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह व लगन के साथ परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा परिणामों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और आगामी जनवरी में होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए चयनित हुए। विषयवार चयनित विद्यार्थियों की संख्या इस प्रकार रही। अंग्रेजी में 61, गणित में 55 और विज्ञान में 68 विद्यार्थी। विषयवार श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी अंग्रेजी: जागीत (कक्षा 2), अक्षज (कक्षा 5), लावण्या (कक्षा 6), दर्शिका (कक्षा 8)विज्ञान: जागृत (कक्षा 2), लावण्या (कक्षा 6), गर्गी (कक्षा 8) गणित: अबीधा (कक्षा 2), लावण्या (कक्षा 6), कश्वी (कक्षा 8) विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल का नाम रोशन किया है। परीक्षा का संचालन विद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुसुम लता गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। अंग्रेजी विषय की समन्वयक रीनू देवी, गणित विषय की रीमा व विज्ञान विषय की अंजलि ने परीक्षा आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और ग्रैंड फिनाले के लिए शुभकामनाएं दीं।

' नेशनल एजुकेशन लर्निंग एंड टेस्टिंग असेसमेंट परीक्षा के दौरान छात्र।

चालदा महाराज पहली बार हिमाचल में करेंगे प्रवेश, एक वर्ष तक पश्मी में ही रहेंगे : हर्षवर्धन

अनंत ज्ञान, नाहन

उद्योग, संसदीय मामले, श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान शिलाई विधानसभा क्षेत्र के पश्मी में चालदा महासू महाराज की प्रवास यात्रा के शुभारंभ के लिए उत्तराखंड के दसाऊ में चालदा महासू महाराज के मंदिर पहुंचे।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र व पश्मी मंदिर कमेटी के सदस्यों तथा क्षेत्र के अन्य व्यक्तियों के साथ पहुंचे। दसाऊ में चालदा महासू महाराज मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा उद्योग मंत्री, पश्मी मंदिर कमेटी के सदस्य और शिलाई क्षेत्र के विभिन्न गांवो के सदस्यों का स्वागत किया। उद्योग मंत्री ने कहा कि जिला सिरमौर के विधानसभा क्षेत्र शिलाई व गांव पश्मी वालों के लिए बड़े सौभाग्य की बात है। उत्तराखंड से चालदा महाराज का आगमन क्षेत्र में हो रहा है। उन्होंने कहा कि चालदा महाराज पहली बार हिमाचल में प्रवेश करेंगे तथा एक वर्ष तक पश्मी में ही रहेंगे। हिमाचल व साथ लगते क्षेत्रों में चालदा महासू महाराज के प्रति अटूट आस्था है और हिमाचल के लोगों का यह सौभाग्य है कि चालदा महासू महाराज का आर्शिवाद हिमाचल के लोगों को प्राप्त होने जा रहा है। उद्योग मंत्री ने कहा कि देवता चालदा महासू महाराज 13 दिसंबर सायं को मीनस से होकर हिमाचल में प्रवेश करेंगे तथा रात्रि ठहराव द्राबील में किया जाएगा तथा 14 दिसंबर को दोपहर बाद चालदा महाराज पश्मी के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा की यात्रा के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया है और सभी विभाग तथा स्थानीय लोगों के संयुक्त तत्वाधान से महासू महाराज का भव्य स्वागत किया जाएगा। हर्षवर्धन ने कहा कि चालदा महासू महाराज की दिव्य प्रवास यात्रा को भव्य एवं यात्रा को सुगम बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा पुख्ता बंदोबस्त किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशासन ने पूरी कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 100 से अधिक पुलिस जवान व गृहरक्षक तैनात किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वास्थ्य शिविर की व्यवस्था रहेगी तथा सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने के भी कड़े निर्देश दिए गए हैं।

आयोजन घनागुघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया

शिक्षा का सही उद्देश्य युवाओं को उत्तरदायी बनाना: शांडिल

अनंत ज्ञान, सोलन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य युवाओं को उत्तरदायी नागरिक बनाना है। डॉ. शांडिल अर्की उपमंडल क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनागुघाट में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व ग्राम पंचायत घनागुघाट में स्थानीय विधायक संजय अवस्थी के साथ एक करोड़ 27 लाख 30 हजार रुपए की लागत से नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र के भवन का लोकार्पण भी किया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन का आधार शिक्षा एवं संस्कार हैं। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि अपनी संस्कृति को समझें और संस्कारों को ग्रहण करें तथा यह प्रयास करें कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर प्राप्त शिक्षा को जीवन में उतारें। उन्होंने कहा कि वर्तमान के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छात्रों के विकास के लिए प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्रदान की जा रही है। प्रदेश में शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। इन विद्यालयों के माध्यम से छात्रों को एक ही स्थान पर गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं बेहतर खेल सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि नशा समाज के लिए आज एक चुनौती बन गया है।

मेधावी छात्रों को सम्मानित करते मंत्री कर्नल शांडिल।

इस चुनौती से निपटने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा आरम्भ चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान इस दिशा में एक सकारात्मक प्रयास है। उन्होंने सभी से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने का आग्रह किया। डॉ. शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विगत तीन वर्षों में स्वास्थ्य शिक्षा में आधारभूत संरचना और आधुनिक उपकरणों पर 1,207 करोड़ रुपए की राशि व्यय की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ तथा आधुनिक बनाने के लिए विशेष रूप से प्रयास कर रही है। हिमाचल के इतिहास में महत्व

न्यूज ब्रीफ

सेंट्रल बैंक ने खेल दिवस का किया आयोजन

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ जोन ने सेक्टर 7 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में खेल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया। कार्यक्रम में कर्मचारियों व उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे पूरा आयोजन ऊर्जा, जोश और आनंद से भर गया। दिनभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य टीम भावना, फिटनेस और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था। कर्मचारियों और उनके परिवारों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए अरविंद कुमार, जोनल हेड, टीसी मीना, डिप्टी जोनल हेड तथा संदीप कर, सीआईए, चंडीगढ़ ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिसने प्रतिभागियों का उत्साह और बढ़ाया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ जोन , ऐसे आयोजनों के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य, टीम भावना और कार्य-जीवन संतुलन को निरंतर प्रोत्साहित करता रहता है।

राहत कार्यों में जुटे युनाइटेड सिख्स के कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। पिछले महीने आए तूफान कलमाएगी ने पूरे सिबू प्रांत में बहुत तबाही मचाई, लेकिन सबसे बड़ी तबाही तालिसय शहर में हुई। सामान्य तूफान चेतावनी कुछ ही घंटों में भीषण आपदा में बदल गई, जब मूसलाधार बारिश से मानांगा नदी उफान पर आ गई। तेज हवाओं और भारी जलभराव के कारण सैकड़ों घर ढह गए और कई परिवार छतों पर शरण लेने को मजबूर हो गए। तूफान ने तालिसय में भारी जनहानि और विनाश किया है। सिबू में 269 से अधिक लोगों की मौत हुई, जिनमें बड़ी संख्या तालिसय के नागरिकों की मौत हुई। 100 से अधिक लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। इस बाढ़ में हजारों परिवार अपने घरों से विस्थापित हो गए। लुसारान बांध को गंभीर क्षति पहुंचने से लगभग 30,000 घरों की जलापूर्ति बाधित हो गई, जिससे संकट और गहरा गया है। स्थानीय टीमें मलबा हटाने और आवश्यक सहायता पहुंचाने में निरंतर लगी हुई है, लेकिन व्यापक विनाश के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है। मानवीय संगठन युनाइटेड सिख्स ने तालिसय में अपनी आपदा राहत टीमों को सक्रिय कर दिया है। संगठन तीन प्रमुख क्षेत्रों आपातकालीन सहायता, स्वास्थ्य सेवाएं और लंबी अवधि का पुनर्वास पर काम कर रहा है।

शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। शाओमी इंडिया ने रेडमी 15सी 5जी लॉन्च किया। यह स्लीक डिजाईन का विशाल स्मार्टफोन है, जिसमें 17.53 सेमी का आकर्षक डिस्प्ले दिया गया है। यह उन लोगों को पूरे दिन भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है, जो काम के बीच-बीच में मनोरंजन करना पसंद करते हैं। रेडमी 15सी 5जी के बारे में शाओमी इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, अनुज शर्मा ने बताया, 'हम ऐसा स्मार्टफोन बनाना चाहते थे, जो यूजर्स बहुत सुगमता से इस्तेमाल कर सकें इसलिए रेडमी 15सी 5जी में हमने बड़ा और आकर्षक डिस्प्ले, पूरा दिन चलने वाली भरोसेमंद बैटरी और रिफाईंड रॉयल डिजाईन दिया है। यह प्रदर्शित करता है कि लोग किस प्रकार अपने स्मार्टफोन का उपयोग मनोरंजन, सीखने और काम करने के लिए करते हैं। भविष्य में हम रेडमी के अनुभव को भरोसेमंद बनाए रखेंगे और ऐसे स्मार्टफोन डिजाइन करेंगे, जो हमारे यूजर्स की जरूरतों के अनुरूप हों।

पाइप बिछवाने की मांग को लेकर किया हंगामा

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़। जुलाना कस्बे के हांसी रोड पर स्थित भाजपा से नपा चेयरमैन डॉ. संजय जांगड़ा के निजी कार्यालय पर वार्ड.13 के लोगों ने सोमवार को पेयजल पाइप लाइन बिछाने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। वार्ड के लोगों ने आरोप लगाया कि नपा चेयरमैन डॉ. संजय जांगड़ा पाइप लाइन बिछाने से मना कर रहे हैं। वार्ड 13 के पार्षद प्रतितिधि रिंकू दर्जनों महिलाओं को लेकर नपा चेयरमैन डॉ. संजय जांगड़ा के कार्यालय पर पहुंचे और चेयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों को समझाने के लिए डॉ. संजय जांगड़ा उनके बीच में आए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने का काम उनके अंडर नही आता। यह जनस्वास्थ्य विभाग के अंडर आता है। उन्होंने कहा कि वो किसी को पाइप लाइन बिछाने से क्यों रोकेंगे। जुलाना के पूरे कस्बे में पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया जा चुका है।

205 विद्यार्थियों को प्रदान की डिग्रियां उत्कृष्ट उपलब्धियों पर छात्रों की सराहना की

हरियाणा के राज्यपाल ने खेल विश्वविद्यालय, राई के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष ने सोनीपत के राई में स्थित हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।

इस अवसर पर प्रथम महिला मित्रा घोष, विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार, विधायक कृष्णा गहलावत, डीसी सुशील सारवान, पांचजन्य समाचार पत्र के संपादक हितेश शंकर, रजिस्ट्रार जसविंदर सिंह सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि खेलों में उत्कृष्टता अब केवल शारीरिक क्षमता का परिणाम नहीं है, बल्कि विज्ञान आधारित प्रशिक्षण, मानसिक मजबूती, पोषण विज्ञान, मनोविज्ञान और आधुनिक तकनीक का समन्वय नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने प्रशिक्षण के इसी समग्र मॉडल को अपनाकर विद्यार्थियों के लिए एक सुदृढ़ खेल-पारिस्थितिकी तैयार की है। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में 61 पदक, जिनमें 13 स्वर्ण पदक शामिल हैं, प्राप्त करने पर छात्रों और प्रशिक्षकों को बधाई दी। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय देश के अग्रणी खेल शिक्षा संस्थानों में शामिल होने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और जल्द ही यह देश का तीसरा सबसे बड़ा खेल विश्वविद्यालय बनकर उभरेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार खेलों के लिए व्यापक और सुदृढ़ पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यपाल ने 'मिशन ओलंपिक 2036' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का लक्ष्य जहां कुल 7 से बढ़ाकर 70 पदक हासिल करने का है। वहीं, हरियाणा भी अपनी ओर से 4 पदकों से बढ़ाकर 36 पदक दिलाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हरियाणा खेल विश्वविद्यालय इस राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में कुल 205 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। राज्यपाल ने सभी स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों, अभिभावकों व शिक्षकों के लिए गर्व का विषय है। अपने संदेश में राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि जीवन की अगली यात्रा में विनम्रता, अनुशासन, समावेशिता और निरंतर प्रयास उनके सबसे बड़े साथी होने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र के समावेशी विकास में सार्थक योगदान देने का आह्वान किया।

ऊर्जा से भरपूर भांगड़ा प्रस्तुति ने कलाग्राम क्राफ्ट मेले में बांधा समां

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

चंडीगढ़ के कलाग्राम में हाल ही में आयोजित 15वें राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले के समापन दिवस पर निरोग सभ्याचारक सोसायटी, सेक्टर-40 के भांगड़ा ग्रुप ने अपनी जीवंत और ऊर्जामयी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मेले में उमड़ी भारी भीड़ ने भांगड़ा टीम के उत्साह, तालमेल और दमदार मंच प्रदर्शन की जमकर सराहना की। प्रस्तुति खत्म होते ही दर्शकों की तालियों की गूंज बढ़ती चली गई और 'एक बार फिर, एक बार फिर' के नारों ने पूरे वातावरण को जीवंत कर दिया। समूह ने भी दर्शकों के उत्साह का सम्मान करते हुए दोबारा प्रस्तुति देकर माहौल को और भी रंगीन बना दिया। इस भांगड़ा दल की खास बात यह रही कि इसमें विभिन्न आयु वर्ग और पृष्ठभूमि के लोग शामिल थे गृहिणियां, युवा, नौकरीपेशा पुरुष-महिलाएं और सेवा-निवृत्त सदस्य। सभी ने मिलकर मंच पर ऐसा सांस्कृतिक समागम प्रस्तुत किया, जिसने पूरे परिसर में पंजाबी लोक-संस्कृति की खुशबू बिखेर दी। मेले के आयोजकों ने भी इस शानदार प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम न केवल मनोरंजन का माध्यम हैं, बल्कि समाज को अपनी जड़ों और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण जरिया भी बनते हैं।

613 पदों पर निकली थी भर्ती महज 151 अभ्यर्थी हुए पास

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जारी अंग्रेजी लेक्चरर की भर्ती पर सवाल उठ रहे हैं। परिणाम में 613 की बजाय महज 151 लेक्चरर को ही भर्ती किए जाने पर आक्रोश बढ़ गया है।

फेल हुए अभ्यार्थियों में यूनिवर्सिटी के गोल्ड मेडलिस्ट भी शामिल हैं। हाल ही में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन ने कॉलेज कैडर के अंग्रेजी लेक्चरर की भर्ती का रिजल्ट जारी किया है। हैरानी की बात ये है कि ये भर्ती 613 लेक्चरर की होनी थी पर रिजल्ट में महज 151 लेक्चरर को नियुक्ति दी गई है। बाकी सभी अभ्यर्थियों को फेल दिखाया गया है। यानी वो 35 फीसदी नंबर भी नहीं ले पाए। इस भर्ती में फेल किए गए अभ्यर्थियों ने पहले पंचकूला में प्रदर्शन किया कोई सुनवाई नहीं हुई, तो अब जिला स्तर पर धरना व प्रदर्शन किए जा रहे हैं। भिवानी लघु सचिवालय के बाहर फेल हुए अभ्यर्थियों ने सरकार व एचपीएससी के खिलाफ जमकर नाराजगी दिखाई और रिजल्ट की कॉपी जलाई। फेल किए गए अभ्यार्थियों ने एचपीएससी की चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए चेयरमैन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चेयरमैन कहते हैं कि हरियाणा की कोई यूनिवर्सिटी सही से नहीं पढ़ाती। साथ ही कहा कि ये सब हरियाणा की बजाय बाहर के बच्चों को भर्ती करने की मंशा जता रहे हैं। वहीं, एमडीयू की गोल्ड मेडलिस्ट विधि व सीबीएलयू की गोल्ड मेडलिस्ट कोमल ने कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी ने हमें गोल्ड मेडल दिया पर एचपीएससी ने फेल कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता से भर्ती की बात करती है, उसे लागू करके दिखाए।

अन्न से ही समस्त सृष्टि होती है संचालित: रुंगटा

अनंत ज्ञान, पंचकूला। संसार में सबसे बड़ा दान अन्न माना गया है। अन्न से ही यह समस्त सृष्टि संचालित होती है और अन्न के द्वारा ही इसका पालन-पोषण संभव हो पाता है। अन्न मनुष्य के शरीर और आत्मा दोनों की संतुष्टि का साधन है, यह बात पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के फाउंडर और समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 में 192वां अन्न भंडारा आयोजन के दौरान कही। इस अन्न भंडारे में सैकड़ों राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरित किया गया। रुंगटा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा निरंतर सेवा की भावना से किए जा रहे भंडारों का उद्देश्य यही है कि कोई भी जरूरतमंद भूखा न सोए। भंडारे के सफल आयोजन में ट्रस्ट के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और पूरे मन से सेवा की भावना के साथ लोगों को भोजन परोसा।

टैलेंटेल्जिया ने जीता टाई चंडीगढ़ क्रिकेट लीग का खिताब

अनंत ज्ञान, चंडीगढ़

टाई चंडीगढ़ क्रिकेट लीग 2025 के रोमांचक फाइनल मुकाबले में टैलेंटेल्जिया स्मैशर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साइब्रेन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस को 8 विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ टैलेंटेल्जिया स्मैशर्स इस वर्ष की नई चैंपियन टीम बनी।

साइब्रेन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस ने भी पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। टैलेंटेल्जिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। साइब्रेन सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस ने निर्धारित ओवरों में 168/6 का मजबूत स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टैलेंटेल्जिया स्मैशर्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 169/2 रन बनाकर मैच 8 विकेट से जीत लिया। फाइनल के मैन ऑफ द मैच हितेश रहे, जिन्होंने 33 गेंदों पर 67 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। टूर्नामेंट के व्यक्तिगत पुरस्कारों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हितेश को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया, जिन्होंने कुल 479 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए। गौतम को 17 विकेट लेने पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब मिला। अभिषेक को टूर्नामेंट में सर्वाधिक 15 छक्के लगाने के लिए सम्मानित किया गया, जबकि सनी को 15 डिसमिसल के साथ सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया। समारोह में मुख्यातिथि के रूप में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर जय इंदर सिंह संधू उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए और सभी खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना की। समापन समारोह में टाई चंडीगढ़ के प्रेसीडेंट पुनीत वर्मा ने सभी खिलाड़ियों, आयोजकों, दर्शकों और मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और आगामी सीज़न के लिए शुभकामनाएं दीं।

देश-विदेश

स्टारलिंक मंथली 8,600 रुपए में देगी अनलिमिटेड इंटरनेट

एजेंसी, मुंबई

इलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने भारत में अपने सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस स्टारलिंक की प्राइसिंग का ऐलान कर दिया है। रेसीडेंशियल प्लान के लिए यूजर्स को 8,600 रुपए हर महीने देने होंगे।

वहीं, हार्डवेयर के रूप में एक सैटेलाइट डिश किट लेनी होगी, जिसकी कीमत 34,000 रुपए है। कंपनी ने कहा कि यूजर्स को पहले 30 दिन के ट्रायल का मौका मिलेगा, अगर वे इससे संतुष्ट नहीं होंगे तो पूरा पैसा रिफंड हो जाएगा। सर्विस जनवरी, 2026 तक शुरू हो सकती है। सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस शुरू होने से अनलिमिटेड डेटा के साथ 99.9% अपटाइम मिलेगा, जो ग्रामीण और दूरदराज इलाकों के लिए गेम चेंजर साबित हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

ये होगी स्पीड

डाउनलोड स्पीड- 40-220+ एमबीपीएस
अपलोड स्पीड- 8-25+ एमबीपीएस
लेटेंसी- 20-60 एमएस

- डाउनलोड स्पीड 220+ एमबीपीएस तक होगी
- इंस्टॉल करने के लिए हार्डवेयर 34,000 रुपए में मिलेगा

उत्पीड़न मामले में मलयालम एक्टर दिलीप हुए बरी

एजेंसी, कोच्चि। केरल के एर्नाकुलम सेशन कोर्ट ने सोमवार को 2017 में साउथ फिल्मों की एक्ट्रेस से गैंगरेप मामले में मलयालम एक्टर दिलीप को बरी कर दिया। जज हनी एम. वर्गीस ने कहा कि दिलीप एक्ट्रेस से उत्पीड़न मामले में शामिल नहीं थे।

दिलीप के साथ तीन अन्य आरोपियों को भी अदालत ने बरी कर दिया। कोर्ट ने मुख्य आरोपी सुनील एनएस उर्फ 'पल्सर सुनी' सहित छह आरोपियों को दोषी ठहराया। इन पर घटना को अंजाम देने का आरोप था। कोर्ट 12 दिसंबर को दोषियों के खिलाफ फैसला सुनाएगी। (अनंत ज्ञान)

बाबरी जैसी मस्जिद के लिए 11 पेटी चंदा मिला, नोट गिनने की मशीन बुलाई

93 लाख ऑनलाइन मिले; बंगाल के मुर्शिदाबाद में रखी थी नींव

एजेंसी, मुर्शिदाबाद

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने 6 दिसंबर को बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी। बाबरी विध्वंस की 33वीं बरसी पर इस मस्जिद की आधारशिला रखी गई। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। अब इस मस्जिद के लिए जुटाए चंदे का एक वीडियो सामने आया है। हुमायूं कबीर ने फेसबुक पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें कुछ लोग नोट गिनते नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि शिलान्यास समारोह में 11 पेटी चंदा इकट्ठा हुआ, जिसे गिनने के लिए 30 लोग और नोट गिनने की मशीन लगानी पड़ी। बंगाल में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर ने रविवार को घोषणा की कि वह फरवरी में 1 लाख लोगों से कुरान का पाठ करवाएंगे। इसके बाद ही बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू होगा। हुमायूं ने कहा कि वे जल्द ही एक नई पार्टी बनाएंगे जो मुसलमानों के लिए काम करेगी। वे 135 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा वे ओवैसी की पार्टी के संपर्क में हैं और अलायंस कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

मणिपुर में गोला-बारूद व हथियार के साथ चार नक्सली गिरफ्तार

एजेंसी, इंफाल

मणिपुर पुलिस तथा सुरक्षाबलों द्वारा अलग-अलग अभियानों में विभिन्न प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े चार नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। इन अभियानों के दौरान हथियार, गोला-बारूद, संचार उपकरण तथा पहचान संबंधी दस्तावेज भी बरामद हुए।

पहले अभियान में विष्णुपुर थाना क्षेत्र के नाइखोंग खुलेन अवांग लाइकै से प्रीपाक के सक्रिय कैडर लमाबम रोशन सिंह उर्फ केथम उर्फ अथौबा (24) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। तलाशी में दो स्टैलियन प्रो गन, 12-बोर के 13 जिंदा कारतूस, एक नंबर-36 हैंड ग्रेनेड, दो वॉकी-टॉकी सेट, दो चार्जर, एक बीपी जैकेट और एक टिन का ट्रंक बरामद हुआ। उधर, इंफाल पूर्व में लामलाई थाना क्षेत्र के खरसोंम अवांग लाइकै से लोंगजाम मोचा मैतेई उर्फ राज (41) को उसके निवास से पकड़ा। एक अन्य कार्रवाई में लमसांग थाना क्षेत्र के कदांगबंद मायाई लाइकै से यूएनएलएफ (के) के उग्रवादी एवं रंगदारी वसूली में सक्रिय युमखैबम ब्रोजेन सिंह (50) को गिरफ्तार किया गया। उससे दो मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और एक एयरटेल एयरफाइबर उपकरण बरामद किए गए। (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी रक्षा नीति विधेयक में क्वाड सहित भारत के साथ संबंधों को व्यापक बनाने पर जोर

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका के वार्षिक रक्षा नीति विधेयक में भारत के साथ विशेषकर 'क्वाड' के माध्यम से सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया है ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र को मुक्त एवं खुला बनाए रखने के साझा लक्ष्य को आगे बढ़ाया जा सके और चीन से उत्पन्न चुनौतियों का सामना किया जा सके। संसदीय नेताओं द्वारा जारी वित्त वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकार अधिनियम (एनडीएए) में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रक्षा गठबंधनों और साझेदारियों पर अमेरिकी संसद की राय को रेखांकित किया गया है। विधेयक में कहा कि रक्षा मंत्री को चीन के साथ रणनीतिक प्रतिस्पर्धा में अमेरिका की तुलनात्मक बढ़त को बढ़ाने के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा सहयोगियों और साझेदारियों को मजबूत करने के प्रयास जारी रखने चाहिए। इन प्रयासों में 'भारत के साथ अमेरिकी संबंधों को व्यापक बनाना, जिसमें चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों तथा सैन्य अभ्यासों में भागीदारी, रक्षा व्यापार का विस्तार तथा मानवीय सहायता और आपदा प्रतिक्रिया पर सहयोग के माध्यम से एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा उद्देश्य को आगे बढ़ाना शामिल है।' क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं तथा इसे 2017 में हिंद-प्रशांत में चीन के आक्रामक रवैये का सामना करने के लिए स्थापित किया गया था।

रक्षा नीति विधेयक में यह भी प्रावधान है कि रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री मिलकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के रक्षा औद्योगिक आधार को मजबूत करने के लिए एक सुरक्षा पहल शुरू करें। (अनंत ज्ञान)

थाईलैंड ने कंबोडिया की कैसिनो पर की एयरस्ट्राइक

एजेंसी, बैंकॉक

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। सीएनएन के मुताबिक थाईलैंड ने सोमवार सुबह एफ-16 फाइटर जेट से कंबोडिया में एक कैसिनों पर एयरस्ट्राइक की। थाई सेना का आरोप है कि यह कैसिनो असल में कंबोडियाई सैनिकों का बेस बन चुका था, जहां भारी हथियारों और ड्रोन रखे जा रहे थे।

इसके अलावा कंबोडिया अपनी सेना को नई जगहों पर तैनात कर रहा था। इसी वजह से उसे हवाई हमला करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों सेनाओं की गोलीबारी में अब तक थाईलैंड का एक सैनिक मारा गया है और आठ सैनिक घायल हैं। थाईलैंड-कंबोडिया के बीच मई में पांच दिन तक लड़ाई चली थी, जिसमें 30 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इसके बाद अक्तूबर में दोनों देशों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में शांति समझौता किया था। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लंबे समय से प्रीह विहियर और ता मुएन थॉम जैसे प्राचीन मंदिरों को लेकर सीमा विवाद है। ये मंदिर दोनों देशों की सीमा के बिलकुल पास स्थित हैं और आसपास की जमीन पर दोनों देश अपना-अपना दावा करते हैं। कंबोडिया ने थाईलैंड के आरोपों को झूठा बताया है। उसका कहना है कि उसने कोई हमला नहीं किया और वह सभी मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना चाहता है, लेकिन थाई सेना कई दिनों से उकसाने वाली हरकतें कर रही है। इस लड़ाई की वजह से बॉर्डर के पास रहने वाले थाईलैंड के बहुत से लोग अपने घर छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। थाई सरकार का कहना है कि उसने लगभग 70% नागरिकों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया है।

इस दौरान एक नागरिक की मौत भी हुई, लेकिन सरकार का कहना है कि उसकी मौत बीमारी की वजह से हुई है। तीन नागरिक भी थाई फायरिंग में घायल हुए हैं और उन्हें हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। इस बीच मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने बढ़ती लड़ाई पर गहरी चिंता जताई है। (अनंत ज्ञान)

'प्राइवेट पार्ट पकड़ना रेप नहीं' कहने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

एजेंसी, प्रयागराज

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस विवादित फैसले पर सख्त टिप्पणी की, जिसमें कहा गया था कि 'पायजामा का नाड़ा तोड़ना और ब्रेस्ट पकड़ना रेप के प्रयास के आरोप के लिए पर्याप्त नहीं है।' सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम हाईकोर्ट के आदेश को खारिज करेंगे और ट्रायल जारी रहने देंगे। हाईकोर्ट ने आरोपियों पर लगे 'अटेम्प्ट टु रेप' के चार्ज हटाने को कहा था।

सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने साथ ही कहा, हम सभी हाईकोर्ट के लिए विस्तृत गाइडलाइंस जारी कर सकते हैं। ऐसी टिप्पणियां पीड़ित पर चीलिंग इफेक्ट यानी भयावह प्रभाव डालती हैं। कई बार शिकायत वापस लेने जैसा दबाव भी पैदा करती हैं। अदालतों को, विशेषकर हाईकोर्ट को, फैसले लिखते समय और सुनवाई के दौरान ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियों से हर हाल में बचना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में सीनियर एडवोकेट शोभा गुप्ता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक दूसरे रेप केस की भी जानकारी दी, जिसमें यह कहा गया था कि 'महिला ने खुद ही मुसीबत को न्योता दिया था, उसके साथ जो भी हुआ है वो उसके लिए खुद जिम्मेदार है। चूंकि रात थी। बावजूद इसके वह उसके साथ कमरे में गई। (अनंत ज्ञान)

- इलाहाबाद हाईकोर्ट से कहा- ऐसी भाषा न बोलें, जो पीड़ित को डरा दे

सुप्रीम आदेश के छह माह बाद भी सीएपीएफ अफसरों को राहत नहीं, अवमानना याचिका दायर

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के लगभग 20 हजार कैडर अधिकारियों को 'सुप्रीम' जीत मिलने के बावजूद पदोन्नति एवं वित्तीय फायदे नहीं मिल सके हैं। वजह, केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से अभी तक इस बाबत कोई दिशा निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने मई 2025 में आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ और एसएसबी सहित सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में छह माह के भीतर कैडर समीक्षा करने का निर्देश दिया था। यह समीक्षा मूल रूप से 2021 के लिए निर्धारित थी, लेकिन अभी तक यह मामला लंबित है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को आदेश दिया था कि वह केंद्रीय गृह मंत्रालय से कैडर समीक्षा और मौजूदा सेवा नियमों व भर्ती नियमों की समीक्षा के संबंध में कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त होने के तीन माह के भीतर उचित निर्णय ले। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के छह माह बाद भी संबंधित मंत्रालय ने इस केस में जरुरी कार्रवाई नहीं की। नतीजा, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के कैडर अफसरों की तरफ से छह दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका लगाई गई है। (अनंत ज्ञान)

सेंसेक्स 610 अंक गिरकर 85,103 पर बंद

निफ्टी भी 226 अंक लुढ़का, रियल्टी और मीडिया सेक्टर टूटे; क्राइसिस के बीच इंडिगो का शेयर 8.62% गिरा

एजेंसी, मुंबई

हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 610 अंक (0.71%) गिरकर 85,103 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 226 अंक (0.86%) नीचे 25,961 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 27 गिरकर बंद हुए। बीईएल, ट्रेंट और जोमैटो के शेयर में सबसे ज्यादा 5% की गिरावट आई।

कुल 19 शेयर्स में 1%-5% तक की गिरावट रही। निफ्टी के 50 में 47 शेयर्स नीचे बंद हुए। एनएसई का रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 3.53% गिरा। वहीं, मीडिया, पीएसयू बैंक और हेल्थकेयर शेयरों में 3% तक की गिरावट रही। वहीं देशभर में इंडिगो क्राइसिस की वजह से कंपनी का शेयर में 8.62% टूटकर 4,907.50 रुपए पर आ गया। बीते 5 दिनों में कंपनी का शेयर 15.33% टूटा है। दरअसल, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो की उड़ान सेवाएं सोमवार को भी पटरी पर नहीं लौट सकीं हैं। दिल्ली, श्रीनगर, हैदराबाद, बेंगलुरु, अहमदाबाद एयरपोर्ट से अब तक 200 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स के खिलाफ दर्ज की बड़ी जीत

एजेंसी, दुबई। वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की धमाकेदार पारी की मदद से दुबई कैपिटल्स ने अबूधाबी नाइट राइडर्स को 83 रन से हराकर आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। पॉवेल ने 52 गेंदों पर नाबाद 96 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल हैं। उन्होंने जॉर्डन कॉक्स (32 गेंदों पर 52 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 119 रन की साझेदारी की, जिससे दुबई कैपिटल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए चार विकेट पर 186 रन बनाए। इसके जवाब में नाइट राइडर्स की टीम 15.3 ओवर में 103 रन पर ढेर हो गई और दुबई कैपिटल्स ने आसान जीत हासिल की। नाइट राइडर्स के केवल चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे जिनमें सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। दुबई कैपिटल्स की तरफ से वकार सलामखेल ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। उनके अलावा डेविड विली, मोहम्मद नबी और मुस्तफिजुर रहमान ने दो-दो विकेट हासिल किए। (अनंत ज्ञान)

दूसरे वनडे में स्लो ओवर रेट के लिए भारतीय खिलाड़ियों पर जुर्माना

एजेंसी, नई दिल्ली। दूसरे वनडे में स्लो ओवर रेट के कारण भारतीय खिलाड़ियों पर मैच फीस का 10% जुर्माना लगाया गया। यह मुकाबला 3 दिसंबर को रायपुर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला गया था। मैच में मेहमान टीम ने भारत के खिलाफ वनडे में सबसे बड़ा 359 रन के लक्ष्य का सफल पीछा करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर ली थी। हालांकि, उसके बाद विशाखापट्टनम में भारत ने 9 विकेट से जीत दर्ज की और सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। भारत निर्धारित समय में दो ओवर पीछे रह गया था। इसी कारण आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने टीम इंडिया पर यह जुर्माना लगाया। आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के मुताबिक, निर्धारित समय में ओवर पूरे न होने पर हर ओवर के बदले खिलाड़ियों की मैच फीस का 5% काटा जाता है। भारतीय कप्तान केएल राहुल ने अपनी गलती मान ली, जिसके बाद औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह आरोप ऑन-फील्ड अंपायर रॉड टकर और रोहन पंडित, तीसरे अंपायर सैम नोगाजकी और चौथे अंपायर जयरामन मदनगोपाल ने लगाए थे। (अनंत ज्ञान)

हार्दिक के शुरुआती ओवर डालने से हमें काफी विकल्प मिलते हैं: सूर्यकुमार

एजेंसी, कटक। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार का मानना है कि हरफनमौला हार्दिक पांड्या की वापसी से टीम की एशिया कप में सफलता हासिल करने वाली रणनीति और संतुलन बहाल होगा। भारतीय टीम मंगलवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में हिस्सा लेगी। तेज गेंदबाजी के साथ शानदार बल्लेबाजी करने वाले हार्दिक बाएं हाथ के अंगूठे में चोट के कारण एशिया कप फाइनल में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने चोट से उबरने के बाद हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में वापसी की और शानदार लय में हैं। अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले उनकी समय पर वापसी ने टीम में विकल्प को बढावा दिया है और इससे टीम का संतुलन अच्छा होगा। नयी गेंद से गेंदबाजी करने का उनका कौशल भारत को तीन या चार स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरने की सुविधा देते हैं। (अनंत ज्ञान)

लौरा वोल्वार्ड्ट का खूबसूरत अंदाज

दक्षिण अफ्रीकी। दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही वायरल हो जाती हैं।

पांच टी-20 मैचों के जरिए विश्व कप के लिए तैयारी करेगा भारत, गिल व हार्दिक की होगी वापसी

कटक में भारत-द. अफ्रीका के बीच पहला टी-20 मैच आज

एजेंसी, कटक

शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या की वापसी से मजबूती हासिल करने वाली मौजूदा टी-20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच के साथ अगले साल स्वदेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली यह श्रृंखला फरवरी में होने वाले विश्व कप के लिए भारत की औपचारिक तैयारी का आगाज है।

विश्व कप से पहले भारतीय टीम 10 टी-20 मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह न्यूजीलैंड के खिलाफ भी पांच मैच की श्रृंखला खेलेगी। विश्व कप में भारत अपना पहला मैच सात फरवरी को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ खेलेगा। भारतीय टीम इन दोनों श्रृंखला में स्पष्ट नजरिए के साथ उतरेगी जिसमें, इसका मुख्य लक्ष्य विश्व कप से पहले खिलाड़ियों

की भूमिका तय करना और उपयुक्त संयोजन तैयार करना होगा। पिछले वर्ष विश्व कप जीतने के बाद से भारत ने टी20 में दमदार प्रदर्शन किया है। विश्व कप में उसने लगातार आठ मैच जीतकर खिताब जीता था। तब से भारत ने अपनी जीत का आंकड़ा 26 मैच तक पहुंचा दिया है जिसमें एशिया कप में लगातार सात मैच जीतना भी शामिल है। इस बीच भारतीय टीम को केवल चार मैच में हार मिली। इस अवधि में भारतीय टीम ने कोई टी-20 श्रृंखला नहीं हारी है और अब उसका लक्ष्य उस टीम के खिलाफ अपनी धार को और अधिक मजबूत करना होगा, जिसे उसने टी-20 विश्व कप फाइनल में हराया था। गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच में गर्दन में अकड़न के कारण बाहर हो जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। पिछले आईपीएल से लगातार क्रिकेट खेलने के कारण और भारत के आगामी व्यस्त सत्र को देखते हुए उनके कार्यभार प्रबंधन पर कड़ी नजर रखी जाएगी, लेकिन 33 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29.89 की औसत से 837 रन बनाने वाले गिल के लिए यह श्रृंखला आईसीसी प्रतियोगिता से पहले अच्छी तैयारी करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। गिल की वापसी से अभिषेक शर्मा के साथ उनकी मजबूत सलामी जोड़ी बनेगी। अभिषेक ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने 163 रन बनाए थे और वह भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। इसके बाद उन्होंने घरेलू स्तर पर भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में पंजाब के इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 50.66 की औसत और 249 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए, जिसमें बंगाल के खिलाफ 52 गेंदों में 148 रन की तूफानी पारी भी शामिल है। भारत की विश्व कप जीत के बाद से सैमसन सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में तीन शतक लगाए हैं। इनमें से दो शतक उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में लगाए गए थे, लेकिन गिल की उपकप्तान के रूप में वापसी ने सैमसन को निचले क्रम में एक ऐसी भूमिका में धकेल दिया है, जिसे टी-20 क्रिकेट में उन्होंने शायद ही पहले कभी निभाई हो। सैमसन ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने दो अर्धशतक लगाए। (अनंत ज्ञान)

संभावित टीमें

भारत: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती।

दक्षिण अफ्रीका: एडेन मार्कम (कप्तान), ओटिनिल बार्टमैन, कॉर्बिन बॉश, डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक, डोनोवन फेरेरिया, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसन, जॉर्ज लिंडे, केशव महाराज, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नोर्किया, ट्रिस्टन स्टब्स।

मैच: शाम सात बजे से

रियाल मैड्रिड की घरेलू मैदान पर पहली हार

एजेंसी, मैड्रिड। रियाल मैड्रिड को नौ खिलाड़ियों के साथ खेलने की भारी कीमत चुकानी पड़ी और वह स्पेनिश फुटबाल लीग ला लिगा में सेल्टा विगो के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-2 से हार गया। रियाल मैड्रिड की अपने घरेलू मैदान सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में यह पहली पराजय है। इससे वह बार्सिलोना से खिताब की दौड़ में भी पिछड़ गया है। रियाल मैड्रिड ने दूसरे हाफ में जल्दी ही गोल खा लिया। इसके बाद उसके दो खिलाड़ियों फ्रान गार्सिया और अल्वारो कैरेरास को रेड कार्ड दिखाए गए, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। मैड्रिड के बेंच पर बैठे खिलाड़ी एंड्रिक को भी शिकायत करने पर रेड कार्ड दिखाया गया। विलियट स्वेडबर्ग ने 54वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से एक बेहतरीन फ्लिक से सेल्टा विगो के लिए पहला गोल किया। रियाल मैड्रिड ने 64वें मिनट में गार्सिया को और स्टॉपेज टाइम में कैरेरास को खो दिया। (अनंत ज्ञान)

सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल में जीता गोल्ड

एजेंसी, कतर

दोहा में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल 2025 में भारत की युवा शूटर सिमरनप्रीत कौर ने 25 मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। फाइनल में उन्होंने 41/50 स्कोर करते हुए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड की बराबरी की। वहीं, मनु भाकर क्वालिफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं और फाइनल से बाहर हो गईं। पुरुषों के 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने सिल्वर जीता, जबकि अनीश भनवाला ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर जीता। इसके साथ ही भारत के 6 मेडल हो गए हैं।

ऐश्वर्य तोमर और अनीश भनवाला ने हासिल किया सिल्वर

21 साल की सिमरनप्रीत ने फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन किया। उनका 41/50 का स्कोर रिपब्लिक ऑफ कोरिया की पेरिस 2024 ओलिंपिक चैंपियन यांग जी-इन के बनाए गए जूनियर वर्ल्ड रिकॉर्ड के बराबर रहा। यांग चौथे स्थान पर रहीं। चीन की याओ कियानशुन ने 36/50 के साथ सिल्वर और जर्मनी की डोरीन वेनकैंप ने 30/45 के साथ ब्रॉन्ज जीता। पुरुषों के 50

मीटर राइफल 3 पोजीशन इवेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने अपना पहला वर्ल्ड कप फाइनल मेडल जीता। वे 414.2 के नए वर्ल्ड रिकॉर्ड शूट करने वाले चेक शूटर जीरी प्रिवरात्स्की से केवल 0.9 पॉइंट पीछे रहे। चीन के पेरिस 2024 ओलिंपिक चैंपियन लियू युकुन ने 388.9 के साथ ब्रॉन्ज जीता। अनीश ने दोहा में चल रहे आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में सिल्वर मेडल जीता। अनीश ने फाइनल में 31 हिट लगाए और चीन के मौजूदा ओलिंपिक चैंपियन ली युएहोंग से सिर्फ दो हिट पीछे रहे। अनीश का वर्ल्ड कप फाइनल में दूसरा मेडल है। दो साल पहले उन्होंने इसी जगह ब्रॉन्ज जीता था। फ्रांस के मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन क्लेमेंट बेसागुए ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

भारत का पॉइंट टेबल में दूसरे स्थान पर

भारत प्वॉइंट टेबल में 6 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर है। भारतीय शूटरों ने अब तक 2 गोल्ड और तीसन और एक ब्रॉन्ज मेडल जीत हैं। जबकि चीन 8 मेडल के साथ टॉप पर है। वहीं, चेक रिपब्लिक 1 गोल्ड के साथ तीसरे स्थान पर है।

शाकिब ने वापस लिया रिटायरमेंट, बोले- घरेलू सीरीज खेलकर एक साथ अलविदा कहूंगा

एजेंसी, लंदन

बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने मोईन अली के पॉडकास्ट बियर्ड बिफोर विकेट में साफ कहा कि उन्होंने अभी तक तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे और टी-20) से आधिकारिक संन्यास नहीं लिया है। यह पहला मौका है, जब उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की। शाकिब ने कहा कि मैं अभी सभी फॉर्मेट से रिटायर नहीं हुआ हूं। मेरा प्लान है कि बांग्लादेश लौटकर एक पूरी घरेलू सीरीज (टी- 20, वनडे और टेस्ट) खेलूं और उसके बाद तीनों फॉर्मेट से एक साथ संन्यास ले लूं।

सीरीज टी-20 से शुरू हो या टेस्ट से, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं बस एक पूरी सीरीज खेलकर फैंस को अलविदा कहना चाहता हूं। मई 2024 से शाकिब बांग्लादेश नहीं लौटे हैं। 5 अगस्त 2024 को शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद उनकी सुरक्षा को लेकर सवाल उठे थे। वे आवामी लीग से सांसद थे और एक कथित हत्या के मामले में उनका नाम आया था। उस समय वे देश में मौजूद नहीं थे। फिर भी उन्होंने पाकिस्तान और भारत में टेस्ट सीरीज खेली। भारत के खिलाफ कानपुर टेस्ट (सितंबर 2024) अभी तक उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच है। बांग्लादेश लौटने के सवाल पर शाकिब ने कहा, 'मुझे पूरी उम्मीद है कि मैं लौटूंगा। इसी वजह से मैं अभी अलग-अलग 20 लीग्स में खेल रहा हूं। मुझे यकीन है कि ऐसा होगा।' उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू सीरीज में परिणाम का कोई दबाव नहीं होगा। वे सिर्फ उन फैंस को धन्यवाद देना चाहते हैं, जिन्होंने सालों तक उनका साथ दिया। खिलाड़ी को अपने वादे पर कायम रहना चाहिए। मैं अच्छा खेलूं या नहीं, इससे फर्क नहीं पड़ता। मैं बस घरेलू मैदान पर खेलकर फैंस को कुछ वापस देना चाहता हूं।' वहीं, शाकिब ने स्वीकार किया कि शारीरिक थकान के कारण उन्हें सरे की तरफ से खेलते हुए इंग्लिश काउंटी मैच के दौरान जानबूझकर चकिंग (गलत एक्शन से गेंदबाजी करना) का सहारा लेना पड़ा, जिसके कारण उन्हें गेंदबाजी से निलंबित कर दिया गया। अंपायरों ने टांटन में समरसेट के खिलाफ सरे के प्रथम श्रेणी मैच के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन को लेकर शिकायत की थी। इस मैच की दो पारियों में उन्होंने लगभग 65 ओवर गेंदबाजी की थी। (अनंत ज्ञान)

हार की जिम्मेदारी सिर्फ कोच की नहीं, खिलाड़ियों को भी आगे आना होगा: शास्त्री

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के लगातार दो घरेलू टेस्ट सीरीज क्लीन स्वीप हारने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर पर सवाल उठ रहे हैं। टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जीतकर अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन रेड-बॉल क्रिकेट में प्रदर्शन गिरा है। इसी मुद्दे पर पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि हार की जिम्मेदारी सिर्फ कोच पर डालना उचित नहीं है, खिलाड़ियों को भी आगे आना होगा। एक अखबार के यूट्यूब पॉडकास्ट में शास्त्री ने कहा कि जब नतीजे खराब आते हैं, तो खिलाड़ियों को भी आगे आकर जवाब देना चाहिए। सिर्फ कोच को निशाना बनाना गलत है। मेरे समय में भी ऐसा हुआ है, इसलिए अनुभव से कह रहा हूं। खिलाड़ियों को हार का दर्द महसूस होना चाहिए, तभी बदलाव आएगा। हर मैच जीतना जरूरी है, नहीं जीतेंगे तो सवाल उठेंगे। शास्त्री ने कहा कि कोचिंग सिर्फ रणनीति तक सीमित नहीं होती। कोचिंग में धैर्य, संवाद और मैन-मैनेजमेंट सबसे महत्वपूर्ण हैं। खिलाड़ियों से सही तरीके से बात करना आता हो, तभी आप उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। मुख्य कोच पर दबाव हमेशा रहेगा, इसलिए संतुलन जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टीम की हार हमेशा सामूहिक होती है। टीम मैनेजमेंट से लेकर खिलाड़ियों तक, सभी जिम्मेदार होते हैं। गौर रहे कि गौतम गंभीर पहले भी कई मौकों पर शास्त्री की आलोचना कर चुके हैं। 2021 में एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में गंभीर ने शास्त्री के उस बयान पर नाराजगी जताई थी, जिसमें उन्होंने विराट कोहली की कप्तानी वाली टीम को 'दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम' कहा था। (अनंत ज्ञान)

भारत ने वेल्स को 3-1 से हराया

एजेंसी, सैंटियागो (चिली)

क्वार्टर फाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके भारत ने एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप हॉकी प्रतियोगिता के नौवें से 16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में वेल्स पर 3-1 की शानदार जीत के साथ शीर्ष 10 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारत की तरफ से हिना बानो (14वें मिनट), सुनलिता टोप्पो (24वें) और इशिका (31वें) ने गोल किए, जबकि एलोइस मोट (52वें) ने वेल्स के लिए एकमात्र गोल किया। भारत ने मैच पर शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। उसे पहले 30 सेकंड में ही पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया।

एफआईएच जूनियर महिला विश्व कप

भारतीय खिलाड़ियों ने कई मौके बनाए, लेकिन शुरुआत में गोल नहीं कर सके। वेल्स को भी इस बीच पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन निधि ने उसे रोक दिया और स्कोर बराबर बनाए रखा। भारत पहले क्वार्टर के आखिरी क्षणों में गोल करने में सफल रहा। हिना ने साक्षी राणा के पास पर यह गोल किया। अपनी बढ़त को दोगुना करने की कोशिश में भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में एक और पेनल्टी कॉर्नर हासिल करके दबाव बनाए रखा। भारतीय टीम ने लगातार मौके बनाए जिसका उन्हें फायदा भी मिला जब राणा का शॉट सुनलिता के पास गया, जिन्होंने उस पर गोल करने में कोई गलती नहीं की। इस तरह से भारत ने मध्यांतर तक 2-0 की बढ़त बना ली थी। भारत ने दूसरे हाफ के शुरू में ही अपनी बढ़त 3-0 कर ली, जब वेल्स की गोलकीपर से मिले रिबाउंड पर इशिका ने गोल कर दिया। भारत ने लगातार मौके बनाते हुए वेल्स को अपने ही हाफ में पीछे धकेलते हुए तीसरा क्वार्टर समाप्त किया। भारत चौथे और अंतिम क्वार्टर में भी गोल करने के लिए प्रयास करता रहा। दूसरी तरफ वेल्स को एक मौका मिला और एलोइस मोट (52वें मिनट) ने इसका फायदा उठाते हुए अपनी टीम के लिए एकमात्र गोल किया। भारत का अगला मुकाबला नौ दिसंबर को उरुग्वे से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम ओवरऑल सूची में नौवें स्थान के लिए, जबकि हारने वाली टीम 11वें स्थान के लिए मैच खेलेगी। (अनंत ज्ञान)

लियोन से कोई शिकायत नहीं बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए उन्हें बाहर किया: स्मिथ

एजेंसी, एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में नाथन लियोन को अंतिम एकादश से बाहर रखने पर उठे विवाद को शांत करने की कोशिश करते हुए कहा कि यह फैसला बल्लेबाजी क्रम को मजबूत करने के लिए लिया गया था और स्पिन गेंदबाजी के इस दिग्गज के खिलाफ कोई व्यक्तिगत शिकायत नहीं थी। यह पिछले 13 साल में पहला अवसर था जबकि लियोन को घरेलू टेस्ट मैच से बाहर किया गया। इस स्पिनर ने इसके बाद कहा था कि उनका मूड बेहद खराब है। ऑस्ट्रेलिया की चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा था कि लियोन को केवल इस मैच के लिए बाहर किया गया। उन्होंने एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इस 38 वर्षीय स्पिनर को अंतिम एकादश में जगह देने की गारंटी दी थी। स्मिथ ने मैच के बाद फॉक्स स्पोर्ट्स पर कहा कि लियोन को लेकर कुछ भी व्यक्तिगत शिकायत नहीं है। वह पिछले कई वर्षों से हमारे मुख्य स्पिनर रहे हैं, लेकिन बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए यह फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से हमारे पुछल्ले बल्लेबाज लगभग 50 ओवर तक टिके रहे, उससे हमें वह संतुलन मिला जिसकी हमें तलाश थी। ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को ब्रिस्बेन टेस्ट में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। (अनंत ज्ञान)

टी-20 वर्ल्ड से पहले आईसीसी के सामने बड़ी मुसीबत, जियो स्टार ने ब्रॉडकास्टिंग से खींचे अपने हाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप फरवरी 2026 में शुरू होने वाला है। इस वर्ल्ड कप के ब्रॉडकास्टिंग राइट जियो स्टार के पास है, लेकिन वर्ल्ड कप से ठीक दो महीने पहले ही जियो स्टार ने आईसीसी को सूचित किया कि वह अब टी-20 वर्ल्ड कप को ब्रॉडकास्ट नहीं करना चाहते हैं। आईसीसी और जियो स्टार का ब्रॉडकास्टिंग के लिए चार साल का कॉन्ट्रैक्ट था, जिसमें अभी भी दो साल बचे हैं, लेकिन कॉन्ट्रैक्ट की अवधि पूरी होने से पहले ही जियोस्टार पीछे हटना चाह रहा है।

भारी नुकसान है पीछे हटने की वजह

पिछले फाइनेंशियल ईयर में जियो स्टार को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। 2024 में स्टार नेटवर्क को 12319 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था, जो इस साल लगभग दोगुना होकर 25760 करोड़ तक पहुंच गया है। जियो स्टार के सामने अब एक और चुनौती यह भी है कि भारतीय सरकार ने बेटिंग एप्स पर बैन लगा दिया है। इन एप्स के विज्ञापन ही ब्रॉडकास्टर्स के लिए कमाई का प्रमुख स्रोत थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, ड्रीम 11 और माई 11 सर्कल जैसे ऐप के निकल जाने के कारण कमाई में लगभग 7000 करोड़ रुपए का अंतर आ सकता है।

नेटफ्लिक्स-प्राइम वीडियो ने नहीं दिखाई रुचि

जियो स्टार के नोटिस के बाद आइसीसी ने 2026-29 के साइकल के लिए 2.4 बिलियन डॉलर की मांग के साथ फिर से राइट्स को बेचने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए आइसीसी ने नेटफ्लिक्स, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया और अमेजन प्राइम वीडियो से संपर्क किया, लेकिन किसी ने भी इसमें रुचि नहीं दिखाई। इसकी वजह कीमत का ज्यादा होना बताया जा रहा है। 2024-27 के राइट्स आइसीसी ने 3 बिलियन डॉलर में बेचे थे। वर्ल्ड कप को अब मात्र दो महीने रह गए हैं और आइसीसी को ब्रॉडकास्टिंग के लिए चैनल नहीं मिल पा रहा है। (अनंत ज्ञान)

जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप: सेमीफाइनल में भारत 5-1 से हारा

जर्मनी फाइनल में, अब कल होगा अर्जेंटीना से ब्रॉन्ज मेडल के लिए मुकाबला

एजेंसी, नई दिल्ली

चेन्नई के मेयर आरआर स्टेडियम में रविवार को खेले गए मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में डिफेंसिंग चैंपियन जर्मनी ने भारत को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बना ली। मैच दुनिया की नंबर-1 और नंबर-2 जूनियर टीमों के बीच था, लेकिन खेल में जर्मनी ने शुरुआत से अंत तक बढ़त बनाए रखी। अब भारत 10 दिसंबर को ब्रॉन्ज मेडल के लिए अर्जेंटीना से भिड़ेगा। मैच की शुरुआत में भारत ने कुछ समय तक मजबूती दिखाई।

गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने शुरुआती मिनटों में तीन अहम सेव किए। 13वें मिनट में जर्मनी को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। ड्रैग फ्लिक भारतीय खिलाड़ी अंकित पाल से टकराने के बाद अंपायर ने पेनल्टी स्ट्रोक दिया, जिसे लुकास कोसेल ने गोल में बदलकर जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिलाई। सिर्फ 68 सेकंड बाद टाइटस वेक्स का शॉट भारतीय डिफेंडर सुनील पालक्षप्पा के पैर से लगकर गोल में चला गया और स्कोर 2-0 हो गया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही कोसेल ने एक और पेनल्टी कॉर्नर

को गोल में बदलकर बढ़त 3-0 कर दी। तीसरे क्वार्टर में जोनास वॉन गर्सम और बेन हासबाख ने दो और गोल दागे, जिसके बाद स्कोर 5-0 हो गया। चौथे क्वार्टर में लगभग 10 मिनट शेष रहते भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। अनमोल एक्का ने इसे गोल में बदलते हुए भारत के लिए एकमात्र गोल किया। मुकाबला भारत की 1-5 से हार के साथ समाप्त हुआ। (अनंत ज्ञान)

भारत 2016 के बाद फाइनल में नहीं पहुंचा

भारत ने जूनियर वर्ल्ड कप आखिरी बार 2016 में लखनऊ में जीता था। तब से टीम फाइनल तक नहीं पहुंच सकी है और जर्मनी से लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में हार झेलनी पड़ी है।

अभी भी पदक जीतने का एक मौका है, इसे गंवाना नहीं है: कोच श्रीजेश

एजेंसी, चेन्नई। सात बार की चैम्पियन जर्मनी के हाथों सेमीफाइनल में 1-5 से करारी हार के बाद नौ साल बाद जूनियर विश्व कप जीतने का सपना टूटने के बावजूद भारतीय टीम के मुख्य कोच पीआर श्रीजेश ने कहा कि अभी भी टीम के पास पदक जीतने का एक मौका है और इसे गंवाना नहीं है। भारतीय टीम अब दस दिसंबर को कांस्य पदक के मुकाबले में अर्जेंटीना से खेलेगी जबकि फाइनल में स्पेन की टक्कर जर्मनी से होगी। श्रीजेश ने कहा कि यह दिन खराब नहीं था, लेकिन टीम अच्छा नहीं खेल सकी। हमारी जो अपेक्षाएं थी, हम उस स्तर पर खेल नहीं पाए। जब आप जूनियर विश्व कप जैसे बड़े टूर्नामेंट का सेमीफाइनल खेल रहे हैं, तो आसान मौके नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि हमें काफी मौके मिले, लेकिन हम भुना नहीं सके।

विश्व कप से पहले टी-20 टीम में बड़े बदलाव की उम्मीद नहीं: सलमान अली

एजेंसी, कराची। पाकिस्तान की टी-20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल के शुरू में होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए अपनी टीम में किसी भी बड़े बदलाव से इनकार किया और कहा कि पिछले कुछ महीनों में खिलाड़ियों को उनकी विशिष्ट भूमिकाएं सौंपे जाने के बाद टीम में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पाकिस्तान ने इस वर्ष एशिया कप के फाइनल में भारत से मिली हार के बाद बड़े बदलाव करते हुए अब्दुल समद, बाबर आजम, उस्मान खान और नसीम शाह को टीम में शामिल किया था। पाकिस्तान ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में हराया और फिर पिछले महीने जिम्बाब्वे और श्रीलंका के साथ खेली गई त्रिकोणीय श्रृंखला जीती। सलमान ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट पर कहा कि मुझे विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टी-20 टीम में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आता है। (अनंत ज्ञान)